धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
18.10.2024
** नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 97 | 12




हमास चीफ सिनवार मारा गया

## न्यूज डायरी

### टीम इंडिया 46 रन पर ढेर, सबसे छोटा स्कोर

**नयी दिल्ली।** बेंगलुरु में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट की पहली पारी में टीम इंडिया 46 के स्कोर पर ढेर हो गयी। यह घरेलू मैदान पर अब तक का भारत का सबसे छोटा स्कोर है। विराट कोहली समेत पांच बैटर खाता भी नहीं खोल सके। मैट हेनरी ने लाइन और लेंथ पर बेहतरीन नियंत्रण दिखाया और 15 रन देकर 5 विकेट चटकाये।

### जस्टिस खन्ना होंगे अगले सीजेआइ

**नयी दिल्ली।** जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले चीफ जस्टिस होंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को वो रिटायर हो जायेंगे। उन्होंने अपने उत्तराधिकारी की सिफारिश कर दी है। केंद्र सरकार को पत्र लिखकर जस्टिस खन्ना के नाम का प्रस्ताव रखा है। अगर केंद्र सरकार सीजेआइ चंद्रचूड़ की सिफारिश को स्वीकार कर लेती है, तो जस्टिस खन्ना भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे।

### प्रेम प्रसंग में बाधक पुत्र को मार डाला, गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने सकेंद्र साव हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सकेंद्र साव के पिता सरेश साव और उसकी प्रेमिका व गांव की महिला बेबी देवी के रूप में हुई है। सदर एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी पिता सरेश साव और बेबी देवी का अवैध संबंध था, जिसका सकेंद्र साव हमेशा विरोध करता था। उसी से नाराज होकर बेबी देवी के कहने पर कलयुगी बाप ने अपने बेटे की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी।

### राजद से रश्मि प्रकाश 23 को भरेंगी पर्चा

**चतरा।** राजद नेत्री रश्मि प्रकाश 23 अक्टूबर को चतरा सीट से नामांकन करेगी। कार्यकर्ता तैयारी में जुट गये हैं। रश्मि प्रकाश राज्य के श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू हैं। वे पहली बार चतरा विधानसभा से भाग्य आजमाएंगी। उन्होंने कहा कि महा गठबंधन के सभी नेताओं का उन्हें समर्थन प्राप्त है और वे महागठबंधन से पार्टी प्रत्याशी होंगी।

### हेमा मालिनी को देखने रांची में उमड़ी भारी भीड़

**रांची।** भाजपा सांसद और बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी और बेटी ईशा देओल गुरुवार को रांची पहुंचीं। दोनों रांची में एक ज्वेलरी शोरूम के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। दौरान इन दोनों मां-बेटी को देखने के लिए फैंस की भारी भीड़ जुट गयी। वे उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आई। यह पहली बार है जब हेमा मालिनी और ईशा देओल एक साथ रांची आयीं हैं।

झारखंड महासंग्राम

# 43 सीटों पर आज से नामांकन

## अधिसूचना जारी, 11 से तीन बजे तक नामांकन : के रवि कुमार, प्रत्याशियों को शपथपत्र के रूप में भरने होंगे फार्म 26

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के रवि कुमार ने कहा है कि 18 अक्टूबर से प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। नामांकन दिन के 11 बजे से तीन बजे तक होगा। अवकाश के दिन नामांकन नहीं होगा। यह बातें उन्होंने गुरुवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान नामांकन स्थल के 100 मीटर की परिधि के भीतर सिर्फ तीन गाड़ियों के प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी के साथ सिर्फ चार लोग नामांकन कक्ष में जा सकेंगे। प्रत्याशी के नामांकन के लिए 10 लोगों का प्रपोजल अनिवार्य होगा।

### दस हजार जमानत राशि

सीइओ ने बताया कि सामान्य प्रत्याशी को 10 हजार रुपये बतौर जमानत राशि जमा करानी होगी। वहीं अनुसूचित जाति /जनजाति के लिए यह राशि पांच हजार रुपये होगी। शपथपत्र के रूप में हर प्रत्याशी को फार्म 26 को स्पष्ट रूप से पूरा भरना होगा। प्रत्याशियों को अपने आपराधिक मामलों से जुड़ी जानकारी कम से कम तीन समाचार पत्रों में विज्ञापित करानी होगी। उसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भी प्रदर्शित करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी चुनाव खर्च के ब्योरा के लिए अलग से बैंक अकाउंट खुलवा लें।

**झारखंड में दो चरणों में चुनाव :** झारखंड की कुल 81 विधानसभा सीटों पर इस बार दो चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को है। 23 नवंबर को मतगणना है। पहले चरण में 43 सीटों पर और दूसरे चरण में शेष 38 सीटों पर मतदान होंगे।

**पहले चरण में 43 सीटों पर नामांकन :** पहले चरण में कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया (एससी), चतरा (एससी), बहरागोड़ा, घाटशिला (एसटी), पोटका (एसटी), जुगसलाई (एससी), जमशेदपुर पूर्व, जमशेदपुर पश्चिमम, ईचागढ़, सरायकेला (एसटी), चाईबासा (एसटी), मझगांव (एसटी), जगन्नाथपुर (अजजा।), मनोहरपुर (एसटी), चक्रधरपुर (एसटी), खरसावां (एसटी), तमाड़ (अजजा), तोरपा (अजजा), खूंटी (एसटी), रांची, हटिया, कांके (एससी), मंदार (एसटी), सिसई (एसटी), गुमला (एसटी), बिशुनपुर (एसटी), सिमडेगा (एसटी), कोलेबिरा (एसटी), लोहरदगा (एसटी), मनिका (एसटी), लातेहार (एससी), पांकी, डाल्टनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर (एससी), हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर में वोट डाले जायेंगे।



### पहले चरण की तैयारी

नामांकन -18 से 25 अक्टूबर तक, 11.30 से 3 बजे तक। नामांकन पत्रों की जांच - 28 अक्टूबर को। नाम वापसी -30 अक्टूबर तक। चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।



### ऑनलाइन सुविधा भी

सीइओ ने बताया कि नॉमिनेशन की प्रक्रिया इस बार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से पूरी की जा सकती है। ऑनलाइन नॉमिनेशन, सुविधा ऐप के जरिये भरे जायेंगे।

### 33 पर्यवेक्षक नियुक्त

चुनाव आयोग ने चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए 33 पर्यवेक्षकों को प्रतिनियुक्त किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त इन पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव खर्च की निगरानी की जायेगी।

### दूसरे चरण में यहां होगा मतदान

वहीं दूसरे चरण में राजमहल, बोरियो (एसटी), बरहेट (एसटी), लिप्तीपाड़ा (एसटी), पाकुड़, महेशपुर (एसटी), सिकारीपाड़ा (एसटी), नाला, जामताड़ा, दुमका (एसटी), जामा (एसटी), जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर (एससी), पोरेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ (एससी), गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी (एससी), सिंदरी और निरसा विधानसभा के लिए वोट डाले जायेंगे।

**सुरक्षा प्रबंध :** प्रत्येक जिला में नामांकन स्थल के 200 मीटर की परिधि में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये गये हैं। मजिस्ट्रेट की नियुक्ति के साथ भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

## एनडीए की सूची शीघ्र जारी होगी : मरांडी



झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सभी को चुनाव में लड़ने वाली पार्टियों के प्रत्याशियों के नाम का इंतजार है। ऐसे में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र हो जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने झारखंड के राजनीतिक हालात व प्रत्याशियों के बारे में केंद्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया है। बाबूलाल ने कहा कि एनडीए में सीट शेयरिंग पर केंद्रीय नेतृत्व को निर्णय लेना है। सहयोगी दलों के साथ बातचीत हो गयी है। कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर मरांडी ने कहा कि जब कभी वे पार्टी में शामिल होंगे, तो इसकी जानकारी दी जायेगी। सूत्रों के मुताबिक लगभग 55-56 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा दी है। भाजपा झारखंड में एनडीए में गठबंधन में आजसू को 9-10 सीटें देने के पक्ष में है। वहीं आजसू पार्टी 11 सीटें चाहती हैं। जदयू को भाजपा ने 2 सीट का ऑफर किया है, पर वह 3 सीट चाहती है। दूसरी तरफ, एलजेपी (रामविलास) को एक सीट का ऑफर मिला है, जबकि चिराग पासवान भी 2 सीटें चाहते हैं।

## इंडिया का सीट शेयरिंग तय, इनका टिक्ट फिक्स

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए झामुमो, कांग्रेस और राजद के बीच सीट शेयरिंग फाइनल हो गया है। हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन, रवींद्रनाथ महतो, मिथलेश ठाकुर जैसे कुछ नेताओं के नाम भी फाइनल हैं। महागठबंधन ने प्रत्याशियों का एलान नहीं किया है, पर झामुमो, कांग्रेस, राजद और सीपीआई एमएल में सीट शेयरिंग पर बात तय हो गयी है। जल्द ही इसका एलान कर दिया जायेगा। सीटों के बंटवारे को लेकर सीएम हेमंत सोरेन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात कर चुके है।

**पिछली बार किसी मिली थी कितनी सीट :** विधानसभा चुनाव 2019 में झामुमो सबसे अधिक 43 सीट इसके बाद कांग्रेस को 31 सीट और राजद को 7 सीट मिली थी। सबसे अच्छा प्रदर्शन झामुमो ने किया और 43 में से 30 सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस 31 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज की जबकि राजद सिर्फ एक सीट मिली थी।

**इस बार किसे मिल सकती है कितनी सीट :** इंडिया गठबंधन में अभी तक आधिकारिक तौर पर सीटों के बंटवारे पर बयान नहीं आया है। चर्चा ये है कि इस बार झामुमो को 43 से 45 सीट मिल सकती है। कांग्रेस को 28 से 30 राजद को 5 से 6 और माले को 3 से 4 सीट मिल सकती है।

**सीइसी की बैठक के बाद प्रत्याशियों की घोषणा : मीर :** कांग्रेस पार्टी अपने प्रत्याशियों की सूची फाइनल करने में जुट गयी है। ऐसी संभवाना है कि उम्मीदवारों की पहली सूची सीइसी की बैठक के बाद होगी। 19 अक्टूबर को राहुल गांधी रांची आ रहे हैं। वे संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल होंगे।

### झामुमो के इन नेताओं का टिकट फिक्स

चर्चा है कि झामुमो की तरफ से 16 उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर दिये गये हैं। इनमें बरहेट से हेमंत सोरेन, गांडेय से कल्पना सोरेन, दुमका से बसंत सोरेन, नाला से रबींद्रनाथ महतो, मधुपुर से हफीजुल हसन, चाईबासा से दीपक बिरुआ, गढ़वा से मिथिलेश ठाकुर, टुंडी से मथुरा महतो, गिरिडीह से सुदिव्य कुमार सोनू, सरायकेला से गणेश महली, मझगांव से निरल पूर्ति, गुमला से भूषण तिर्की, सिसई से झिग्गा सुसारण, सिमरिया से मनोज चंद्रा, चंदनकियारी से उमाकांत रजक, तमाड़ से विकास मुंडा और लातेहार से बैद्यनाथ राम शामिल हैं।

### मैं अभी कांग्रेस में हूं : अजय नाथ



कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव भाजपा में जाने के सवाल पर कहते हैं कि वह कांग्रेस में हैं और हटिया से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उम्मीदवारी पर पार्टी को फैसला लेना है। मैं एक सामान्य कार्यकर्ता हूं. पार्टी का जो निर्देश होगा उसका पालन करूंगा। भाजपा में जाने को लेकर मेरे बारे में बहुत तरह की बातें फैलायी जा रही हैं। इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

## दुनिया को युद्ध में नहीं, बुद्ध में मिलेगा समाधान : मोदी

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है। श्री मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। उन्होंने कहा, मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए...युद्ध को दूर करिए...शांति का पथ प्रशस्त करिए...क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं। अर्थात शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से ग्रसित लोगों ने ऐसा किया।

### चीफ मिनिस्ट्रर काउंसिल मीटिंग में विकास कार्यो पर चर्चा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सीएम नायब सैनी के शपथ समारोह के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में एनडीए चीफ मिनिस्ट्रर काउंसिल की मीटिंग में विकास के मुद्दे पर चर्चा की गयी। चंडीगढ़ के ललित होटल में हुई बैठक में 18 राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम मौजूद थे।

## आलम ने की थी 56 करोड़ रु. की मनी लॉन्ड्रिंग : इडी

### पीएमएलए कोर्ट में प्रस्तुत किया साक्ष्य



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टेंडर घोटाले में कमीशन से ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने 56 करोड़ रुपये की काली कमाई की थी। इस घोटाले की जांच कर रही ईडी ने अनुसंधान में मिले इन तथ्यों से पीएमएलए कोर्ट को अवगत कराया है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि इस 56 करोड़ रुपये में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने 35 करोड़ रुपये अपने अपने निजी सचिव संजीव कुमार लाल के माध्यम से कमीशन के रूप में लिया था। तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम के लिए संजीव कुमार लाल मुख्य अभियंता, अभियंताओं से कमीशन की राशि वसूलते थे और मंत्री को उनका शेयर पहुंचाते थे। ईडी ने दावा किया है कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने अपने निजी सचिव संजीव के माध्यम से 35 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में लिए। इस घोटाले में कई कोड वर्ड का इस्तेमाल किया गया जैसे टीयू यूएम एसपीएल एलओ जेएसआरडी आरआइएन साह और अपना। ईडी के खुलासे के बाद अब आलमगीर आलम की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

## मुंबई जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे असम में पटरी से उतरे



**हाफलोंग (असम)।** मुंबई जा रही लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस (12520) के आठ डिब्बे और इंजन गुरुवार को दोपहर असम के दीमा हसाओ जिले के हाफलोंग में पटरी से उतर गये। अबतक की खबरों के अनुसार किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन त्रिपुरा के अगरतला से रवाना हुई थी। इसी दौरान डिबालोंग नामक छोटे स्टेशन पर बी1 से बी7 तक की आठ बोगियां पटरी से उतर गयी। एनएफआर ने बचाव और बहाली कार्य की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लुमडिंग से दुर्घटना राहत चिकित्सा ट्रेन भी घटनास्थल पर पहुंच गयी है। अधिकारियों ने बताया कि लुमडिंग-बदरपुर सिंगल लाइन हिल सेक्शन पर सेवाएं निलंबित कर दी गयी हैं। कई ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है और कुछ को बीच में ही रोक दिया गया है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72300 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96000 | रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# झारखंड विधानसभा चुनाव : दलों का दलदल

## जान बूझकर प्रत्याशियों की घोषणा में देरी कर रही है पार्टियां

### सूची जारी होते ही इंडिया और एनडीए में मचेगी भगदड़

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के लिए पहले फेज का नॉमिनेशन शुक्रवार से शुरू हो जायेगा। अब तक इंडिया या एनडीए गठबंधन की ओर से पहले फेज की सभी 43 सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गयी है। अंदरखाने से जो सूचनाएं मिल रही है, उससे यही साबित होता है कि दोनों ही घटक दल जान बूझकर प्रत्याशियों की घोषणा में देरी कर रही है। ऐसा करने के पीछे दलों के बीच के दलदल को रोकना है। प्रत्याशियों को भागने से रोकना है। सूत्रों का कहना है कि प्रत्याशियों के घोषणा होते ही दोनों ही घटक दलों के बीच भगदड़ मचेगी। दोनों दलों के कई महत्वाकांक्षी नेता टिकट की आस लिये बीते 5 बर्षों से पार्टी का झंडा ढो रहे हैं। वैसे नेता अब और 5 साल इंतजार करने के मूड में नहीं हैं। उनका कहना है कि एनडीए से टिकट नहीं मिलेगा तो क्या हुआ इंडिया गठबंधन से तो ले ही लेंगे।



**जेएलकेएम ने जारी किये 25 प्रत्याशियों के नाम :** वहीं दूसरी ओर राज्य की छोटी-छोटी पार्टियां अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर इंडिया और एनडीए के सामने चुनौती खड़े कर दिये हैं। टीएमसी ने झारखंड में 7 और जयराम की पार्टी जेएलकेएम ने 25 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सभी पाटियों के कान खड़े कर दिये हैं।

सीट फाईनल होते ही आजसू और जदयू की ओर से भी प्रत्याशियों की सूची कर दी जायेगी। परंतु बड़ी पार्टियां भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के सामने दल-बदलूओं को रोकने की बड़ी चुनौती होगी। (शेष पेज 11 पर)

### पहले फेज में 37 में से 20 रिजर्व सीटों पर चुनाव

झारखंड की कुल 81 विधानसभा सीटों में 28 एसटी और 9 सीटें एससी के लिए रिजर्व हैं। पहले फेज में ज्यादातर रिजर्व सीटों पर चुनाव हो जाएगा। इनमें 20 एसटी ( घाटशिला, पोटका, सरायकेला, चाईबासा, मंझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा और मनिका ) सीटें और 06 एससी (सिमरिया, चतरा, जुगसलाई, कांके, लातेहार, छत्तरपुर ) सीटें हैं। पहले फेज में एसटी की 20 में से 18 सीटों पर इंडिया ब्लॉक और सिर्फ 02 सीटों पर एनडीए काबिज है। इस फेज की 06 एससी सीटों में दोनों गठबंधन का 3-3 सीटों पर कब्जा है।

## संवैधानिक है नागरिकता अधिनियम : सुप्रीम कोर्ट

### चार जजों की बेंच ने 4:1 के बहुमत से सुनाया फैसला


**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, जिसे 15 अगस्त, 1985 को असम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद शामिल किया गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने 4:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया। पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। जस्टिस पारदीवाला ने धारा 6ए पर असहमति जताई और अलग फैसला लिखा। इसके तहत 1 जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच असम में प्रवेश करने वाले अवैध अप्रवासियों को नागरिकता का लाभ दिया गया था। इनमें से अधिकतर बांग्लादेश से थे। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने अल्पमत का अपना फैसला सुनाते हुए असहमति जतायी और नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए को असंवैधानिक करार दिया। (शेष पेज 11 पर)

# सीईसी की बैठक के बाद होगी कांग्रेस प्रत्याशियों के नामों की घोषणा : मीर

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस पार्टी अपने प्रत्याशियों की सूची फाइनल करने में जुट गयी है। इसके बावजूद ऐसी संभवाना है कि कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने में देरी हो सकती है। दरअसल, 19 अक्टूबर को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी रांची आ रहे हैं। वे रांची के शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल होंगे। संविधान सम्मान सम्मेलन के बाद ही एआईसीसी द्वारा तय तिथि पर सीईसी की बैठक होगी और उसके बाद उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

**19 अक्टूबर के बाद होगी सीईसी की बैठक :** रांची पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति सीईसी की बैठक 19 अक्टूबर के बाद ही होगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने इंडिया ब्लॉक के दलों के बीच गठबंधन के भीतर सीट शेयरिंग के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करने की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले से ही गठबंधन की सरकार चल रही है। सीट शेयरिंग में ज्यादा दिक्कत नहीं होने वाली है। सीट शेयरिंग में थोड़ा बदलाव होने की संभावना जरूर है, जिसे सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठकर तय किया जाएगा।

**महागठबंधन को मिलेगा जनता का आशीर्वाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि राज्य में इंडिया ब्लॉक की सरकार ने काफी काम किया है। महागठबंधन अपने काम के आधार पर चुनाव में जनता के बीच जाएगा और पूरा विश्वास है कि जनता का आशीर्वाद महागठबंधन को मिलेगा।

19 अक्टूबर को राहुल गांधी के रांची दौरे के बारे में कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि वे एसटी/एससी/ओबीसी के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। यह कोई राजनीतिक दौरा नहीं बल्कि सामाजिक कार्यक्रम है और इसकी योजना पहले से बनाई गई है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि संविधान सम्मान सम्मेलन में समाज के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शामिल होंगे।

**प्रदेश प्रभारी का किया गया स्वागत ;** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार रांची पहुंचने पर गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उनका स्वागत करने एयरपोर्ट पहुंचने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जगदीश साहू, किशोरनाथ शाहदेव, आलोक दुबे, शहजादा अनवर समेत कई नेता शामिल थे।

## प्रत्याशियों के नाम से पहले कांग्रेस का घोषणापत्र होगा जारी : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपना मेनिफेस्टो भी तैयार करने में जुटी हुई है। झारखंड कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों और झारखंडी मानस के हितों को ध्यान में रखते हुए घोषणापत्र तैयार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक में राज्य भर से प्राप्त सुझावों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें सिख समुदाय से लेकर बंगाली समुदाय को न्याय दिलाने का मुद्दा भी शामिल रहा।



बैठक के बाद मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस अपना चुनावी घोषणापत्र रियलिटी यानी वास्तविकता पर आधारित रखेगी। बंधु तिर्की ने कहा कि घोषणापत्र में उन्हीं वादों को शामिल किया गया है, जिन्हें कांग्रेस पूरा कर सकती है। घोषणापत्र को लेकर जिला और प्रमंडल स्तर पर चौपाल आयोजित कर जनता की राय ली गई है। बंधु तिर्की ने कहा कि घोषणापत्र जारी करने से पहले इसका प्रारूप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य सहयोगी दलों के साथ भी साझा किया जाएगा, ताकि सभी सहयोगी दलों में सामंजस्य बना रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड कांग्रेस द्वारा तैयार घोषणापत्र कांग्रेस घोषणापत्र समिति के राष्ट्रीय समन्वयक टी एस सिंहदेव को सौंपा जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा से पहले चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया जाएगा।

## मनरेगा कर्मियों को हड़ताल अवधि का मानदेय भुगतान करने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने मनरेगा अंतर्गत संविदा पर कार्यरत सभी क्षेत्रीय मनरेगा कर्मियों के हड़ताल अवधि के मानदेय का भुगतान करने का निर्देश सभी उपायुक्त और उप विकास आयुक्तों को दिया है। यह आदेश 15 अक्टूबर को ही दिया गया है।

मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने कहा है कि दिनांक 8 अक्टूबर को ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और मनरेगा कर्मचारी संघ के बीच बनी सहमति के आधार पर सभी मनरेगा कर्मियों के हड़ताल अवधि का मानदेय बकाया का भुगतान करना अधिकारी सुनिि्चत करें। बता दें की झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले लगभग 5000 से अधिक मनरेगा कर्मचारी जिनमें रोजगार सेवक, बीपीओ, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता इत्यादि 18 जुलाई से सांकेतिक हड़ताल पर थे और दिनांक 22 जुलाई से अनिि्चतकालीन हड़ताल पर चले गए थे। सेवा नियमितीकरण, ग्रेड पे देने, मासिक मानदेय बढ़ोतरी सहित कई मांग उनकी थी। 79 दिनों के अनिि्चतकालीन हड़ताल के बाद 8 अक्टूबर को ग्रामीण विकास मंत्री के साथ हड़ताल तोड़ने पर सहमति बनी। इस सहमति में मनरेगा कर्मियों के 30 प्रतिशत मासिक मानदेय में बढ़ोतरी करने 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 20 लाख का सामाजिक सुरक्षा बीमा देने का निर्णय हुआ था। हालांकि अभी तक इस पर कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। लेकिन उक्त समझौते में यह भी तय हुआ था की हड़ताल अवधि का मानदेय का भुगतान किया जाएगा और और इसे उनके अवकाश और अतिरिक्त कार्य दिवस में समायोजित किया जाएगा।

## मतदान केंद्रों पर जाने में अक्षम वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं का 12 डी फॉर्म अवश्य भरवायें : सीईओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

### सीईओ ने की सभी जिले के पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन में सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों एवं निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराना सुनिि्चत कराया जाना है। इसके लिए सभी आवश्यक सेवाओं के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए सूची मंगवा लें। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिले के पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान केंद्र तक जाने में अक्षम 85 वर्ष से अधिक अथवा दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान के लिए फॉर्म 12डी उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही पोस्टल बैलेट के फॉर्म का आवंटन संबंधित मतदाताओं तक कराने का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा निर्देश है। इसका अनुपालन करते हुए ससमय सभी संबंधितों तक इसकी उपलब्धता सुनिि्चत करायें। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने सभी जिलों के पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि गुरुवार को ही देर शाम तक पोस्टल बैलेट संबंधी सभी औपचारिकताओं को पूरा कर रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अहर्ता रखने वाले कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह सके। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे और पोस्टल बैलेट प्रभाग के सभी अधिकारी भी उपस्थित थे।

## झारखंड की 22 सीटों पर चुनाव लड़ेगा राजद

खबर मन्त्र ब्यूरो

### राजद संसदीय बोर्ड की बैठक में हुआ निर्णय

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल संसदीय बोर्ड की बैठक संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री सुरेश पासवान की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रदेश राजद कार्यालय में हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड में हो रहे विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल 22 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह भी निर्णय लिया गया कि सीटों के साथ प्रत्याशियों का चयन राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय ही सर्वमान्य होगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, संसदीय बोर्ड के सदस्य और झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ मनोज कुमार, अनीता यादव, रंजन यादव, रानी कुमारी, विक्रम यादव, चंद्रिका यादव, राजकुमार यादव सहित अन्य नेता शामिल थे।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रांची के अतिरिक्त भवन का डीपीआर एक माह में करें पूरा : हाई कोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के अतिरिक्त भवन का डीपीआर बनाने की प्रक्रिया एक माह में पूरा करें। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में सोलर पैनल लगाने के लिए राज्य सरकार ने फंड की स्वीकृति राज्य सरकार ने दे दी है। ऐसे में जरेडा नेशनल यूनिवर्सिटी में जल्द सोलर पैनल लगाकर 45 दिनों के भीतर कोर्ट को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट की खंडपीठ को बताया गया था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के अतिरिक्त भवन का डीपीआर बनाने में दो माह का समय लगेगा, इसलिए समय प्रदान किया जाए। जिस पर खंडपीठ ने कहा कि यह अवधि अब पूरी हो चुकी है ऐसे में राज्य सरकार एक माह के भीतर डीपीआर की प्रक्रिया पूरी कर ले। दरअसल, मामले में पूर्व की सुनवाई में झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने हाई कोर्ट को बताया है कि कांके स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन के डीपीआर निर्माण में दो माह का समय लगेगा। कॉरपोरेशन पैसा मिलने पर दो माह में इसका डीपीआर बनाकर राज्य सरकार को सौप सकती है। इसके बाद सीएसआर के तहत सीसीएल, सेल आदि के फंडिंग से लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा सकेगा। प्रार्थी की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने गुरुवार को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी कांके को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। पूर्व में झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन ने कोर्ट को बताया था कि वह किसी भी भवन का डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट का कुल लागत का 10 प्रतिशत राशि चार्ज लेता है। बता दें कि बार एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है।

## खबर एक नजर में

### प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक आज उम्मीदवारों पर हो सकता है फैसला

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में होगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी मजबूत नींव के साथ तैयारी प्रारंभ कर चुकी है और जीत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए शुक्रवार को प्रदेश के विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार चयन हेतु चुनाव समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बुलाई गई है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलाका, सीरीबेला प्रसाद, स्क्रीनिंग समिति के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर, प्रकाश जोशी, पूनम पासवान, वरीय पर्यवेक्षक सांसद तारीक अनवर, अधीर रंजन चौधरी, भप्ती विक्रमार्का मल्लू, वरीय कोऑर्डिनेटर बीके हरिप्रसाद, मोहन मारकम सहित चुनाव समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। बैठक में सभी विधानसभा से प्राप्त आवेदनों के आधार पर उम्मीदवारों की समीक्षा कर सभी सदस्यों का मंतव्य लेकर सूची बनाई जाएगी। इसके प॰ात शीर्ष नेतृत्व की सहमति हेतु प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

### रबीन्द्रनाथ महतो के खिलाफ चुनाव याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

रांची। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबींद्रनाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। जिसके बाद हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार दुबे ने पैरवी की। वहीं विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अधिवक्ता अरविंद लाल एवं अनिल कुमार ने पैरवी की। इस मामले में प्रार्थी की ओर से तीन लोगों की गवाही कराई गई है, वहीं प्रतिवादी रबींद्रनाथ महतो सहित उनकी ओर से कुल 12 गवाहों की गवाही हुई। यहां बता दें कि, प्रार्थी ने चुनाव याचिका में कहा है कि रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव के दौरान एक पेंपलेट छपवाया था जिसमें उनके खिलाफ चुनाव में दुष्प्रचार किया गया, जिससे उनका जनाधार खत्म हुआ है। इसलिए रबींद्रनाथ महतो का निर्वाचन रद्द किया जाए।

### हटिया विस से निपु सिंह करेंगे 22 को नामांकन

रांची। राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी निपु सिंह 22 अक्टूर को राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के सिंबल पर हटिया विधानसभा सीट के लिए नॉमिनेशन करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि वह मंगलवार की सुबह 11 बजे नामांकन दाखिल करने डीसी ऑफिस जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पताल और प्राइवेट स्कूल के लूट से तबाह होकर एवं नशा, अपराध और भ्रष्टाचार से तंग आकर और महिलाओं, युवाओं और सहारा इंडिया का निवेशकों के कहने पर मैं चुनाव मैदान में उतर रहा हूं। नामांकन के दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानुज सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे ।

### कला महोत्सव में सभी लोग सपरिवार आये : के रवि

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव से जुड़ा दो दिवसीय कला महोत्सव शुक्रवार से जयपाल सिंह स्टेडियम में शुरू हो रहा है। उसका उद्घाटन शुक्रवार को दिन के 11 बजे होगा। महोत्सव में 81 नामचीन कलाकार झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार पर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं को आमंत्रित करते हुए सपरिवार आने की अपील की।

**अब तक जब्त किये गये 37 लाख के अवैध सामान और नकदी :** उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 37 लाख रुपये के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार और उप निदेशक जनसंपर्क आनन्द मौजूद थे।

### मंईयां सम्मान योजना बनी अपमान योजना : मरांडी



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना मंईयां अपमान योजना बन गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल से महिलाओं को सिर्फ ठगने वाले हेमंत सोरेन ने चुनाव नजदीक आते देख दिखावे की राजनीति के चलते मंईयां सम्मान योजना चालू तो की। लेकिन, मंईयां अपमान योजना बनकर सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आये दिन मंईयां सम्मान योजना के नाम पर चल रही ठगी का खुलासा हो रहा है। कभी फॉर्म के नाम पर पैसा लिया जा रहा है, तो कभी लिस्ट में नाम चढ़ाने के नाम पर, तो कभी खाते में पैसा भेजने के लिये भी पैसे लिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों का अपमान करना झामुमो-कांग्रेस की पुरानी परम्परा रही है। इसी को आगे बढ़ाते हुये हेमंत सरकार हर वह कदम उठा रही है। इससे महिलाओं का अपमान किया जा सके। माताओं-बहनों को ठगा जा सके। उनके मान सम्मान अभिमान पर ठेस पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि अब परिवर्तन की बेला आ गई है। प्रदेश की माताओं-बहनों ने बेईमान इरादों को बखूबी जान लिया है। माताओं बहनों के नाम पर योजनाएं चलाकर पैसे वसूलने के आपके इरादों को भी जनता ने समझ लिया है। इसका परिणाम आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा।

## झारखंड की राजनीति में चौंकाने वाले पांच साल

# राजनीति का सिकंदर बन कर उभरे हेमंत

### मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी सहित चंपई सहित अन्य का हुआ दल बदल

उदय चौहान



रांची। झारखंड की राजनीति पिछले पांच सालों में काफी बदल गयी है। वर्ष 2019 में बहुमत के साथ सत्तारूढ़ होने वाले हेमंत सोरेन को भ्रष्टाचार के मामले में जेल तक जाना पड़ा। पांच महीने बाद जब जेल से छूटे हेमंत सोरेन तो फिर से सीएम की कुर्सी पर कब्जा जमाया। इन पांच सालों में हेमंत सोरेन राजनीति का सिकंदर बन कर उभरे हैं। लेकिन, हेमंत सोरेन के दोबारा सीएम बनते ही झामुमो के टाइगर कहे जाने वाले पांच माह के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने दल-बदल कर भाजपा का चोला पहन लिया। इससे कोल्हान क्षेत्र में झामुमो को बड़ा झटका लगा है। इसकी भरपायी शायद निकट भविष्य में झामुमो के लिये संभव नहीं हो सकता है।

इधर, चुनाव आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। वहां 81 विधानसभा सीटों पर 2 चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। जबकि मतगणना 23 नवंबर को ही होगी।वर्तमान में वहां झामुमो के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार है। राज्य में इस बार 2.6 करोड़ मतदाता होंगे। इनमें 1.31 करोड़ पुरुष और 1.29 करोड़ महिलायें होंगी। 11.84 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। राज्य में कुल 29,562 मतदान केंद्र बनाये जायेंगे।

पिछले चुनाव में भाजपा बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई, झामुमो को सबसे ज्यादा 30 सीटें मिली । इसी तरह भाजपा को 25, कांग्रेस को 16, झारखंड विकास मोर्चा को 3 और आजसू को 2 सीटें मिली थीं। शेष 5 सीटें निर्दलीय एवं अन्य दलों को मिले थे। सत्तारूढ़ महागठबंधन को शुरू में बाबूलाल मरांडी ने भी समर्थन दिया था। अब, बाबूलाल मरांडी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। तात्पर्य यह कि प्रमुख विपक्षी दल के मुखिया हैं बाबूलाल मरांडी। महागठबंधन सरकार बनने के महज 2 महीने बाद यानी फरवरी 2020 में झारखंड के पहले मुख्यमंत्री मरांडी घर वापसी करते हुये भाजपा में शामिल हो गये। इसी समय विधायक प्रदीप यादव और बंधु तीर्की भी कांग्रेस में शामिल हो गये। साल 2022 में चुनाव आयोग ने झारखंड के तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस को एक याचिका पर राय भेजते हुये मुख्यमंत्री हेमंत को खुद को एक खनन पप्ता जारी करने के मामले में अयोग्य ठहराने की मांग की। लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद बाद जांच चलती रही और 31 जनवरी 2024 को भूमि घोटाले के आरोपों के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन उससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद शिबु सोरेन के करीबी चंपई सोरेन झामुमो विधायक दल के नेता चुने गये और 2 फरवरी 2024 को उन्होंने मुख्यमंत्री की शपथ ले ली। चंपई शिबू सोरेनऔर हेमंत सोरेन के बाद मुख्यमंत्री बनने वाले झामुमो के तीसरे नेता बने थे। चंपई के मुख्यमंत्री बनने के 5 महीने बाद 28 जून को झारखंड हाई कोर्ट ने 8.36 एकड़ जमीन के अवैध कब्जे के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत को जमानत दे दी।इसके बाद फिर झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन की कवायद शुरू हो गई। पार्टी ने तय किया हेमंत फिर से राज्य की कमान संभालेंगे। इस बीच 3 जुलाई को चंपई ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और 4 जुलाई को हेमंत ने फिर से राज्य की सत्ता संभाल ली।

### पांच साल में सात सीटों पर हुये उपचुनाव

राज्य में पिछले 5 साल में 7 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हुये। इनमें सबसे पहले नवंबर 2020 में बेरमो और दुमका सीट पर उपचुनाव हुये। इसमें सत्ताधारी दलों ने ही जीत हासिल की थी।इसके बाद मई 2021 में मधुपुर में झामुमो, जून 2022 में मांडर में कांग्रेस और मार्च 2023 में रामगढ़ सीट पर आजसू उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। इसी तरह सितंबर 2023 में डुमरी और जून 2024 में गांडेय सीट के उपचुनाव को भी झामुमो ने जीता। बहरहाल, विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़ा झारखंड में नयी राजनीतिक समीकरण बनने लगा है।

### चंपई ने की बगावत थामा भाजपा का दामन



हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपई ने बगावत कर दी। 18 अगस्त को उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये झामुमो से अलग होने का ऐलान कर दिया। उन्होंने पोस्ट में पार्टी नेतृत्व पर उन्हें अमानित करने का आरोप लगाया। इसके बाद 26 अगस्त को उन्होंने दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की और 28 अगस्त को झामुमो से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 30 अगस्त को वह भाजपा में शामिल हो गये। इसके पहले शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने लोकसभा चुनाव के पहले झामुमो से अलग होकर भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने भाजपा के टिकट से दुमका से लोकसभा का चुनाव लड़ा। लेकिन, उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## रवींद्र राय के झामुमो में जाने व अजय नाथ शाहदेव के भाजपा में शामिल होने की उड़ी खबर







खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह कोडरमा के पूर्व सांसद रवींद्र राय का झामुमो में जाने की खबर गुरूवार को दिनभर वायरल होता रहा। हांलाकि, गुरूवार की शाम रवींद्र राय ने खुद इसका खंडन किया और कहा कि वे भाजपा में ही हैं। लेकिन, सूत्रों के हवाले से यह खबर फैली कि रवींद्र राय गुरूवार की दोपहर सीएम हेमंत सोरेन से मिले थे। साथ ही, हटिया विधानसभा सीट से अजय नाथ शाहदेव को भाजपा का उम्मीदवार बनाये जाने की भी खबर दिन भर चलती रही। लेकिन, श्री शाहदेव ने भी इन आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस का टिकट पाने के लिये कोशिश कर रहे हैं। इधर, भाजपा के संभावित उम्मीदवारों की सूची शहर में वायरल है। इसको लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। इस खबर के अनुसार हटिया विधायक नवीन जायसवाल को रांची शिफ्ट किया जा रहा है और कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव को भाजपा में शामिल करा कर हटिया से टिकट दिये जाने की बात कही जा रही है। सीपी सिंह का टिकट कटने की चर्चा आम है। अब हटिया और रांची के भाजपा कार्यकताओं और नेताओं में हलचल है। भाजपा नेता इन खबरों का अपने-अपने ढंग से खंडन कर रहे हैं। भाजपा सूत्रों का दावा है कि रांची की हॉट सीट पर जीताउ उम्मीदवार को ही मैदान में उतारा जायेगा। सीपी सिंह पिछले पांच बार से भाजपा के विधायक चुने जाते रहे हैं। इनका टिकट काटना काफी जोखिम भरा माना जा रहा है। इनके स्थान पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल को रांची से उम्मीदवार बनाने का कोई मजबूत तथ्य सामने नहीं आया है।

### भाजपा के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह के टिकट कटने की चर्चा भी आम रही

# चुनाव को पर्व के रूप में लें, अपने संग औरों को भी मताधिकार के लिए प्रेरित करें : डीसी

- हर योग्य मतदाता को अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए : अनन्य मित्तल
- डीसी ने की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम के साथ बैठक
- निजी कंपनी, बैंक, एनजीओ व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहरी क्षेत्र में मतदान के प्रति उदासीनता दूर करने के लिए जिला अंतर्गत सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय सहित व्यवसायिक संस्थान, निजी कंपनियां, संगठन, बैंक, आवासीय सोसायटी आदि में वोटर अवेयरनेस फोरस का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से उन संस्थाओं या सोसायटी में कार्य करने वाले अथवा निवास करने वाले सभी कर्मियों एवं परिवारवालों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना है। मतदान के लिए संबंधित संस्थानों में गतिविधि संचालित करने एवं निर्धारित 13 नवंबर को अपने अपने बूथों में जाकर मतदान के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका होगी।

इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने रविन्द्र भवन सभागार, साक्ची में उपस्थित स्टेकहोल्डर से अपील किया कि अपने-अपने परिसर में रहने अथवा काम करने वाले शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें । व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संचालन हेतु विभिन्न गतिविधियां जैसे चुनाव वार्ता, सफाई अभियान एवं पौधारोपण, व्हीकल स्टीकर, इलेक्शन संबंधी क्विज, मैराथन, वॉकथन, वॉल पेंटिंग, वरीय सदस्य द्वारा वोट अपील आदि करते हुए लोगों की भागीदारी लोकतंत्र के इस महापर्व में करने की बात कही।



फोरम के सदस्यों को संबोधित करते डीसी अनन्य मितल।

**इन वैकल्पिक दस्तावेज दिखा कर भी कर सकते हैं मतदान :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी बताया कि मतदान के लिए वोटर कार्ड का होना जरूरी नहीं है, बल्कि पहली अहर्ता है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज हो । अन्य 12 पहचान पत्र वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची में शामिल हैं जो वैध आईडी प्रमाण के रूप में काम करते हैं जिसमें- 1. आधार कार्ड 2. मनरेगा जॉब कार्ड 3. फोटोयुक्त बैंक या पोस्ट ऑफिस पासबुक 4. श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड 5. ड्राइविंग लाइसेंस 6. पैन कार्ड 7. एनपीआर (राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर) के तहत जारी स्मार्ट कार्ड 8. पासपोर्ट 9.फोटो सहित पेंशन दस्तावेज 10. केंद्र या राज्य सरकारों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी सेवा आईडी कार्ड (फोटो के साथ) 11. सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किया गया आधिकारिक पहचान पत्र 12.सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी विशिष्ट विकलांगता आईडी (यूडीआईडी) दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के दिन शहरी उदासीनता के विषय पर कहा कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान की तिथि को घोषित अवकाश का पूरा उपयोग मतदान करने के लिए करें ना कि पिकनिक अथवा घर में सोने/आराम करने के लिए करें। मतदान के दिन सभी संस्थाओं में सवैतनिक अवकाश का प्रावधान है, ताकि सभी वोटर अपने अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

मौके पर सभागार में उपस्थित वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता शपथ दिलाया तथा आगामी चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक में बैंक, निजी कंपनी, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, एनजीओ, चैंबर ऑफ कॉमर्स, होरेका एसोसिएसन के सदस्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कहानी संग्रह प्यासे लोग का विमोचन 20 को



**जमशेदपुर।** कहानीकार मुमताज शारिक की कहानियों का संग्रह ' प्यासे लोग ' का विमोचन समारोह 20 अक्टूबर को संध्या 6 बजे जाकिरनगर मानगो स्थित मदर्स होम पब्लिक स्कूल प्रांगण मे आयोजित होगा जिसकी अध्यक्षता करीम सिटी कालेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज करेंगे जबकि पूर्व चेयरमैन झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड व अलकबीर पालीटेक्निक कालेज के सचिव प्रो नजम अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कहानीकार तनवीर अख्तर रूमानी सम्मानित अतिथि के रूप मे शारिक होंगे। प्रसिद्ध कहानीकार डॉ अख्तर आजाद व नामचीन कहानीकार नियाज अख्तर अपने विचार प्रकट करेंगे। जानकारी विमोचन समारोह के कनवेनर अशफाक आलम ने दी।

### पोटका से भागीरथी हंसदा होंगे जेएलकेएम के प्रत्याशी



**पोटका।** पोटका सुरक्षित सीट से भागीरथी हंसदा जयराम कुमार महतो की पार्टी जे एल के एम से प्रत्याशी होंगे। भागीरथी हंसदा पोटका प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोटकू पंचायत के निवासी हैं। वे इस पंचायत के मुखिया भी रह चुके है। वर्तमान में इनकी पत्नी ज्योत्सना हंसदा मुखिया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो ने इसकी घोषणा की है।

### गम्हरिया : बुरुडीह जंगल में छापा, शराब और जावा नष्ट किया



**गम्हरिया।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरायकेला-खरसावां जिले का आबकारी विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में विभाग द्वारा कांड्रा के बुरुडीह जंगल में छापेमारी कर एक शराब की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। उक्त भट्ठी से आबकारी विभाग की टीम ने 20 लीटर महुआ शराब भी जब्त किया है। साथ ही, वहां करीब 450 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। कार्रवाई के बाद संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अग्रवाल सम्मेलन के मनोनीत अध्यक्ष पर उल्लंघन का आरोप

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के आजीवन सदस्य धर्म चंद्र पोद्दार ने धालभूम अनुमंडलाधिकारी को लिखित शिकायत में बताया है कि पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन जो अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई है, वर्ष 1860 के सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीकृत है, पंजीकरण संख्या 7953 दिनांक 28 जनवरी 1976, के मनोनीत अध्यक्ष संदीप मुरारका द्वारा सोसाइटी एक्ट का गंभीर उल्लंघन किया जा रहा है और सदस्यों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। धर्म चंद्र पोद्दार ने अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि संदीप मुरारका को पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल द्वारा दो वर्ष पूर्व अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। हालांकि, इस नियुक्ति का काफी विरोध हुआ था। अंततः पूर्व अध्यक्ष और नव नियुक्त अध्यक्ष द्वारा माफी मांगने के बाद मामला शांत हुआ। दुर्भाग्यवश, हाल ही में, कथित जिला अध्यक्ष संदीप मुरारका ने स्वयं को प्रांतीय अध्यक्ष भी मनोनीत करवा लिया है। यह एक्ट का स्पष्ट उल्लंघन है और अपने पद का दुरुपयोग है। सदस्यों के अधिकारों को कुचला जा रहा है और लोकतंत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन हो रहा है। आम सभा नहीं बुलाई जा रही है और सदस्यों को अंकेक्षित वित्तीय विवरण के साथ-साथ धन का लेखा-जोखा भी नहीं दिया जा रहा है। यह आवश्यक है कि सभी सदस्यों को पत्र भेजकर आम सभा बुलायी जाये और अध्यक्ष को या तो 60 प्रतिशत सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से चुना जाए या फिर एक उचित चुनावी प्रक्रिया अपनायी जाये।

# पैसे के विवाद में बिरसा खलखो को उसके दोस्त ने ही मार दी थी गोली

- गोली मारने वाला सोनू सिन्हा और उसका साथी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ओलीडीह थाना अंतर्गत केंदुकोचा बस्ती में बिरसा खलखो को गोली मारने के आरोप में जमशेदपुर पुलिस ने दो आरोपियों क्रमशः सोनू सिन्हा 25 वर्ष और करमदेव शर्मा उर्फ करमा 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इन दोनों पर कई मामले दर्ज हैं।

सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने पत्रकारों को बताया कि गत 16.10.2024 को सूचना मिली कि ओलीडीह थाना क्षेत्रान्तर्गत केन्दु कोचा, स्वर्ण रेखा नदी के किनारे एक व्यक्ति बिरसा खलखो को गोली मारने की घटना घटी है। इस संदर्भ में सन्हा दर्ज करते हुए सत्यापन किया गया तत्तपश्चात मानगो (ओलीडीह) थाना कांड सं० 283/2024 दिनांक 16.10.2024 धारा 109/ 352/ 351(2)/ 3(5) भा०न्या०सं० 2023 27 आर्म्स एक्ट दर्ज करते हुए पुलिस उपाधिक्षक पटगदा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर कांड में संलिप्त दो व्यक्ति को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार आरोपियों को प्रेस के सामने पेश करते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष व सहयोगी पुलिस अधिकारी।

विदित है कि यह घटना मनिष यादव एवं विरसा खलखो के बीच पैसा लेन देन के संबंध में विवाद चल रहा था। बकाया पैसा विरसा खलखो के द्वारा मांगने पर मनिष यादव एवं मनिष यादव का दोस्त सोनु सिन्हा से लड़ाई झगड़ा हुआ जिसमें विरसा खलखो को सोनु सिन्हा ने गोली मारकर घायल कर दिया गया।

**छापामारी दल :** **1.** पु०अ०नि० अमित कुमार, ओ०पी० प्रभारी, ओलीडीह ओ०पी० 1, **2.** पु०अ०नि० हरि महतो, **3.** पु०अ०नि० अभिषेक कुमार, **4.** हव० जीवन लाल टुडू, **5.** आ० 909 मो० एकवाल।

### गिरफ्तार व्यक्ति के नाम एवं आपराधिक इतिहास

1. सोनु सिन्हा उम्र करीब 25 वर्ष पिता- प्रमोद कुमार सिन्हा सा० शंकोसाई रोड नं० 01. नियर ज्ञानदीप इंग्लिश स्कुल, रामनगर थाना ओलीडीह ओ०पी० जिला-पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर

- मानगो (ओलीडीह) थाना कांड सं० 101/23 दि० 11.04.23 धारा 147/ 323/ 324/ 325/ 341/ 307/ 384/ 504/ 506 भा०द०वि०
- मानगो (ओलीडीह) थाना कांड सं० 231/23 दि० 14.08.23 धारा-147/ 148/ 149/ 448/ 452/ 506/ 427/ 435/ 436 भा०द०वि०।

2. करमदेव शर्मा उर्फ करमा उम्र करीब 26 वर्ष पिता स्व० ब्रह्मदेव शर्मा सा० शंकोसाई रोड नं०

- श्याम नगर थाना- ओलीडीह ओ०पी० जिला-पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर : मानगो (ओलीडीह) थाना कांड सं० 89/19 दि० 13.04.19 धारा भा०द०वि०
- आदित्यपुर थाना कांड सं० 359/19 दि० 15.11.19 धारा 392 भा०द०वि० 363/ 364()/ 120() । एम०जी०एम० थाना कांड सं० 20/23 दि० 13.02.23 धारा 457/380 भा०द०वि०।

## एक नजर में

### जंगली हाथी ने युवक को कुचलकर मार डाला



**चांडिल।** थाना क्षेत्र के रसुनिया में एक गजराज ने सामल मुर्मू को कुचलकर मार डाला। घटना गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे की है। धान खेत में मौजूद गजराज को गांव के लोग भाग रहे थे। इसी दौरान गजराज ने सामल मुर्मू को कुचलकर मार डाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गजराज ने करीब 100 मीटर दूर तक सामल मुर्मू को खदेड़कर और उसे खेत में ही कुचलकर मार डाला। घटना की सूचना मिलने के बाद फॉरेस्टर राधा रमन ठाकुर घटनास्थल पहुंचे तथा मामले की छानबीन की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया. वनपाल ने बताया कि मृतक के आश्रित को फिलहाल नगद 50 हजार रुपया तथा कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद बाकी के साढ़े तीन लाख रुपया दिए जाएंगे। इधर,घटना के बाद रसुनिया गांव में मातम पसर गया है।

### ऑल इंडिया होप लाइन का निबंध प्रतियोगिता अगले माह

**जमशेदपुर।** एनजीओ ऑल इंडिया होपलाइन ने दिनाक 17 नवंबर को एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी विद्यालय, मानगो में आयोजित की है। संस्था अपने सदस्यों के माध्यम से पूरे जिले में फॉर्म प्रेषित करने का कार्य कर रही है। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजियन शुल्क 200 रुपये प्रति छात्र रखा गया है। प्रतियोगिता में अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम के बच्चे भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई है जिसका विषय है : (भारत में 21 सदी के परिवर्तन और चुनौतियां)। विजयी छात्र-छात्राओं को 24 नवंबर को आयोजित एक भव्य समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मो सद्दान हुसैन, अविनाश कौर, गुरुशरण सिंह, धर्मेंद्र कुमार, माधुरी, श्याम कुमार शर्मा, रहमान आदि पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

### सरयू राय को पश्चम का टिकट मिलने से नाराज सीमा जायसवाल कांग्रेस में शामिल



**जमशेदपुर।** गुरुवार को भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी (महिला मोर्चा) श्रीमती सीमा जायसवाल जी मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास पहुँच उनके नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए काँग्रेस में शामिल होने कि घोषणा की। माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता जी ने सीमा जायसवाल जी को फूल का माला और शॉल ओढ़ा काँग्रेस में स्वागत किया तथा मजवुती के साथ चुनाव में लग जाने को कहा.अपने संबोधन में सीमा जायसवाल ने कहा कि मैंने पिछले बीस वर्षों से भाजपा के लिए तन-मन-धन से कार्य करती आ रही हूँ जमशेदपुर पश्चिम में भाजपा संगठन के लोग को नजरअंदाज कर सरयू राय जी जैसे भगोड़े, निकम्मे और कुंठित व्यक्ति को यह सीट दिए जाने से मैं मर्माहत है, जिस कारण मैंने विकास पुरुष बन्ना गुप्ता के लिए कार्य करने का निर्णय लिया। सीमा ने आगे कहा कि सरयू राय जी के नजर में कार्यकताओं की हैसियत बंधवा मजदूर जैसी है हमेशा क्षेत्र के विकास को रोकना पिछड़े वर्ग का विरोध करना शोषण करना सरयू राय जी की मुख्य कार्य है।

# कबीर मेमोरियल उर्दू उवि में मनाया गया सर सैयद डे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मानगो जाकिरनगर स्थित कबीर मेमोरियल उच्च विद्यालय में अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के संस्थापक रहे सर सय्येद अहमद खाँ के जन्मदिन के अवसर पर सर सैयद डे मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में करीम सिटि कॉलेज मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ जकी अख्तर मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि सर सैयद एक व्यक्ति का नाम नहीं है बल्कि एक मिशन और विचार का नाम है। सर सैयद के जीवन का केवल एक की लक्षय था शिक्षा का प्रसार और प्रचार इस उदेश्य की पूर्ति के लिए ही उनहोने अलीगढ़ विश्व विधायल की स्थापना की थी और स्थापना वर्ष से लेकर आज तक हजारों छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे है। इस अवसर पर स्कूल में छात्रों के बीच भाषण प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# जमशेदपुर सुपर लीग के लोगो का अनावरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले जमीनी स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट, जमशेदपुर सुपर लीग के लिए एक नए लोगो का अनावरण किया है। अनावरण जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने किया, जिन्होंने लोगो को प्रमुख कुंदन चंद्रा को सौंपा। युवा और जमीनी स्तर। एक अलग कार्यक्रम में, जेवी सिवरियो ने गुरुवार को लोयोला स्कूल में एक समारोह के दौरान लोगो का भी खुलासा किया।

यह लोगो जमशेदपुर की विरासत और भविष्य के फुटबॉल सितारों को विकसित करने के लिए क्लब के समर्पण का एक जीवंत प्रतिनिधित्व है। लेडी मेहरबाई टाटा की ऐतिहासिक विरासत से प्रेरित, लोगो के केंद्र में हीरा जमशेदपुर के इतिहास में उनकी भूमिका का प्रतीक है। 1924 में, लेडी मेहरबाई और सर दोराबजी टाटा ने वित्तीय संकट के दौरान टाटा स्टील की मदद के लिए प्रतिष्ठित जुबली डायमंड सहित अपनी संपत्ति गिरवी रख दी थी। इस अधिनियम ने शहर के औद्योगिक विकास को सुनिश्चित किया, और हीरा अब भविष्य की फुटबॉल प्रतिभा की खोज का प्रतिनिधित्व करता है। लोगो में आदिवासी कला को दशार्या गया है, जो राज्य की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाती है, जिसमें बाघ के पंजे के तत्व युवा खिलाड़ियों को विकसित करने के लिए एआईएफएफ की ब्लू शावक पहल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### >> विशेषताएं विरासत और समावेशिता




जमशेदपुर सुपर लीग का लोगो दिखाते जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील।

# जमशेदपुर फुटबॉल क्लब की युवा टीम (यू-15) ट्रायल का पंजीयन शुरू

- 4 वर्षीय पूर्ण आवासीय छात्रवृत्ति, ट्रायल 1 जनवरी 2011 और 31 दिसंबर 2012 के बीच जन्मे लड़कों के लिए खुले हैं
- खिलाड़ी जमशेदपुर एफसी युवा टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे और उन्हें विभिन्न आयु वर्गों में झारखंड के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करने का भी मौका मिलेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने अपनी अंडर-15 (टीएफए) टीम के लिए ट्रायल की घोषणा की है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आज से शुरू हो रहा है और 31 अक्टूबर 2024, 11:59 बजे बंद हो जाएगा। ट्रायल 1 जनवरी 2011 और 31 दिसंबर 2012 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच पैदा हुए लड़कों के लिए खुले हैं। चयन प्रक्रिया कठोर होगी, जिसमें खिलाड़ियों का मूल्यांकन मैच की स्थितियों, तकनीकी कौशल, सामरिक जागरूकता और शारीरिक क्षमताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा।



जमशेदपुर एफसी के सीईओ मुकुल विनायक चौधरी जेआरडी कंपलेक्स में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे व अ न्य अतिथियों को जमशेदपुर फुटबॉल की समृद्ध परम्परा का अवलोकन करवाते हुए।

# मलेशिया में पदक जीत कर लौटे प्रधान हांसदा का अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**गम्हरिया।** बीते 12 और 23 अक्टूबर को बुकित जलील स्टेडियम मलेशिया में आयोजित 36वां मलेशियाई अंतर्राष्ट्रीय ओपन मास्टर्स एथलेटिक चैम्पियनशिप में गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बिरबांस पंचायत के चौड़ा गांव निवासी एथलेटिक प्रधान हांसदा ने पदक जीतकर झारखंड के साथ साथ भारत का नाम भी रोशन किया है। पदक जीतकर झारखंड आने पर समाजसेवी रवींद्र बास्के और युवा नेता सुधाकर हांसदा के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर अमित सोरेन, विशाल सोरेन, शंकर किस्कू, देवेंद्र लोहार, राहुल, गोल्डी, बासेत सोरेन आदि उपस्थित थे।

### स्थानीय जांच से बनेगा जाति प्रमाण पत्र : डॉ अजय



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने गुरुवार को प्रेस बयना जारी कर कहा कि प्रदेश की इंडिया गठबंधन की सरकार ने स्थानीय जांच के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसका लाभ प्रदेश के लाखों लोगों को मिलेगा। इसके लिए मैं विशेष रुप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र जमीन के दस्तावेज अभाव में नहीं बन पा रहे थे जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मामले को लेकर मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और उनसे बातकर मामले की गंभीरता के संबंध में बताया था। मुख्यमंत्री भी इस मामले में गंभीर थे। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया था कि सरकार जल्द ही इस मामले में निर्णय लेगी। सरकार द्वारा एक अधिसूचना जारी स्थानीय सत्यापन के आधार पर अंचल कार्यालय से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय जांच के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने का सरकार का यह निर्णय मिल का पत्थर साबित होगा। इसका लाभ जनता को मिलेगा। डॉ अजय ने कहा कि स्थानीय जांच के आधार पर जाति प्रमाण पत्र के बनने से नौकरी के लिए आवेदन करने वाले युवाओं, स्कूल, कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्रों को अपना जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में परेशानी नहीं होगी। इससे एससी, एसटी और अन्य पिछड़े समुदाय के लोगों को भी राहत मिली है। सरकार का यह निर्णय निश्चित रुप से जनहित में लिया ऐतिहासिक निर्णय है।

# कार्यकर्ता लें हर बूथ की जिम्मेदारी, अपने बूथ से लीड का संकल्प : सहिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी का बोड़ाम प्रखंड स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के सदस्यगण सभी बूथ के सदस्यगण चूल्हा प्रमुख प्रभारियों संग बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने सभी को दिशा निर्देश दिया कि अब संगठन विस्तार करने का समय नहीं बल्कि हर लीडर अपने बूथ पर लीड लेने की जिम्मेदारी ले और जिस बूथ पर पार्टी कमजोर दिखाई पड़े उस क्षेत्र के वरीय नेताओ का दायित्व बनता है कि उस बूथ को मजबूत करने का कार्य करें।



सहिस ने कहा कि आजसू पार्टी के संघर्ष और बलिदान को इस क्षेत्र की जनता भूली नहीं है और नहीं इस क्षेत्र के विगत 10 वर्षो के विकास कार्य को भी नहीं भूली है लेकिन वर्तमान के 5 वर्षो के काला अध्याय को मिटाने के लिए दिन रात मेहनत करना होगा। तभी इस क्षेत्र का विकास होगा और उस विकास के पथ पर चलने के लिए प्रत्येक लीडर को अपने बूथ से लीड करना होगा अन्यथा इस राज्य का सौदा करने वाले लोग जनता के भी सौदा करने लगे है।

कभी 1100 तो कभी 2500 रुपया का प्रलोभन देकर उन्हें खुश कर उनकी जीवन की दिनचर्या के साथ खिलवाड़ करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है । अगर जनता के हित में फैसला लेना था तो जनता के हित में रोजगार का सृजन करता जनता के हित में करना है तो शिक्षा का नया स्कूल कॉलेज का निर्माण करता यही नहीं बल्कि वर्तमान सरकार बोड़ाम डिग्री कॉलेज जो मेरे कार्यकाल में शिलान्यास किया गया था उसका निर्माण कार्य का भी शुभारंभ नहीं हो पाया है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पुनः सभी लीडर को अपना अपना बूथ से लीड दिलाना होगा।

बैठक में मुख्य रूप से आदित्य महतो, बनबिहारी महतो, अमल महतो, कृतिवास महतो, निर्मल सिंह, शंकर महतो, राधे श्याम सिंह, माधव महतो, मेनका किस्कु, रेणुका महतो, सुभद्रा महतो, रेखा महतो आदि मौजूद थे।

### चांडिल : विधानसभा चुनाव को लेकर अंतराज्यीय चेक नाका का किया निरीक्षण



**चांडिल।** गुरुवार को नीमडीह थाना क्षेत्र के पश्चिम बंगाल झारखंड अंतराज्यीय चेक नाका का पुलिस निरीक्षक चांडिल तथा नीमडीह थाना प्रभारी संतन तिवारी ने आदारडीह में बने चेक नाका का अचोक निरीक्षण किया। इस दौरान आने जाने वाले वाहनों का चेकिंग किया गया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

# अनुपमा यादव के भक्ति गीतों पर झूम उठा पलामू





- सम्मान समारोह सह भक्ति जागरण का कार्यक्रम संपन्न
- पांकी विस के 50 से अधिक गायक तबला वादक एवं बैंजो वादक हुए सम्मानित

**अवधकिशोर राय राजू**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय में सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति ने बुधवार की शाम सम्मान समारोह सह भक्ति जागरण किया था। जिसमें पांकी विस क्षेत्र के दर्जनों संगीत कला से जुड़े कलाकार जैसे गायक, नालवादक, बैंजोवादक, पैडवादक, छलावादक को समिति ने सम्मानित किया। वहीं प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका अनुपम यादव एवं गायक प्रशांत विश्वकर्मा ने भक्ति जागरण की शुरुआत 11 ब्राह्मणों के के अखंड दीप, स्वस्तिवाचन आरती एवं शंखनाद से की। मुख्य अतिथि पांकी विधायक निजी कार्य से बाहर थे। जिससे लाला यादव ने उद्घाटन किया। कहा कि सनातन धर्म के कार्यों के लिए उनका तन मन और धन न्योछावर है। मौके पर सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व कल्याण की बात करता है। मौके पर समिति के राम प्रकाश तिवारी, सचिव राजू राय, महामंत्री आनंद कुमार, संयोजक बलकेश पासवान, सुरेश भगत, मंदिर नाथ दुबे, दिलीप तिवारी, प्रसिद्ध नारायण तिवारी आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### सघन जांच अभियान में 10 वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर जिला ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहन, दोपहिया तथा टेंपो की जांच की। पुलिस ने नौ बाइक और 01 ई रिक्शा को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा है। पुलिस ने बाइक चालकों को चालान फाइन के लिए परिवहन कार्यालय भेजा है। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि इस अभियान से कुल चालान फाइन राशि 30,800 रुपये आये हैं। कहा कि लगातार वाहन चेकिंग के बावजूद लोग अपने रवैये में सुधार नहीं ला रहे हैं। बिना हेलमेट के बाइक चलाने, ट्रिपल लोड चलने, वाहन का कागजात नहीं रखने, चार पहिया वाहनों के चालक के सीट बेल्ट नहीं पहनने पर अभियान चलाकर कार्रवाई जारी रहेगी।

### कम राशन देने पर ग्रामीणों का विरोध



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के पतरिया कला पंचायत के ग्रामीणों ने दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह व माता महिला स्वयं सहायता समूह के राशन वितरण में भारी अनियमितता बरतने के खिलाफ प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार को आवेदन दिया। मौके पर ग्रामीण शंभू चौधरी, चतनी देवी, सीमा देवी, ललन चौधरी, कृष्ण चौधरी, मनीष चौधरी, सूबेदार सिंह, बीरेंद्र चौधरी, मनोज चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि दुर्गा स्वयं सहायता समूह व माता स्वयं सहायता समूह का डीलरों ने पिछले छह माह से हम सभी कार्डधारियों को साढ़े तीन केजी कभी साढ़े चार किलो देते रही है और जब इसका विरोध हम सभी कार्डधारियों ने किया तो डीलर ने मनमाने तरीके से कहा कि जहां जाना है जा सकते हों। इधर, इस संबंध में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि डीलर अगर मनमानी कर रहे हैं तो जांच कर वैसे डीलरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### अधिवक्ता श्याम बिहारी 22 को भरेंगे पर्चा



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र के स्वतंत्र उम्मीदवार अधिवक्ता श्याम बिहारी राय 22 अक्तूबर को नामांकन परचा भरेंगे। इसके पूर्व उन्होंने अपने आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें चुनाव पर रणनीति बनायी। बैठक के बाद श्री राय ने कहा कि डालटनगंज विस क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए संघर्ष करूंगा। साथ ही साथ क्षेत्र की जनता के आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 22 को गीता भवन के पास पहुंचे और नामांकन को सफल बनायें।

### बेहतर परीक्षा परिणाम से संत मरियम को मिली एक नयी उड़ान: अविनाश देव




**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में बीते कुछ दिनों हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। पहले की अपेक्षा बेहतर परीक्षा परिणाम से बच्चे व अभिभावक प्रसन्न दिखे, वहीं आगामी शनिवार को संत मरियम विद्यालय, कजरी एवं नावाहाता ब्रांच के भी परिणाम घोषित किये जायेंगे। संत मरियम स्कूल के लगातार सफलता से प्रभावित होकर नए सत्र में नामांकन प्रारंभ होने से पहले ही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में ही सभी सीटें फुल हो जाती हैं। परीक्षा परिणाम पत्र वितरण के दौरान विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव अपने हाथों से परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों व अभिभावकों को परिणाम पत्र देते हुए कहा कि बेहतर प्रदर्शन विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास व शिक्षकों के लगन का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणाम से संत मरियम स्कूल एक नई उड़ान भर रहा है।

# आयुक्त ने पंडवा के 10 बूथों का किया निरीक्षण, दिये कई आवश्यक निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मध्य विद्यालय गाड़ी खास में निरीक्षण करते आयुक्त।

**पड़वा, पलामू।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गुरुवार को पड़वा के दस बुथों का निरीक्षण आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने किया। इस दौरान आयुक्त ने कई दिशा निर्देश भी दिया। बूथ संख्या (140, 141, 143, 144, 145) मध्य विद्यालय पड़वा, उमवि गाड़ी खास 155, 156, उमवि कजरी, 157, 158, उमवि बटसारा (159) शामिल हैं। निरीक्षण में मतदान केंद्रों पर मुलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। सभी सुविधाएं सही पायी गयी। भाग संख्या -159 बठसारा में रनिंग वाटर और शौचालय दुरूस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर पंडवा बीडीओ अमित कुमार झा ने नाजिर संजीव कुमार गुप्ता को निर्देश दिया कि एक सप्ताह में सभी सुविधाएं बहाल कर रिपोर्ट करें। इस मौके पर बीपीआरओ मनोज कुमार मिश्रा, प्रधान सहायक अंचल अभिषेक सिंह, अशोक कुमार पाठक, अरूण तिवारी, वीरेंद्र राम, अंजलि सेंगर सहित सभी बीएलओ मौजूद थीं।

# आयुक्त ने जानी विश्रामपुर के मतदान केंद्रों की हकीकत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते आयुक्त व अन्य।

**विश्रामपुर पलामू।** विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा गुरुवार को 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के गुरी राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र 254 एवं 255, कधवन राजकीयकृत मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 236, कमता राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 263, केतात स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 260, 261 व 262 सहित रेहला जेबी हाई स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 211, 212 व 213 का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए उपलब्ध आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन व मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध होने से चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा उनके निबंधन, मतदान दिवस के दिन परिवहन की सुविधा, रैंप, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए लगे कतार के बीच उनकी सुविधा हेतु बेंच या कुर्सी लगाने, बारिश या धूप से बचाव के लिए शेड, मतदाताओं के सहयोग के लिए वोलेंटियर का सहयोग लेने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, मतदान कक्ष में समुचित प्रकाश व्यवस्था, पंखा आदि न्यूनतम सुविधाएं होने से मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाता बेहतर महसूस करेंगे।

**खास बातें :** आयुक्त ने निर्वाचन आयोग के निर्धारित मापदंडों के तहत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से उनके कार्यों, दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या उनकी स्थिति व मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वे मतदान करने में सक्षम हैं या नहीं! आदि बिंदुओं की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली। साथ ही मतदान केंद्रों पर दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# पलामू के पांचों विधानसभा के लिए आज से होगा नामांकन

- 25 तक होगा नामांकन, 28 को नामांकन की संवीक्षा, 30 तक नाम वापसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### सभी निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय सीसीटीवी से लैस प्रवेश द्वार पर रहेंगे दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

18 अक्टूबर से शुरू हो रहे नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू के पांचों विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाया गया है। इसी तरह नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इसी तरह नामांकन के दौरान विधि- व्यवस्था के संधारण को लेकर सभी निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय के प्रवेश द्वार पर पर्याप्त मात्रा में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है उनके साथ पुलिस बल को भी टैग किया गया है।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांचों विस क्षेत्र के लिए नामांकन शुक्रवार से शुरू हो जायेगा। प्रशासनिक स्तर पर नामांकन से संबंधित तैयारी पूरी कर ली गयी है और अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन भी शुरू हो जायेगा। समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपूर्ति कार्यालय में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह पांकी की निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वहीं अपर समाहर्ता कार्यालय में विश्रामपुर के निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे। इसी तरह सदर अनुमंडल कार्यालय में सदर एसडीओ के समक्ष प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं छतरपुर विधानसभा के लिए छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ के समक्ष नामांकन दाखिल होगा। इसी तरह हुसैनाबाद के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ के समक्ष प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। सभी निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी, वहीं निर्वाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति अंदर जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी वहीं 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है।

# आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने की विश्रामपुर बीडीओ ने बनायी रणनीति

- सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य।

**विश्रामपुर पलामू।** विधानसभा चुनाव- 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, थाना प्रभारी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मियों के साथ गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ राजीव सिंह के द्वारा बैठक आयोजित की गयी।

जहां बीडीओ ने प्रखंड के लिए नियुक्त सभी 12 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्र में आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया। साथ हीं कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाये। वहीं बीडीओ ने एएमएफ संबंधित व्यवस्था पर चर्चा की। मतदान केंद्र का सत्यापन कर वहां उपलब्ध सभी प्रकार के संसाधनों की जानकारी अद्यतन कराने का निर्देश दिया। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी को दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता पर बल दिया गया। कर्मियों को मॉक पोल की जानकारी दी गयी। मतदान केंद्र पर पानी, बिजली, रैंप, फर्नीचर, शौचालय पर बूथ वाइज व्यवस्था का निर्देश बीडीओ द्वारा दिया गया। वहीं सभी को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट की जानकारी देते हुए सरकारी गैर सरकारी व प्राइवेट संस्थानों के भवनों में लगे सभी प्रकार के बैनर पोस्टर हटवाने का निर्देश दिया।

### आचार संहिता को लेकर सीओ ने हटवाया पोस्टर



**पाटन पलामू।** सीओ राकेश श्रीवास्तव ने आचार संहिता के मद्देनजर पाटन के विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर से पोस्टर बैनर को हटाया। सीओ ने सभी लोगों को सख्ती से आचार संहिता का पालन करने के लिए कहा। आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करनेवालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मौके पर पाटन सीआई प्रगास राम, ददन कुमार सहित कई अंचल कर्मी उपस्थित थे।

### साहेब सिंह नामधारी बने जिला सुरक्षा सह प्रमुख



**मेदिनीनगर।** खूंटी में आयोजित बजरंग दल के झारखंड प्रांत कार्य समिति बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पलामू बजरंग दल टीम का पुनर्गठन और विस्तारीकरण किया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि कार्य समिति बैठक की घोषणा के अनुसार विकास कुमार (विश्रामपुर) जिला सुरक्षा प्रमुख, विवेक सिंह (मेदिनीनगर) जिला विद्यार्थी प्रमुख, राजीव सिंह (नीलांबर पितांबरपुर) बलोपासना सह प्रमुख, संतोष सिंह (नौडीहा बाजार) विद्यार्थी सह प्रमुख और साहेब सिंह नामधारी (मेदनीनगर) जिला सुरक्षा सह प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है। जिला संयोजक संदीप गुप्ता ने सभी नव नियुक्त दायित्वधारियों को एक सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी है।

# मानवता, राष्ट्र और संस्कार का संरक्षण ही भक्ति : जीयर स्वामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में कथा के दौरान श्री प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जिस तरह गंगा में बहुत कुछ बहने के बावजूद हमलोग सबकुछ हटाकर सिर्फ जल ग्रहण करते हैं। उसी तरह बालक से वृद्ध तक में जो गुण है उसको प्राप्त करना चाहिए जो दोष है उसे छोड़ देना चाहिए। कहा कि जिन कर्मों, आचरण, व्यवहार को करने से मानवता का कल्याण, राष्ट्र, संस्कार का संरक्षण हो वही भक्ति है। संस्कार से विहीन साधन संसाधन बोझ बन जाता है लेकिन वही संस्कार युक्त साधन उपहार बन जाता है। उन्होंने कहा कि आप कितने भी बड़े वैभवशाली क्यों न लेकिन यदि आपका उठन बैठन,खान पान सही नहीं है तो आपको बर्बाद होने से कोई रोक नहीं सकता है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण ने कहा था कि भक्ति व सत्संग से ही उन्हें सरलता पूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में मानव के उत्थान के लिए ही वर्ण व्यवस्था किया गया था। आज सरकारें भी समाज और मानव के उत्थान के लिए अलग योजनाएं चला रही हैं।

### लकड़ी, कागज, मिट्टी से बनी महिला की प्रतिमा को भी संन्यासी स्पर्श नहीं करें

श्री प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने संन्यासियों के दिनचर्या पर चर्चा करते हुए कहा कि संन्यासियों को सभी महिलाओं को माता के रूप में देखना चाहिए क्योंकि माता के व्यवहार रखनें पर मानव भटकता नहीं है। उन्होंने कहा कि संन्यासियों को कभी भी लकड़ी, मिट्टी, कागज से बने महिला की तस्वीर को या मूर्ति को स्पर्श नहीं करना चाहिए। संन्यासी के वेश में जो भी लोग महिलाओं से स्पर्श किया उनका क्या हाल हुआ पूरी दुनिया जानती है।

### अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में करीब 200 से अधिक संतों ने लिया भाग

श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार की रात अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन सह विद्वत संगोष्ठी में लगभग दो सौ से अधिक संतो ने भाग लिया। सम्मेलन में मानव धर्म, संस्कृति और राष्ट्र विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संतों ने कहा कि धर्म रक्षक है यदि धर्म के साथ खिलवाड़ किये तो धर्म भक्षक बन जाता है। सेवा से बढ़कर दूसरा कोई बड़ा धर्म नहीं है। हनुमान जी ने सेवा की तभी उन्हें सिद्धी मिली। अपने के अलावा पूरे विश्व की कल्याण की बात सोचना ही भारतीय संस्कृति है। भारतीय सभ्यता, संस्कृति, वैदिक सनातन धर्म के संरक्षण से राष्ट्र का कल्याण हो सकता है।

# खेलो झारखंड शॉट पुट प्रतियोगिता में पलामू के प्रत्यय ने जीता गोल्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में 16 से 19 अक्टूबर तक रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में खेलो झारखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता करायी गयी। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में पलामू जिला के पोखर कला मध्य विद्यालय के खिलाड़ी प्रत्यय कुमार ने भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन करते हुए अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग के शॉट पुट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय के प्राचार्य अमरेंद्र पाठक, कोच रेशमा पांडे का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि पलामू जिला के लिए गौरव की बात है। प्राचार्य ने बताया कि प्रत्यय को विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्यय को जिला स्तर पर विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।

# प्रेम के दीवाने पिता ने की पुत्र की हत्या

- सकेंद्र साव हत्याकांड का पुलिस ने किया उदभेदन प्रेमी पिता प्रेमिका संग गिरफ्तार
- मृतक सकेंद्र पिता के अवैध संबंध का करता था विरोध : एसडीपीओ मणिभूषण


**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** इस मामले में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ को निर्देश दिया था। जिसके आलोक में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने त्वरित कार्रवाई कर बेबी देवी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इस दौरान उसने अपराध को स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि मृतक सकेंद्र साव के पिता सरेश साव से अवैध संबंध था। इसकी जानकारी मृतक को जब हुई तो पिता-पुत्र के बीच लगातार झगड़ा होते रहता था। इसके बाद बेबी देवी व मृतक के पिता ने योजना बनाकर पुत्र की हत्या करने की योजना बनायी। इस मामले में एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर हत्याकांड का उद्भेदन किया। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता ने बेबी देवी से अवैध संबंध को लेकर अपने दो सहयोगियों के साथ टांगी से मारकर हत्या कर दिया। उन्होंने कहा कि हत्या में प्रयुक्त टांगी को बरामद किया गया। साथ ही साथ दोनों को जेल भेज दिया गया। प्रेस वार्ता में सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार, पुअनि विश्वनाथ कुमार राणा, सअनि बसंत कुमार दूबे, सुबोध कुमार व अन्य शामिल थे।

**मेदिनीनगर/ सतबरवा।** खामडीह पूर्णाडीह टोला के सरेश साव के पुत्र सकेंद्र साव की हत्या 14 अक्तूबर की रात धारदार हथियार से हुई थी। इस मामले में मृतक की मां रबिंदा देवी ने सतबरवा थाना में बेबी देवी पर हत्या का आरोप लगा प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### आज बारालोटा गोशाला परिसर में पधारेंगे जीयर स्वामी



**मेदिनीनगर।** विश्व प्रसिद्ध संत श्री लक्ष्मी प्रपत्र जीयर स्वामी का पदार्पण 18 अक्टूबर दिन शुक्रवार को 12 बजे श्री गोशाला परिसर बाईपास रोड बारालोटा में होने जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए सचिव सत्येंद्र पांडेय ने बताया कि स्वामी जी का आशीर्वचन गोशाला परिसर में होगा। ततपश्चात आरती का कार्यक्रम एवं गौ माता को समर्पित सनातन के सिद्धांत एवं व्यवस्था पर विचार किया जायेगा। स्वामी जी के आशीर्वचन के पश्चात प्रसाद बांटा जायेगा। समिति के पदाधिकारियों ने शहर के सभी गो प्रेमी, धर्म प्रेमी से अनुरोध किया है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर स्वामी जी का दर्शन लाभ एवम प्रसाद पाकर गोशाला के सम्बर्धन व विकास में भागीदार बने। साथ ही वृंदावन गोपाल कृष्ण भगवान को समर्पित गौशाला में अपनी महती भूमिका अदा करने का शुभ कार्य करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोशाला समिति के इंद्रजीत सिंह डिंपल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र मेहता, राजीव रंजन पांडेय, विकास तिवारी, उदय शुक्ला, अरविंद तिवारी, दुर्गा जौहरी, अनुपम तुलस्यान, अंसुल उदयपुरीया, पीयूष तुलस्यान एवं अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय सक्रियता के साथ लगे हैं।

# लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के रेहला स्वास्थ्य शिविर में 470 की हुई जांच

- शिविर में 470 मरीजों का जांचोपरांत हुआ उपचार, मुफ्त दवा का भी वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मरीजों का उपचार करते और लोगों को मुफ्त दवाइयां देते चिकित्सक।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने गुरुवार को रेहला स्थित एलसीएम कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या नूतन रानी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद अरुण सिंह ने किया। मौके पर नूतन रानी ने कहा कि लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल आम लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करता है। इसके लिए हॉस्पिटल प्रबंधन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर मरीजों का मुफ्त इलाज करता है।

शिविर में चिकित्सकों द्वारा 470 मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया गया। मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। मरीजों की जांच व इलाज में डॉ ज्योतिका, डॉ अभिषेक प्रसाद, डॉ नंदिता कुमारी, अनुपमा कुमारी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, आनंद कुमार, बेबी कुमारी, आरती कुमारी ने उल्लेखनीय योगदान दिया। मौके पर डीग्री कॉलेज के प्राचार्य नीलम केशरी, आशुतोष सिंह, मिथलेश पांडे, राकेश कुमार, पुष्पा कुमारी, राकेश कुमार, कुंदन चंद्रबंशी, नीरज दीक्षित कई लोग मौजूद थे।

# शीर्ष नेतृत्व का दागी नेताओं को समर्थन देने का फैसला स्वीकार नहीं : कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



किसान ब्रिगेड की चुनाव पर चर्चा संगोष्ठी को संबोधित करते संजय।

**हुसैनाबाद (पलामू)।** किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय सिंह की अध्यक्षता में हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के कर्नल ब्रिगेड और किसान ब्रिगेड की बैठक हुई। बैठक में कर्नल संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने भाजपा में उन्होंने तम-मन-धन से काम किया। पार्टी की सेवा की। वे चाहते थे कि भाजपा के माध्यम से ही हुसैनाबाद की सेवा करें, लेकिन हाल के दिनों में जो कुछ घटनाक्रम हुए हैं, उसे देखते हुए वे अब बड़ा फैसला लेने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के माध्यम से हुसैनाबाद के भ्रष्टाचार से मुक्त कराना चाहते थे इसके लिए किसान ब्रिगेड, महिला ब्रिगेड और युवा ब्रिगेड का माध्यम से काम कर रहे थे, लेकिन भाजपा ने एक भ्रष्टाचारी और दागी और हुसैनाबाद को 25 सालों से शोषण, अशिक्षा और किसान विरोधी नेता को शामिल करके हमारी उम्मीदों को तोड़ा है।

**खास बातें :** कर्नल संजय सिंह ने कहा कि किसान ब्रिगेड, महिला ब्रिगेड और यूथ ब्रिगेड की बैठक में आगे रणनीति तय की जायेगी और विधानसभा चुनाव में अपना प्रतिनिधि उतारेंगी। विचार-विमर्श के बाद उम्मीदवार का नाम तय किया जायेगा। जनता को तय करना है कि वह अपना मान सम्मान एक दागी के हाथों में देगी या सच्चा प्रतिनिधि चुनेगी। मौके पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र के एनसीपी, राजद, बीएसपी, भाजपा के सैकड़ों लोगों ने किसान ब्रिगेड की सदस्यता ली। उनका कर्नल संजय ने स्वागत किया। मौके पर बिंदेश्वरी यादव, विनोद पासवान, सतनारायण पासवान, सतेंद्र भुइयां, जुगनू मेहता, राजा राम पासवान, उपेंद्र मेहता, रणधीर पटेल, संतोष राम, संगीता, शाहबुद्दीन अंसारी भी थे।

# दुमका : राजनीतिक दलों संग बैठक कर डीसी ने आदर्श आचार संहिता संबंधित दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



राजनैतिक दलों संग बैठक करते डीसी।

**दुमका।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने गुरूवार को बैठक आयोजित की। बैठक में चुनाव व्यय से संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त ने चुनाव से संबंधित विविध प्रक्रियाओं से अवगत कराया। उन्होंने चुनाव व्यय से संबंधित निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रचार-प्रसार, पब्लिक मीटिंग्स, स्टार कैंपेन, रैली, मनी ट्रांसफर, मीडिया एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, आदर्श आचार संहिता सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक पार्टियों से कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार पार्टी अभ्यर्थी का ससमय बैंक अकाउंट खुलवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के अभ्यर्थी द्वारा फ्लैक्स, पंपलेट, पोस्टर की छपाई करवाते हैं, तो नीचे में प्रिंटर्स का नाम, प्रकाशित सामग्री की संख्या अवश्य अंकित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो, इसका ध्यान रखने की हिदायत दी। इस दौरान सीवीआईजीआईएल ऐप्प एवं सुविधा पोर्टल से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन के मामले पर सी-विजिल ऐप के द्वारा दर्ज किए गए ऑनलाईन शिकायतों के निष्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पीपीटी के माध्यम से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा पोर्टल का उपयोग की जानकारी दी गई। चुनाव के दौरान विभिन्न तरह के अनुमति प्राप्त करने के लिए सुविधा पोर्टल की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। सभी दलों के प्रतिनिधियों से चुनाव कार्यों के लिए सुविधा पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई।

# रैयतों और विस्थापितों के विरोध के बाद भी सीसीएल प्रबंधन ने निर्माण कार्य करवाया शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** बीते दिनों सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक के दिशा-निदेर्शों पर ढोरी माता चर्च व स्कूल निर्माण के लिए रैयतो की विवादित भूमि और भूमि पूजन कर दिया गया। इस खबर के फैलते ही स्थानीय रैयत और विस्थापितों का गुस्सा देखने को मिला। इतना ही नहीं स्थानीय युवा विस्थापित नेता सह रैयत विस्थापित मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी सीसीएल कथारा जीएम संजय कुमार से मिल विरोध दर्ज करवाने के साथ साथ यह भी बताया कि यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में यहां किसी भी तरह का निर्माण उचित नहीं होगा साथ ही उन्होंने सीसीएल प्रबंधन को यह भी आगाह किया था कि इसको लेकर रैयतों और विस्थापितों के बीच भारी आक्रोश है। इतना सब कुछ होने के बाद भी सीसीएल कथारा प्रबंधन ने आज यानी बृहस्पतिवार से उक्त विवादित स्थल पर निर्माण कार्य चालु कर दिया है। यह मामला जब रैयतों और विस्थापितों ने विस्थापित नेता श्री अंसारी तक पहुंचाया तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह सीसीएल प्रबंधन की हठधर्मिता है जिसे किसी भी किमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम संविधान तरीके से कानून के दायरे में रह कर यह लड़ाई लड़ेंगे। कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता भी अख्तियार किया जायेगा। इस घटना के बाद विस्थापित नेता अंसारी अपने अधिवक्ताओं से विचार विमर्श कर रहे हैं। वही दुसरी तरफ जिन रैयतों की जमीन इस निर्माण में सीसीएल द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है उन लोगों के बीच लगातार गुस्सा बढ़ता दिख रहा है और सिधी टकराव की बातों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। यानी इस मामले में सीसीएल प्रबंधन और रैयत आमने सामने दिख रहे हैं। वहीं दुसरी शब्दों में कहे तो सीसीएल प्रबंधन किसी भी किमत पर जल्द से जल्द चर्च और स्कूल उक्त स्थान पर शिफ्ट कर खदान की विस्तारीकरण के मुड मे नजर आ रही है।

## उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

बोकारो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो उमाशंकर सिंह के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत चांदो ग्राम में संचालित अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 3000 किलो जावा महुआ शराब एवं 150 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं0–2, राँची**

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि Renovation of Room No- 101 to 110 with Verndah in G.F. and Road Construction Department in First Floor of Engineering Hostel No-02 at HEC, Dhurwa, Ranchi. का P.R. No. 338723 Building (24-25).D से प्रकाशित अल्पकालीन निविदा सख्या–44/2024–25 का क्रम संख्या–01 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 339215 Building(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

पत्रांक :– 1335 गुमला, दिनांक :– 16.10..2024

**निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन**

इस कार्यालय के E-Tender No. 40/F2/2024-25(3rd Call) जिसका प्रकाशन PR No. 338635 (Minor Irrigation) 24-25*D है तथा जिसका निविदा दिनांक 19.10.2024 को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

PR 339235 Minor Irrigation(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला


स्पीड न्यूज

## आर्या फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड पर खनन विभाग का छापा



बेरमो। बोकारो जिला के पेक नारायणपुर थानांतर्गत बरई में स्थित आर्या फ्यूल्स प्राईवेट लिमिटेड में औचक निरीक्षण किया गया, जांच के क्रम में उक्त स्थल पर अवैध रूप से कच्चा कोयला खनिज लगभग 290 टन, पोडा कोयला लगभग 125 टन एवं कोयला डस्ट लगभग 10 टन भंडारित किया हुआ पाया गया, स्थल पर उपस्थित मुंशी से स्टॉक पंजी की मांग की गई, जिसे प्रस्तुत करने में वे असमर्थ रहे। आर्या फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अप्रैल माह में दाखिल मासिक विवरणी की जांच की गई, उक्त मासिक विवरणी में कच्चा कोयला 159 टन दशार्या गया हैं मासिक विवरणी एवं जांच के दौरान पाई गई खनिज की मात्रा में अंतर के कारण उपरोक्त खनिज को जप्त करते हुए पेक नारायणपुर थाना में सुपुर्द किया गया, उक्त स्थल पर अवैध रूप से खनिज को लोडिंग करते हुए 02 ट्रक को पकड़ा गया। जिसे जप्त कर पेक नारायणपुर थाना को सुपुर्द किया गया एवं थाना में प्लांट के संचालक, वाहन के मलिक, चालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू एवम स्थानीय पुलिस बल मोजूद थे।

## बीडीओ ने राजनीतिक दलों के संग की बैठक



बोकारो/कसमार। झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह कसमार बीडीओ नम्रता जोशी ने बैठक की। बैठक में सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रवीण कुमार भी मौजूद थे। जोशी ने आदर्श आचार संहिता का पालन के साथ सभा सम्मेलन प्रचार प्रसार चुनाव अभियान चलाने की जानकारी दी। वहीं चुनाव आयोग द्वारा जारी वोटर्स हेल्पलाइन गाइडलाइन वोटर्स एप्प मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भी मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर बातें कही। जोशी ने बताया कि अभी तक 274 से लेकर 284 तथा 308 से लेकर 323 बूथों का भौतिक निरीक्षण किया गया है। सीओ प्रवीण कुमार ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम चलाये जाने की बात कही है।

# दुमका : सोशल मीडिया पर जारी उम्मीदवारों की सूची पर भाजपा के दो गुटों में छिड़ी जंग

- पूर्व सांसद सुनील सोरेन के समर्थक सीताराम मिश्रा ने डॉ लुईस मरांडी के समर्थक अनुज सिंह को चाकू गोंदा
- दुगार्पुर में इलाज के बाद खतरे से बाहर घायल अनुज सिंह, आरोपी सीताराम मिश्र फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** विधानसभा के चुनाव की तिथि घोषित होने के बावजूद अभी तक झारखंड के प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। लगभग 36 घंटे से सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक भाजपा के प्रत्याशियों की सूची वायरल हो रही है। वायरल सूची के आधार पर उपराजधानी दुमका के चौक चौराहों पर चर्चा तेज हो गई है। चाय की चुस्की के साथ जीत हार का समीकरण बनाया और बिगड़ा जा रहा है। अमूमन चुनाव के वक्त दो अलग-अलग राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और समर्थक के बीच तीखी नोंक-झोंक और मारपीट की घटना भी घटित होती है। लेकिन इससे अलग दुमका में भाजपा कार्यकर्ता ही आपस में उलझ गए। दुमका भाजपा की गुटबाजी जग जाहिर है। चुनाव कोई भी हो दो प्रमुख नेता एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी माने जाते हैं। दोनों के अपने-अपने समर्थक भी हैं। एक तरफ पूर्व सांसद सुनील सोरेन तो दूसरी ओर पूर्व मंत्री लुईस मरांडी का नाम आता है। लोकसभा चुनाव की बात करें तो दोनों की अपनी अपनी दावेदारी थी। अब जबकि विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है, तो फिर दोनों नेता की दावेदारी दुमका विधानसभा सीट पर है। पार्टी द्वारा प्रत्याशी के नाम की घोषणा भले ही नहीं हुई हो लेकिन प्रत्याशियों की सूची वायरल होते ही चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। वायरल सूची में सुनील सोरेन को दुमका विधानसभा से प्रत्याशी दशार्या गया है। जिसके आधार पर एक तरफ जहां सुनील सोरेन के समर्थक अति उत्साहित नजर आ रहे हैं। वही लुईस मरांडी के समर्थकों में निराशा भी देखी जा रही है। दोनों के समर्थकों दोनों के समर्थक एक दूसरे के खून के प्यासे नजर आने लगे हैं। ताजा मामला बुधवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि नगर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर, जरूवाड़ीह मोहल्ला में वायरल सूची के आधार पर सुनील सोरेन और लुईस मरांडी के समर्थक के बीच तीखी बहस हो गई। सीताराम मिश्रा पूर्व सांसद सुनील सोरेन के समर्थक बताए जा रहे हैं, तो अनुज सिंह पूर्व मंत्री लुईस मरांडी के समर्थक। दोनों के बीच इतनी तीखी नोक-झोंक हुई की नौबत मारपीट तक पहुंच गई। इसी बीच आवेश में आकर सीताराम मिश्रा और उसके बेटे ने अनुज सिंह पर चाकू से वार कर दिया। ताबड़तोड़ चाकू का वार उसके पेट पर किया गया। घटना के बाद परिजन अनुज सिंह को लेकर अस्पताल पहुंचा गया। परिजन अनुज सिंह को लेकर दुगार्पुर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने स्थिति खतरे से बाहर बताया।

# बोकारो स्टील की टीम ने जीता डायरेक्टर पर्सनल कप



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** एआईएमए नई दिल्ली द्वारा एमटीआई रांची में आयोजित रणनीति डायरेक्टर पर्सनल कप बिजनेस सिमुलेशन गेम्स का ग्रैंड फिनाले में बोकारो स्टील प्लांट से जीएम सुधीर एजीएम अमित आनंद और वरीय प्रबंधक प्रीति कुमारी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। बोकारो स्टील प्लांट की ही दूसरी टीम ने स्पर्धा में प्रथम रनरअप का स्थान हासिल किया।

जिसमें डीजीएम राहुल सिंह वरीय प्रबंधक ओवैस अहमद और प्रबंधक राहुल रंजन पांडा शामिल थे। उल्लेखनीय है कि प्लांट स्तरीय प्रतियोगिता के लेवल 1 में कुल 142 से अधिक टीमों के बीच कड़े मुकाबले के पश्चात विभिन्न सेल प्लांट इकाइयों का प्रतिनिधित्व कर रही 21 उत्कृष्ट टीमें फाइनलिस्ट रहीं।

ग्रैंड फिनाले से पहले इन 21 टीमों के बीच एक सेमीफाइनल राउंड आयोजित किया गया जिसके उपरांत 11 टीमें फाइनल राउंड में पहुंचीं। बोकारो इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर दोनों टीमों को बधाई दी है।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने लहराया कामयाबी का परचम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथेमेटिक्स में लगातार दूसरे वर्ष पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। विद्यालय में कैटेगरी ए में कक्षा 9 के छात्र श्लोक आनंद 59 शिवम ओझा 51 और कक्षा 11 के अनुज 44 अंक लाकर क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

इसके बाद क्रमशः कक्षा 11 के आयुष राज कुमार अनमोल कक्षा 10 के आरुष रंजन आयुष लच्छीरामका शीर्ष क्रेजिया कक्षा 9 के सुधांशु कुमार 11वीं कक्षा से मालविन परीरा तथा 10वीं के जय सात्विक मेदिरेड्डी ने सफलता प्राप्त की। कैटेगरी बी में 12वीं के छात्र आरुष बनर्जी 54 अंक लाकर पहले नितिन कुमार सिंह 41 अंक के साथ दूसरे तथा आदित्य राज चौहान 35 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे।

जबकि बालिकाओं की कैटेगरी में कक्षा 10 की छात्रा आयुषी सिंह ने 26 अंक के साथ सफलता पाई। विद्यालय के छात्र छात्राओं के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इस उपलब्धि को पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बीएसएल में ओसीटीटी प्रशिक्षुओं का लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 41 ओसीटीटी प्रशिक्षुओं का छह सप्ताह का लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में ईडी माइंस जयदीप दासगुप्ता राजीव धवन तथा मनीष जलोटा भी उपस्थित थे। छह सप्ताह के प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रशिक्षुओं का पदस्थापन बोकारो स्टील प्लांट में किया जाएगा। डीजीएम राजेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ईडी राजन प्रसाद ने प्रशिक्षुओं के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं करते हुए प्रशिक्षुओं को सुरक्षा संस्कृति व अनुशासन को अपनाते हुए प्लांट के निरंतर विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। ईडी दासगुप्ता ने भी प्रशिक्षुओं को सुरक्षा और अनुशासन की अहमियत को रेखांकित करते हुए आगे बढ़ने तथा नए प्रशिक्षुओं से बोकारो स्टील प्लांट की अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। सीजीएम श्री धवन ने प्रशिक्षुओं के अपेक्षित रोल पर प्रकाश डाला और कहा कि सभी प्रशिक्षुओं की भूमिका बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति के लिए अपेक्षित है। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एसएन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के राजू रंजन प्रसाद सुश्री अनीता तथा सुश्री श्वेता कुमारी के साथ सभी कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

# योगेंद्र होंगे जेएमएम प्रत्याशी 25 को करेंगे नामांकन दाखिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो का दिनांक 25.10.2024 दिन शुक्रवार को गोमिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-34 से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी के रूप में नामांकन का पर्चा दाखिल करने का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। ऐसी जानकारी खुद महतो ने फोन पर दी।

बताया की सुबह 11 बजे नामांकन दाखिल करने के बाद दोपहर में एक सभा भी होगी। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी विधायक महोदया कल्पना मुर्मू सोरेन सहित झामुमो एवं कठऊकअ गठबंधन के बड़े नेता भी शामिल होंगें। उन्होंने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के झामुमो एवं इंडिया गठबंधन के पदाधिकारीगण, सम्मानित कर्मठ कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एव समर्थकों से अपील है कि 25 अक्टूबर को भारी से भारी संख्या में तेनुघाट में प्रसाद के नामांकन सभा में शामिल होकर नामांकन सभा कार्यक्रम को सफल बनाएं।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा**
**Phone- 06541-223994,**
**E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com**

**"आदेश"**

विधानसभा आम निर्वाचन–2024 में मतदान के अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 26–सिमरिया(अ0जा0) एवं 27–चतरा(अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थान में नियोजित व्यक्ति जो विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, को मतदान की तिथि 13.11.2024 को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी दी जाती है।

किसी नियोजक के द्वारा आदेश का उल्लंघन किये जाने पर अधिनियम द्वारा नियत दण्ड अधिरोपित किया जायगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 339223 (Election)24-25*D



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।**
**Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com**

**"आदेश"**

विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के दौरान चुनाव प्रचार के लिए मुद्रण सामग्रियों के उपयोग के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा 127 (A) के तहत सूचित किया जाता है कि चुनाव प्रचार के लिए मुद्रित निर्वाचन पुस्तिका, पम्पलेट, पोस्टर आदि के मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम एवं पता अंकित होना अनिवार्य है। मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिंटींग के तीन दिनों के अन्दर चार प्रति में प्रकाशक के घोषणा पत्र के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अधिनियम की धारा 77 (1) के तहत प्रत्याशियों द्वारा मुद्रित चुनाव सामग्री के व्यय का विवरण निर्वाचन लेखा में अनिवार्य रूप से शामिल किया जायेगा।

किसी प्रत्याशी/ व्यक्ति के द्वारा इस अधिनियम का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत विहित दण्ड अधिरोपित किया जायगा एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अधीन आवश्यक कार्रवाई की जायगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 339221 (Election) 24-25 (D)



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा**
**(परिवहन शाखा)**

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

एतद् द्वारा कोडरमा जिला में निबंधित सभी व्यवसायिक वाहन (BUS, LMV) के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि विधान सभा (आम) निर्वाचन, 2024 के निमित आपके वाहनों को अधियाचित किया गया है, तथा दिनांक 08.11.2024 (स्कोपियो, बोलेरो, सवारी, मैजिक, एवं छोटी वाहन) एवं दिनांक 09.11.2024 (बस) के अपराह्न में बागीटांड स्टेडियम, कोडरमा में जमा करने का निदेश है। वाहन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दर पर वाहन के लिए उपयुक्त मुआवजा का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि निर्धारित तिथि को वाहन जमा नहीं करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के तहत कार्रवाई की जायेगी। जिसके तहत एक वर्ष तक के कारावास एवं जुर्माना का प्रावधान है।

अतः उक्त सभी वाहन स्वामियों को निदेशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय को अचूक रूप से अपना वाहन बागीटांड स्टेडियम, कोडरमा में निम्नांकित कागजातों की प्रति के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

कागजात:–
1. निबंधन पुस्तिका की छाया प्रति।
2. चालक अनुज्ञप्ति की छाया प्रति।
3. मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति।
4. वाहन स्वामी के बैंक खाता संख्या, IFSC CODE के साथ।

वरीय पदाधिकारी, (वाहन कोषांग)
–सह–जिला परिवहन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR.NO.339218 Transport(24-25):D



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निर्वाचन हेतु गठित मतदान दलों/निर्वाचन कार्य में संबद्ध अन्य दलों/पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु राजकीयकृत +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा के परिसर में पूरब तरफ अवस्थित नया भवन का 10 कमरा, नया भवन के पीछे अवस्थित 01 कमरा, नये भवन के उत्तर में अवस्थित 01 हॉल एवं तीन कमरा को चिन्हित किया गया है।

अतः निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदान दलों एवं संबद्ध कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजकीयकृत +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा का सम्पूर्ण परिसर एवं उपस्कर के साथ उपरोक्त चिन्हित कमरों को निर्वाचन कार्य हेतु दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 10.11.2024 तक के लिए अधिग्रहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339199 Election(24-25)#D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़**
**(निर्वाचन शाखा)**
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

**- :: आम सूचना ::-**

रामगढ़ जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समाहरणालय छत्तरमाण्डू के 'ए' ब्लॉक में जिला नियंत्रण कक्ष अधिष्ठापित किया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी तथा विधानसभा आम चुनाव, 2024 से संबंधित शिकायत एवं जानकारी हेतु निम्न दुरभाष संख्या पर सम्पर्क किया जा सकता है। दूरभाष संख्या की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | दूरभाष संख्या |
|---|---|
| 1 | 06553–261417 |
| 2 | 06553–261427 |
| 3 | 06553–1950 |
| 4 | 18003457036 |

"'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़

PR 339189 Election (24-25)_D

खबर मन्त्र
रांची. शुक्रवार.18 अक्टूबर 2024



# सुरक्षा पर सवाल

नई दिल्ली ने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है। यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर जारी है। इसमें धार्मिक स्थलों और पूजा पंडालों को अपवित्र करने, तोड़फोड़ और डकैती जैसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इस पर यूनुस की दलील रही है कि ये हमले राजनीति से प्रेरित हैं और इन्हें सांप्रदायिक नहीं कहा जा सकता। वहीं बार-बार धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के आश्वासन और समय-समय पर मंदिरों में जाने के बावजूद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति नफरत के एक व्यवस्थित पैटर्न को पनपने दिया जा रहा है। बीच-बीच में सरकारी नौकरियों व शिक्षकों की भूमिका निभा रहे अल्पसंख्यकों को जबरन इस्तीफा देने के लिये दबाव बनाने के आरोप भी लगते रहे हैं। यहां तक कि मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश यात्रा के दौरान दिए गए मुकुट के चोरी हो जाने का समाचार पिछले दिनों आया। निस्संदेह, अल्पसंख्यकों के खिलाफ यह मुहिम गंभीर चिंता का विषय है। निश्चित रूप से, यह भारत-बांग्लादेश के संबंधों के लिये परीक्षा का समय है। मुकदमा चलाने के लिये शेख हसीना को वापस भेजने की मांग पर नई दिल्ली की चुप्पी ने ढाका में हलचल बढ़ाई है। दरअसल, बदले हालात में वहां एक वर्ग का उदय हुआ है जो चाहता है कि बांग्लादेश अपने शक्तिशाली पड़ोसी से आंख में आंख डालकर बात करे। हालांकि, यह धारणा गलत व अव्यावहारिक है। फिर भी दोनों पक्षों को बढ़ते अविश्वास की खाई को पाटने में किसी भी देरी को टालना होगा। राजनयिक चैनलों को पूरी ताकत के साथ सक्रिय करने की जरूरत है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

मिथुन : अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

तुला : शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

धनु : बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

कुंभ : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

# कनाडा के क्रेजी प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का पागलपन

इसी साल मार्च में ट्रूडो ने अपने एक वक्तव्य में कहा था कि वह रोज सोचते हैं कि यह क्रेजी जॉब छोड़ दें लेकिन छोड़ नहीं पाते। जस्टिन के लिए प्रधानमंत्री का पद एक क्रेजी जॉब है, जिसे वह अगले चुनाव तक जारी रखना चाहते हैं। शायद ट्रूडो को अपने राजनीतिक भविष्य का अंदाज बहुत पहले हो गया था और इसी कारण वह तमाम उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं और उटपटांग फैसले ले रहे हैं। वे जनता के सवालों का सामना नहीं करना चाहते और उन्हें यह भी सर्वेक्षणों से पता चल गया है कि वह कनाडाई लोगों के बीच लोकप्रियता तेजी से खोते जा रहे हैं। कनाडा का अगला आम चुनाव अगले साल अक्टूबर में ही होने वाला है।

**जनमत सर्वेक्षण में बढ़ रहा पीएम के खिलाफ असंतोष**

अभी तक जितने भी जनमत सर्वेक्षण हुए हैं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि लोगों में उनकी सरकार को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। उनके शासनकाल में कनाडाई लोगों के समक्ष आवास, महंगाई और बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है और विपक्षी कंजर्वेटिव नेता उनकी नाक में दम किए हुए हैं। ट्रूडो अब अपनी ही लिबरल पार्टी पर बोझ बनते जा रहे हैं। कनाडा में यह आशंका घर करने लगी है कि ट्रूडो इनसे पार पाने की स्थिति में नहीं हैं और अच्छा है कि चुनाव से पहले ही वह बाहर निकलने का विकल्प सोच लें। अब उनकी ही पार्टी के कुछ सहयोगियों ने सुझाव देना शुरू कर दिया है कि उनके जाने का समय आ गया है। ट्रूडो का व्यक्तिगत जीवन भी ठीक नहीं चल रहा है। उनकी पत्नी सोफी ग्रेगोइरे पहले ही अलग हो चुकी हैं।



**ट्रूडो सरकार और पुलिस ने भारत पर लगाया सीधा आरोप**

कई अन्य फैसलों के साथ ट्रूडो द्वारा जिस तरह कुछ साल पहले कनाडा की धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर विवाद उत्पन्न किया गया है, उसे भी उनका एक क्रेजी फैसला ही माना जा रहा है। उनके इस बेवकूफी भरे कदम ने भारत और कनाडा के बीच के राजनयिक संबंधों पर ग्रहण लगा दिया है। हद तो तब हो गई जब जस्टिन ट्रूडो की सरकार और पुलिस ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में सीधे तौर पर भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगा दिया। कनाडाई पुलिस ने भारतीय एजेंटों पर हत्या, जबरन वसूली और हिंसक कृत्यों में शामिल होने और खालिस्तान समर्थक आंदोलन के समर्थकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

**आरोपों के पीछे ट्रूडो की राजनीतिक मंशा है**

ये आरोप निश्चित रूप से बेतुके हैं। साफ तौर पर ट्रूडो ने राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा किया है क्योंकि कनाडा में सिख समुदाय की संख्या अच्छी-खासी है और वे उन्हें खुश करने के लिए ऐसा करना चाहते हैं। ट्रूडो की राजनीतिक मंशा इसी से साफ झलकती है। उन्होंने भारत पर यह लांछन एक लाइव टेलीविजन पर बोलते हुए लगाया। ट्रूडो ने कहा कि भारत ने कनाडा में आपराधिक कृत्यों का समर्थन करके एक मौलिक गलती की है। उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने अभी तक अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है, लेकिन अपने अपरिपक्व बयानों से दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों को तनावपूर्ण जरूर बना दिया है। भारत ने ना सिर्फ कनाडा से अपने दर्जनों राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुला लिया है बल्कि वीजा सेवाओं को भी निलंबित करने की पहल कर दी है। छह कनाडाई राजनयिकों को भी भारत छोड़ने के लिए कह दिया गया है।



\- विक्रम उपाध्याय

> जस्टिन ट्रूडो जो इस समय फैसले ले रहे हैं, उनके साथ ना तो कनाडा की जनता है और ना उनकी सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, लिबरल पार्टी के सांसदों का एक समूह भारत के खिलाफ एकतरफा फैसले को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने का दबाव बना रहा है। सीबीसी न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह ओटावा में कई असंतुष्ट सांसदों ने मुलाकात कर ट्रूडो को हटाने के एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए।

**ट्रूडो के साथ न जनता है और न ही उनकी पार्टी**

जस्टिन ट्रूडो जो इस समय फैसले ले रहे हैं, उनके साथ ना तो कनाडा की जनता है और ना उनकी सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, लिबरल पार्टी के सांसदों का एक समूह भारत के खिलाफ एकतरफा फैसले को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने का दबाव बना रहा है। सीबीसी न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह ओटावा में कई असंतुष्ट सांसदों ने मुलाकात कर ट्रूडो को हटाने के एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। सांसदों की यह बैठक हाल ही में सम्पन्न मॉन्ट्रियल और टोरंटो में लिबरल पार्टी के उपचुनाव में हार के बाद हुई थी। कहा तो यह भी जा रहा है कि कम से कम 30 से 40 सांसद नेतृत्व में बदलाव की मांग करने वाले पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल थे।

**राजनेताओं के व्यवहार के लिए बने कानूनों से खुद को ऊपर मानते हैं**

ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादियों के समर्थन के लिए भारत के साथ संबंधों को नष्ट करने का उनका यह प्रयास अब उनके खिलाफ ही माहौल बनाने का कारण बनता जा रहा है। कनाडाई प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि इससे पहले कि वह कनाडा को पूरी तरह से डुबो दें, देश को जल्द से जल्द उनसे खुद को अलग कर लेना चाहिए। एक कनाडाई नागरिक का कहना है कि ट्रूडो नैतिक रूप से भ्रष्ट हैं और अपना पूरा जीवन आत्म-अधिकार की भावना के साथ जीते हैं। वह खुद को अपने पिता पियरे इलियट का पुनर्जन्म मानते हैं। वह यह भी मानते हैं कि कनाडाई करदाताओं का पैसा उनका अपना है और वह जैसे चाहें, उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। वह राजनेताओं के व्यवहार के लिए बने कानूनों से खुद को ऊपर मानते हैं।

**प्रधानमंत्री के रूप में उनकी स्वीकार्यता 63 से गिरकर 28 फीसदी हो गई**

इसी साल अगस्त के अंत में जब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उत्तरी ओंटारियो में एक स्थानीय स्टील कर्मचारी से हाथ मिलाने के लिए हाथ बढ़ाया तो कर्मचारी ने हाथ मिलाने से मना कर दिया और कहा कि ₹मुझे एक पल के लिए भी आप पर विश्वास नहीं है।₹ साफ है कि ट्रूडो से जनता हताश और निराश हो गई है। एक पोल ट्रैकर के अनुसार, प्रधानमंत्री के रूप में ट्रूडो की स्वीकृति दर इस समय 63 प्रतिशत से गिरकर केवल 28 प्रतिशत रह गई है। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे के अनुसार ट्रूडो की सरकार अल्पमत में है और वह उसे गिराने के लिए जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। यदि पोलीवरे सफल होते हैं, तो कनाडा में चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं।

**राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ट्रूडो की सरकार मूल रूप से खत्म हो चुकी है**

इप्सोस के एक राजनीतिक विश्लेषक और पोलस्टर डेरेल ब्रिकर का कहना है कि ट्रूडो की सरकार मूल रूप से खत्म हो चुकी है। इस समय जो कुछ भी हो रहा है, वह रेत के ढेर से रेत खिसकने जैसा ही है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी विदाई की इबारत दीवारों पर लिखी देख रहे हैं, लेकिन उसे नजरअंदाज करने के लिए कनाडाई अस्मिता का एक स्वांग करने का यत्न कर रहे हैं।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

आज जेल से वापस लौटकर राज्य की कमान संभाले 100 दिन पूरे हुए हैं। दिसंबर 2019 में झारखण्ड की अपनी महान जनता के आशीर्वाद से मैंने राज्य की बागडोर संभाली। युवा झारखण्ड में हमारे गरीब, वंचित और शोषित वर्ग के लोग सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए तरसते थे, हमारे आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक खोई हुई पहचान के लिए तरसते थे, हमारे राज्य के नौनिहाल अच्छी शिक्षा के लिए तरसते थे, हमारे होनहार युवा नौकरी और रोजगार के लिए तरसते थे, हमारे मेहनतकश किसान कर्ज के बोझ तले दबे जाते थे, हमारी मातायें-बहनें मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिए तरसतीं थी, हमारे मजदूर भाई-बहन अपनी पहचान के लिए तरसते थे।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# अतार्किक विकल्प: विकसित राष्ट्र बनने के लिए सही प्रयास नहीं

**देवाशिष बसु**

**आर्थिक**

वर्ष 2014 तक भारत जिन अनिश्चितताओं सामना कर रहा था वे अब खत्म हो चुकी हैं। इस सोच के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद की 7 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काफी होगी।

इसके ठोस संकेत भी हैं, जैसे ऋण एवं जीडीपी अनुपात कम होना, चालू खाते का घाटा काबू मे होना, मजबूत बैंकिंग तंत्र, राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहना और मुद्रास्फीति भी कम होना। किंतु एक छोटे समूह (जिसमें मैं भी शामिल हूं) को लगता है कि ये सभी दावे बढ़ा-चढ़ा कर पेश किए जा रहे हैं।

कई सकारात्मक बातों से कुछ समय के लिए अनुकूल स्थिति तैयार हो गई है मगर ये भारत की कुछ बुनियादी कमजोरियों पर पर्दा डालने का ही काम कर रही हैं। कुछ सकारात्मक बातों के समर्थन में दिए जा रहे आंकड़े भी सवालों के घेरे में हैं। आइए, सभी सकारात्मक बातों पर बारी-बारी से विचार करते हैं।

ऋण-जीडीपी अनुपातः सरकार का दावा है कि भारत का ऋण-जीडीपी अनुपात कम है मगर विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टऋ) के अनुसार यह 82 प्रतिशत से अधिक है, जो अब तक के सबसे ऊंचे स्तर के पास है। यह अनुपात 2014 में बिल्कुल नीचे था और वहां से लगातार बढ़ते हुए कोविड महामारी के दौरान 89 प्रतिशत तक पहुंच गया था। उसके कुछ वर्ष बाद तक यह 80 प्रतिशत के ऊपर ही रहा। इससे पहले 2004 में यह अनुपात 80 प्रतिशत के ऊपर गया था। पिछले 25 वर्षों में इसका उच्चतम स्तर 2003 में था, जब यह 83 प्रतिशत रहा था, जो आज के स्तर से दूर नहीं है।

चालू खाताः चालू खाते पर आयात, निर्यात और वित्तीय प्रवाह (निवेशकों और विदेश से आने वाली रकम) का मुख्य प्रभाव होता है। आयात बढ़ रहा है और (कच्चा तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोना) कम होने वाला नहीं है। निर्यात उतनी तेजी से नहीं बढ़ रहा है। 2013 में देश से हुए कुल निर्यात का मूल्य जीडीपी का 25 प्रतिशत था मगर 2015 के बाद यह घट गया और फिलहाल जीडीपी का 22.8 प्रतिशत है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014-15 और 2023-24 के बीच भारत से वस्तुओं का निर्यात बढ़ता गया और वित्त वर्ष 2015 के 310 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 437 अरब डॉलर हो गया। मगर यह केवल 3 प्रतिशत सालाना चक्रवृद्धि दर है। चूंकि यह मुद्रास्फीति दर से काफी कम है और रुपया भी कमजोर रहा है, इसलिए भारत से निर्यात होड़ में बहुत पीछे है। इस बीच आयात में 4.67 प्रतिशत सालाना चक्रवृद्धि हुई है।

सेवा निर्यात के आंकड़ों ने बचा लिया, जो इसी अवधि के दौरान 8.92 प्रतिशत बढ़ा। मगर चालू खाते का अहम घटक यानी वस्तुओं का व्यापार कमजोर रहा है। इस कमी को विदेश से आने वाले निवेश और धन ने कुछ हद तक पूरा किया मगर उनके आंकड़े भी बहुत खुशगवार नहीं हैं।

वित्त वर्ष 2015 में इन तरीकों से कुल 65.7 अरब डॉलर पूंजी आई थी, जो वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर 105.8 अरब डॉलर हो गई मगर यह केवल 5.58 प्रतिशत सालाना चक्रवृद्धि है। पिछले 10 वर्षों में चालू खाते का घाटा जीडीपी का 1-2 प्रतिशत रहा है, यानी इसमें कोई बुनियादी सुधार नहीं हुआ है।

बैंकिंग प्रणालीः इस पर भी बड़े दावे किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने अपने बहीखाते साफ कर लिए हैं। निजी बैंकों के साथ ऐसी समस्या थी ही नहीं। दुर्भाग्य से बहीखाते एक बार साफ करना और संचालन तथा प्रबंधन में बुनियादी बदलाव लाना बिल्कुल अलग-अलग बातें हैं। आश्चर्य की बात यह है कि पहले कर्ज फंसने की सबसे बड़ी वजह को जान-बूझकर अनदेखा किया जा रहा है। ऋण मंजूर करने में बैंक अधिकारियों का भ्रष्टाचार और सिफारिश पर कर्ज दिया जाना बैंकों की दुर्दशा के बड़े कारण रहे हैं।

बैंकों को जवाबदेह बनाने की कोशिश कभी हुई ही नहीं है। वास्तव में भारतीय रिजर्व बैंक, वित्त मंत्रालय, बैंकों की निगरानी टीम और बैंक चेयरमैन समेत हर किसी ने फंसे कर्ज के लिए दो बाहरी वजहें बताई हैं सामान्य कारोबारी विफलता और खराब दिवालिया कानून। मगर ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) हमें दिखा चुकी है कि बैंकों में कितना ज्यादा भ्रष्टाचार है। बिना किसी की जवाबदेही तय किए ही लाखों करोड़ रुपये बट्टे खाते में डाल दिए गए हैं। इसका क्या सबूत है कि परिस्थितियां अब बदल गई हैं?

# देश के रेलवे नेटवर्क में क्यों होते है सिग्नल फेल

**प्रियंका सौरभ**

**सामयिक**

**देश** का रेलवे बुनियादी ढांचा विशालतम होने के साथ बेहद पुराना है। इसके पुराने होने की वजह से भी विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएं आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं।

दरअसल, भारतीय रेलवे के एक लाख किलोमीटर से अधिक फैले देशव्यापी ट्रैक नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन करीब ढाई करोड़ यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। साल 2019-20 की एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार रहा। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमशः 14 और आठ फीसदी के लिए जिम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019-20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं गिनाई गईं। इनमें से 17 दुर्घटनाएं में ट्रैक में खराबी के कारण हुईं। नौ हादसे ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुए।

ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत जरूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियां गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इनके नियमित रखरखाव की जरूरत होती है। जरा-सी लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है।कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का खतरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर-दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई। ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियां होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है।

कई भारतीय रेलगाड़ियां पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिजाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। 2023 की ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव-प्रतिरोधी थे। मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी भी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 की बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में छह घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे बचाव कार्यों में देरी हुई।

इन कमियों को दूर करने में 'कवच' प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया है। इसके बाद रेल हादसों में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगता है। दक्षिण-मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें। कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है। परीक्षणों से पता चला है कि कवच-संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 50 फीसद की कमी आई है। कवच का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान करते हुए अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है। राष्ट्रीय रेल योजना 2030 में कवच को 34,000 किलोमीटर के उच्च-घनत्व वाले मार्गों पर विस्तारित करने की परिकल्पना है। 2024 के रेल बजट में 1, 112.57 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी में से प्रमुख रेलवे गलियारों में कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली का विस्तार होना है। कवच के कार्यान्वयन के बाद बेंगलुरु-चेन्नई मार्ग पर आपातकालीन प्रतिक्रिया समय कम हो गया है। कवच प्रणाली सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी समाधान प्रदान करती है। सिग्नलिंग प्रणालियों को आधुनिक बनाकर, टकरावों को रोककर और ट्रेन परिचालन में सुधार करके, कवच उन कई कमियों को दूर कर सकता है जो दुर्घटनाओं में योगदान करती हैं। भारत में सुरक्षित रेलयात्रा सुनिश्चित करने के लिए इसके कार्यान्वयन को पूरे नेटवर्क में विस्तारित करना महत्वपूर्ण है।

# आज से नामांकन शुरू, लेकिन प्रत्याशियों की घोषणा नहीं




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पूरे सूबे में सियासी पारा और सरगरमी तेज हो गई है। चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के मतदान को लेकर 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू हो जाएगा, लेकिन अभी तक किसी भी दल या पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है, जिससे दोनों विधानसभा क्षेत्रों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, जिला प्रशासन ने सिमरिया और चतरा विधानसभा नामांकन के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली हैं।अब तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन की तिथि की घोषणा नहीं की है, इसलिए यह देखना होगा कि नामांकन के पहले दिन कौन और किस दल से नामांकन के लिए सामने आता है।

## विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बैठक

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक चतरा और जिले के सभी बैंकों के समन्वयकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि चतरा और सिमरिया विधानसभा चुनाव का प्रथम चरण 13 नवंबर को होना है, इसके लिए 18 से 25 अक्टूबर तक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन भरा जाएगा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम स्थल का लिया जायजा

**कोडरमा।** झारखण्ड विाानसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इसके अंतर्गत 19-कोडरमा विाानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए 18 अक्टूबर 2024 को नोटिफिकेशन जारी होगा, जिसके बाद नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। नामांकन की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर 2024 को होगी। नामांकन वापस लेने के लिए अभ्यर्थी के पास 30 अक्टूबर 2024 तक का समय रहेगा। मतदान 13 नवंबर 2024 होंगे। मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगा। इसकी तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया की तैयारी का जायजा लिया।

## मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर 2024 को होगा। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए समाहरणालय परिसर से दो मतदाता जागरूकता रथ रवाना किए गए। ये रथ सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे।

## एक नजर में

## भद्रकाली महाविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** विश्व खाद्य दिवस का आयोजन भद्रकाली महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक एवं दो के तत्वावधान में विश्व खाद्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने की।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया ।तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्रसंघ के खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा 1981 से विश्व खाद्य दिवस का आयोजन पहली बार किया गया था, जिसका उद्देश्य संपूर्ण विश्व में खाद्य पदार्थों का सरलता से प्रवाह हो सके और सभी को आसानी से भोजन प्राप्त हो सके। उन्होंने आगे कहा कि विश्व खाद्य दिवस 2024 की थीम बेहतर जीवन और बेहतर अधिकार है। कार्यक्रम को छात्र/छात्राओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बालेश्वर पासवान तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 महेंद्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में प्रो0 श्यामसुंदर प्रसाद,प्रो0 ललित मोहन सिन्हा,प्रो0 जानकी प्रसाद दांगी,प्रो0सकेंदर मिस्त्री,प्रो0 मधुबाला कुमारी, प्रो0 राकेश, शुभम सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## नीट पीजी में ऑल इंडिया रैंक 60 प्राप्त कर ऋषभ ने जिले का नाम रोशन किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के डिवीजन चेयरमैन राहुल चौरसिया ने समाज के होनहार डॉक्टर ऋषभ चौरसिया को उनकी नीट पीजी में ऑल इंडिया रैंक 60 प्राप्त करने पर बधाई दी। डॉक्टर ऋषभ चौरसिया एक मध्यम परिवार से आते हैं और उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपने परिवार, समाज, जिला और राज्य का नाम रोशन किया है। राहुल चौरसिया ने डॉक्टर ऋषभ को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि डॉक्टर ईश्वरीय शक्ति का दूसरा रूप हैं और इस धरती पर सिर्फ दो भगवान हैं, एक माँ और दूसरा डॉक्टर। डॉक्टर ऋषभ ने अपने पैतृक जन्म भूमि पर कुलदेवता, देवी मंदिर की पूजा की और अपने दादा-दादी, चाचा-चाची, भाई-भाभी, भाई-बहन, गाँव, समाज के माननीय और आदरणीय समाज सेवकों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया। बधाई देने वालों में कुलदीप दास रामनरेश चौरसिया, संदीप चौरसिया, निरंजन चौरसिया, राज कुमार, कंचन चौरसिया, किरण चौरसिया, अंजु चौरसिया, ऋषि राज, अरनव, आरव, रिया, ऋषिका, ईशिका, आनवी, शानवी और समस्त ग्राम वासियों ने डॉक्टर ऋषभ चौरसिया को बधाई दी।

### नामांकन शुल्क सामान्य व ओबीसी के लिए 10 हजार, एससी एसटी के लिए 5 हजार

# नामांकन प्रक्रिया का करायी जायेगी वीडियोग्राफी : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड में प्रथम चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशियों का नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न होगा। नामांकन के दौरान प्रत्यशियों के साथ उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए तथा शांतिपूर्ण तरीके से नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न करवाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर अनुमंडल कार्यालय समेत 100 मीटर के दायरे में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किया गया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अनुमंडल कार्यालय के गेट, एनएच से सटे प्रवेश गेट और प्रेस क्लब भवन के समीप बेरिकेटिंग किया गया है।

### एसडीओ के समक्ष होगा नामांकन

विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ के समक्ष प्रत्याशी अपना नामांकन करवाएंगे। नामांकन प्रक्रिया में सहयोग के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा, सीओ डोमचांच रविन्द्र कुमार पांडेय और सीओ सतगावां केशव प्रसाद चौधरी को प्रतिनियुक्त किया गया है।




### सामान्य व ओबीसी के लिए 10 हजार, एससी एसटी श्रेणी के लिए 5 हजार नामांकन शुल्क

चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए नाम निर्देशन को लेकर अलग अलग शुल्क निर्धारित किया गया। इसमे सामान्य और ओबीसी वर्ग के प्रत्याशियों को नाम निर्देशन (नामांकन प्रपत्र) शुल्क 10 हजार है, जबकि एससी और एसटी वर्ग के प्रत्याशियों के लिए 5 हजार है।

### नामांकन प्रक्रिया का कराई जायेगी वीडियोग्राफी : उपायुक्त

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि विस चुनाव को लेकर लगभग सभी प्रकार की तैयारियां पूरी हो चुकी है, जिला और पुलिस प्रशासन भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर तैयार है। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशियों का नाम निर्देशन का कार्य शुरू हो जाएगा। शांतिपूर्ण तरीके से नामांकन प्रक्रिया को सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। नामांकन प्रक्रिया चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत किया जाएगा।

## कार्यशाला का आयोजन



**कोडरमा।** विधान सभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निमित्त प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन विभाग, उत्पाद विभाग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, आयकर अधिकारी, राज्य कर सहायक आयुक्त, व्यय प्रेक्षक कोषांग, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी व एकाउंटिंग टीम के पदाधिकारी और कर्मीयों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षु सुदीप सहाय और अश्विनी तिवारी द्वारा सभी पदाधिकारी और कर्मीयों को उनके कार्य दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराना प्राथमिकता है। सभी टीम आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। चेक पोस्टों पर छोटे से बड़े वाहनों का सतत् जांच करें। अवैध शराब के खिलाफ निरंतर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिये और अवैध शराब बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर एसडीपीओ अनिल, डीएसपी मुख्यालय रतिभान सिंह, आयकर अधिकारी, राज्य कर सहायक आयुक्त समेत संबंधित टीम के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## सर सैय्यद अहमद खां और शैक्षणिक क्रांति पर संगोष्ठी का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** शहर के वादी ए ईरफाँ स्थित ए एम सिद्दिक पब्लिक स्कूल में सर सैय्यद अहमद खां और शैक्षणिक क्रांति पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत ए कुरान पाक से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रो. उमर फारूक ने सर सैयद अहमद खां की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुई थी। 22 वर्ष की उम्र में उनके पिता का निधन हो गया। 1841 में उत्तर प्रदेश के मैनपुर में वो जज बने 1872 में नौकरी छोड़ राष्ट्र को आधुनिक से जोड़ने के लिए तालीम मिशन में लग गए। श्री खान कहा करते थे कि जब तक हमारे राष्ट्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा नहीं दी जाएगी तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद मुजम्मिल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र प्रेम और शिक्षा के क्षेत्र जो कुबार्नी उनके द्वारा दिया गया वह इतिहास के पन्नो में देखा जा सकता है। सर सैयद कहते थे मेरी किस्मत में भीख मांगना लिखा था मगर शुक्र है अपने लिए नहीं बल्कि सैयद कॉलेज के लिए वह कहते थे जब मुझे कोई निमंत्रण करके खाने पर बुलाता था तो मैं उनकी निमंत्रण कबूल करके कहता था जो मेरे खाने में खर्च करोगे वह पैसा कॉलेज फंड में दे दो?। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने नात तराना, भाषण, राइम्स, कलमा, नज्म, सहित वाद विवाद प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र छात्राओं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को कक्षा नवम की छात्रा मनतशा जन्नत ने बहुत ही बेहतर ढंग से संचालित किया, वहीं आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिका मो. आरीफ, मो. एजाज, मो. सूफियान, मो. काशिफ, निर्मल कुमार, हाफिज अब्दुल राशिद, हाफिज अली, हाफिज फैजान, मो. खालीद, सीमा, शाहीन, मुदस्सिरा, आरजू, मुस्कान, साइमा, शम्मा, नगमा, सिद्दीका इत्यादि ने अहम राल अदा किया।

## मां भद्रकाली ज्वेलर्स एवं गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी शॉप का हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** चतरा चौपारण रोड स्थित बरहमपुर मुख्य चौक में मां भद्रकाली ज्वेलर्स गोल्ड एंड डायमंड ज्वेलर्स शॉप का उद्घाटन मुखिया सुमीरा कुमारी और संचालक के पिता चंद्रदेव साहू ने किया। संचालक शुभम कुमार सोनी ने बताया कि यहां लेटेस्ट डिजाइन की ज्वेलरी कलेक्शन है। सोना चांदी ज्वेलर्स खरीद पर विशेष छूट दी जाती है। सोने के गने की मेकिंग चार्ज पर 5 से 10 प्रतिशत की छूट है और डायमंड ज्वेलरी की एमआरपी पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उद्घाटन के मौके पर वार्ड सदस्य रजनी देवी, विवेक कुमार साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** आगामी विधानसभा 2024 का चुनावी बिगुल बजने के साथ ही गुरुवार को बीडीओ हुलास महतो ने प्रखंड अंतर्गत पुराने बूथों से नए बने 11 बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान नए बने बुथ संख्या 371 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुरहा पश्चिम भाग, बुथ संख्या 372 नव प्राथमिक विद्यालय लालूडीह, बुथ संख्या 381 आंगनबाड़ी केंद्र नवाडीह 1, बुथ संख्या 382 प्रथमिक विद्यालय गरगडीहा, बुथ 386 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बिचरिया, बुथ संख्या 389 नव प्राथमिक विद्यालय ओरकोसा, बुथ संख्या 392 उत्क्रमित विद्यालय योगीडीह, बुथ संख्या 393 उत्क्रमित प्राथमिक योगीडीह, बुथ संख्या 395 नव प्राथमिक विद्यालय राजा रायडीह, बुथ संख्या 417 आंगन बाड़ी केंद्र रोशनबागी, बूथ संख्या 429 उत्क्रमित प्राथमिक ललकापानी बुथों का निरीक्षण किया व बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर विधानसभा चुनाव-2024 को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम बिरसा मुंडा सांस्कृति भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशिक्षक रवि कान्त कुमार रवि, सुदीप सहाय, अश्विनी तिवारी, उमेश सिन्हा समेत अन्य प्रशिक्षकों ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी पहलुओं की जानकारी दी। चुनाव से संबंधित उनके दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में बताया गया। मतदान केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं, मतदान से पहले की प्रक्रिया, मतदान दिवस के दिन की प्रक्रिया, संवेदनशील मतदान केंद्रों, वनरेबल मैपिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

## डीसी ने सभी कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारी के साथ किया बैठक




खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों ने अपनी तैयारियों से अवगत कराया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों से इलेक्शन मोड में रहने और टीम वर्क के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षणों की तिथि और निर्वाचन कोषांग द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली।उपायुक्त ने संबंधितों को मतदान कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को पूरा करने, पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने, वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।उन्होंने निर्वाचन आयोग के हैंड बुक में दिए गए निर्देशों का पालन करने और अंतर जिला व राज्य पर चेकिंग अभियान को सक्रिय करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान 24, 48 व 72 घण्टे के प्रोटोकॉल को अनिवार्य रूप से लागू करने पर बल दिया। उन्होंने स्वीप कोषांग को पीवीटीजी टोला, दिव्यांग, वृद्ध, कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जहां 2019 के विधानसभा और लोकसभा एवं 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है, वहां मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाएं।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, सभी कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी समेत अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।

## 108 एम्बुलेंस चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**कोडरमा।** आपातकालीन परिस्थितियों में आपकी एक कॉल पर सायरन बजाते हुए घटनास्थल तक पहुंच कर आपको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने वाली 108 एंबुलेंस की सेवा अगले कुछ दिनों तक नहीं मिलेगी। 108 एम्बुलेंस चालक के वेतन नहीं मिलने के कारण हड़ताल पर चले गए हैं। सड़क दुर्घटना समेत सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पतालों में रेफर होने वाले मरीजों की परेशानियां बढ़ गई है। जिले में आउटसोर्सिंग एजेंसी के तहत काम करने वाले 108 एंबुलेंस के 20 ड्राइवर और 20 मेडिकल टेक्नीशियन अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

# आवश्यक सेवाओं के लिए डाक मतपत्र से मतदान पर समीक्षा बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने एसेंशियल सर्विस (अनिवार्य सेवा) के पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु संबंधित नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि 08 एसेंशियल सर्विसेंज में जो पोल डे यानी 13 मई को नियुक्त रहेंगे, उनके लिए निर्वाचन आयोग ने डाक मतपत्र से मतदान करने की व्यवस्था की है। चतरा जिले में कुल 8 संचालित अनिवार्य सेवा प्रेस सूचना ब्यूरो व सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, एम्बुलेंस सेवाएं, जेल, पोस्ट और टेलीग्राम, बीएसएनएल, अग्निशमन सेवा समेत अन्य के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि ऐसे कर्मी जिनका मतदान के दिन ड्यूटी लगी रहती है और वे अपने मत का प्रयोग करने से वंचित रह जाते हैं, उनके लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था की गई है। सभी कर्मियों की सूची 18 अक्टूबर 2024 के 2 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। बैलेट पेपर से मतदान वाले कर्मियों के लिए संबंधित नोडल पदाधिकारी 12डी एवं 12डी पार्ट 2 फार्म मतपत्र कोषांग( डीआरडी भवन) से प्राप्त कर सकते हैं। एसेंशियल सर्विस वाले मतदाता जिनका फार्म बैलेट पेपर के लिए भरा जाएगा, वे मतदान दिवस के दिन बूथ पर जाकर मतदान नहीं कर सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि ऐसे मतदाता जो निर्वाचन के दौरान ड्यूटी पर रहेंगे, उनका शत प्रतिशत मतदान हो सके इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी समय से पूर्व कर ली जाए। उक्त बैठक में सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा एप का दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष प्रसाद यादव एवं ईडीएम राजदेव महतो के नेतृत्व में झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा एप का प्रशिक्षण पीपीटी के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण में चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा ली जाने वाली अनुमति यथा जनसभा, रैली, वाहन, लाउडस्पीकर, अस्थाई चुनाव कार्यालय, हेलीपैड, हेलीकॉप्टर, होर्डिंग, पोस्टर, बैनर आदि की अनुमति को सुविधा एप पर निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में विस्तार से बताया गया।

## स्पीड न्यूज

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विद्यालयों व कॉलेजों में चला जागरूकता कार्यक्रम



गुमला। गुमला जिले में मतदाताओं को जागरूक करने एवं नैतिक मतदाताओं के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले के लगभग 15 से अधिक उच्च विद्यालयों एवं कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसके साथ ही लगभग 200 से अधिक नए मतदाताओं का फॉर्म 6 भरवाते हुए मतदाता सूची में उनके नाम को जोड़ने का कार्य किया गया। ज्ञात हो कि गुमला जिले में प्रथम फेज में 13 नवंबर को मतदान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के दिशा निर्देश पर, जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी के नेतृत्व में विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्वीप सेल द्वारा जारी स्वीप कैलेंड के अनुसार जिले में कल दिनांक 18 सितंबर को वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत सभी विभागीय कार्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम सहित शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### मिशन बदलाव के सदस्यों ने किया रक्तदान

गुमला। मिशन बदलाव सदस्य जनक गोप व निशांत कुमार ने गुरूवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में मरीज की जीवन रक्षा को लेकर दो यूनिट रक्तदान किया। जिसमें जनक गोप ने मरीज एंजलीना तिर्की के लिए रक्तदान किया। दोनों ने विकट परिस्थिति में रक्तदान कर दोनों मरीजों की जीवन की रक्षा की।

### अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार




गुमला। गुमला थाना कांड संख्या 254/2022 एस टी352 धारा 307 आईपीसी के अभियुक्त संतोष उरांव पिता स्व बसिया उरांव ग्राम फटकपुर थाना गुमला जिला गुमला के घर पर गुमला पुलिस ने ढोल नगाड़ों के साथ इश्तेहार चस्पा किया। वहीं मौके पर मौजूद परिजनों व ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि जिस किसी के सम्पर्क में संतोष उरांव है उसे सुचना करें की जल्द से जल्द वह न्यायालय गुमला में या थाना में सरेंडर हो जाये। अन्यथा कानून की अग्रतर कार्यवाही की जाएगी।

### चुंदरी के ग्रामीणों ने नये स्वास्थ्य उपकेंद्र बनवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



घाघरा। घाघरा प्रखंड के चुंदरी गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर पूर्व में बने स्वास्थ्य उपकेंद्र के जगह पर ही नये स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने का मांग करते हुए अंचलाधिकारी आशीष मंडल को हस्तलिखित आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि जिला परिषद विभाग के द्वारा चुंदरी पंचायत में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे अंचल के द्वारा नये जगह पर बनाने के लिए सीमांकन के जमीन दिया गया है। पूर्व में जिस जगह पर स्वास्थ्य उपकेंद्र था उसी जगह पर नया स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाया जाए ताकि उस जगह का उपयोग पूर्व के भांति स्वास्थ्य उपकेंद्र के नाम से ही होता रहे। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि पुराने स्वास्थ्य उप केंद्र गांव के बीचो-बीच स्थित है। जिससे लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। वही मौके पर मुख्य रूप से विशुन उरांव, लालजीत उरांव, मुनेश्वर उरांव, शंकर उरांव, कृष्ण प्रजापति, आनंद महली, सुनील उरांव, कैलाश महतो, लगनु महतो, बुधनाथ लोहार, संगीता देवी, रंथी देवी, बसंत महतो, नंदकिशोर लोहार, दिलीप महली सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### घाघरा के बेलागड़ा गांव में वज्रपात से दो मवेशी की हुई मौत



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागड़ा गाँव में गुरुवार को हुए बज्रपात की चपेट में आने से मंगल उरांव का एक गाय एवं एक बैल की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना उस समय घटी जब मंगल अपने मवेशी को खेत में चराने गया था। इसी बीच हल्की बारिश के साथ बज्रपात हुवी और दोनो मवेशी की मौत मौके पर हो गयी। गनीमत ये रहा कि वारिश के कारण मंगल मवेशी छोड़ कुछ दूर चला गया था। जिससे वह बच गया। मंगल ने अंचल प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।


### ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा


गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के सिलम घाटी बाईपास मोड़ में गुरूवार की शाम एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई है। इस घटना में वाहन चालक ट्रक में फंसा हुआ है जबकि उप चालक किसी तरह बाहर निकल गया है। स्थानीय ग्रामीण चालक को निकालने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन अब तक वे सफल नहीं हो पाये हैं। चालक की जीवन रक्षा को लेर लोग क्रेन मंगाने में जुटे हुए थे। ट्रक सिलम से डुमरडीह की ओर जा रहा था।

अंजुमन इस्लामिया के सदर व सचिव ने झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर को आवेदन देकर की मांग

## लोहरदगा से डॉ रामेश्वर उरांव को नहीं बनायें उम्मीदवार

स्थानीय व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने का किया अनुरोध





खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी एवं सचिव शाहिद अहमद बेलू ने गुलाम अहमद मीर प्रभारी प्रदेश कांग्रेस कमिटी को आवेदन देकर 72-लोहरदगा (अजाज) विधानसभा क्षेत्र से निवर्तमान विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को उम्मीदवार नहीं बनाकर किसी स्थानीय व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने का अनुरोध किया है। पदाधिकारियों ने अपने आवेदन में कहा है कि लोहरदगा जिला के अल्पसंख्यक समुदाय खास कर मुस्लिम समाज हमेशा से ही सेक्युलर जमात, संविधान एवं कांग्रेस गठबंधन के साथ रही है। इस चुनाव में भी हम अल्पसंख्यक समाज सेक्युलर जमात के साथ ही रहेंगे। झारखण्ड में अल्पसंख्यक (मुस्लिम) समाज को समुचित प्रतिनिधित्व मिले, इसके लिए लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया विधानसभा चुनाव में झारखण्ड में कम से कम चार सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी देने का आला कमान से मांग करती है। जहां तक लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की बात है, तो वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव से लोहरदगा के अल्पसंख्यक मुस्लिम काफी नाराज हैं। इसका कारण विगत वर्ष 2020 में एनआरसी को लेकर लोहरदगा में दो समुदायों के बीच दंगा हुआ था, जिसमें मुस्लिम समुदाय के कई दुकानें जला दिये गये थे। साथ ही सैकड़ों मुस्लिम लोगों के उपर प्रशासन के द्वारा झूठे मुकदमें दर्ज किये गये थे। यह प्रशासन और सरकार का एक तरफा कार्रवाई था। इसी बात को लेकर डॉ रामेश्वर उरांव से लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया समाज के लोग मदद और इंसाफ की मांग किये थे। उस समय डॉ रामेश्वर उरांव मुस्लिम समाज के लोगों के उपर हो रहे जुल्म एवं एकतरफा कार्रवाई पर कोई मदद नहीं किये। इसके अलावा विधायक डॉ उरांव के इशारे पर उनके पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव के द्वारा अंजुमन इस्लामिया के वरिष्ठ सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता पर झूठा मुकदमा कर उसे प्रताड़ित करने का काम किया है।

## अधिक से अधिक मतदान को लेकर लोगो को बीडीओ ने मतदाताओं को जागरूक करने का दिया निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



भंडरा। प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ व पर्यवेक्षक शामिल हुए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता की घोषणा हो चुकी है। इसके बाद निर्वाचन आयोग राज्य में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर तैयारी में जुट गई है। इसके निमित्त प्रखंड में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने में बीएलओ व पर्यवेक्षक की भूमिका अनिवार्य है। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन से संबंधित कार्यों के प्रति लोगों को विस्तृत जानकारी दी। मौके पर सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में प्राप्त डेमो ईवीएम मशीन के माध्यम से ग्रामीणों को डेमो कराकर मतदान करने की प्रक्रिया से अवगत कराएं। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के दिव्यांग मतदाताओं की सूची प्रखंड कार्यालय में दो दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने मतदान से पूर्व मतदाता पर्ची डोर-टू-डोर जाकर लोगों के घरों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। मौके पर नीलम कुमारी, विनीता कुमारी, बबिता कुजूर, सुमित्रा टोप्पो, अनिता उरांव, गौरव गौरीश सहित पर्यवेक्षक मौजूद थे।

## अपने मत का जरूर करे प्रयोग : डीसी लोहरदगा





स्वीप कार्यक्रम के तहत बैलून फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन

वोट से देश के विकास में दे अपनी सहभागिता : एसपी

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मे बैलून छोड़कर मतदाताओ से पहले मतदान फिर जलपान की अपील की। पहला चरण 13 नवंबर को लोहरदगा जिले में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। जिसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है जिससे जिले में वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सके। कार्यक्रम की शुरूआत प्लस टू चुन्नी लाल उच्च विद्यालय लोहरदगा से की गई जो शास्त्री चौक, थाना चौक होते हुए बड़ा तालाब परिसर में संपन्न हुई। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पदाधिकारी एवं स्कूली बच्चों को शपथ दिलाई गई। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे ने कहा कि हर हाल में अपने मत का प्रयोग करे। उन्होंने कहा की अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने की जरूरत है। वही एसपी हारिश बिन जमा ने कहा कि देश के विकास में अपना योगदान के लिए हर हाल में सभी मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में नगर प्रशासक मुक्ति किरो के अलावा शैलेंद्र सुमन, गौतम लेनिन, चुन्नीलाल हाई स्कूल प्रिंसिपल मुकेश कुमार, शिक्षक गणेश लाल, संध्या सिंह, पुष्पा बाखला, संध्या कुजूर, रेणु तिग्गा, सरोज तिर्की, सूरज साहू, कृष्णा साहू ,मेराज आलम, जफर आलम गौतम कुमार, रोशन मुंडा व बच्चे उपस्थित थे।

डाक मतपत्र के संबंधित तैयारियें को लेकर गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी ने की बैठक, कहा

## कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहें

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानसभा चुनाव में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट के जरिये मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कई दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हो कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों की ओर से उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं। उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों को इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, मतपत्र के पूर्व एवं मतपत्र के साथ दिए जाने वाले फॉर्म 12 डी एवं 13, 13 ए, 13 बी, 13 सी आदि की जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में उपस्थित आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के प्रतिनिधियों से कहा कि वो ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार कर लें जो मतदान दिवस पर आवश्यक सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें। उपायुक ने कहा कि 23 अक्टूबर से पूर्व सभी संबंधित विभाग फॉर्म जमा कर दें। फॉर्म पुराने समाहरणालय भवन में जमा किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहे उसका ध्यान रखें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है। बैठक में वरीय प्रभारी रीना हांसदा एवं संबंधित रेलवे के अधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीआरओ, बिजली विभाग, बीएसएनएल के जीएम, जेल, सहित अन्य कार्यालयों के प्रभारी उपसिीत थे।

### विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में रानी दुर्गावती की मनायी जयंती





बसिया। विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में प्रभारी प्रधानाचार्य गुलाब ओहदार की अगुवाई में रानी दुर्गावती का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मौके पर संभाषण, भेष भूषा एवं भेष संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संभाषण प्रतियोगिता में प्रथम रिया कुमारी, द्वितीय शाक्षी कुमारी एवम तृतीय गौरव जायसवाल रही। वहीं भेष संभाषण प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिक्षा कुमारी, द्वितीय बैष्णवी हजाम व तृतीय पम्मी रही। वहीं भेष भूषा प्रतियोगिता में प्रथम प्राची सिंह, द्वितीय अदिति सौम्य व तृतीय अनुराधा रही। बिजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन नवीन मिश्रा ने किया।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने चैनपुर प्रखंड स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने गुरुवार को संयुक्त रूप से विधानसभा चुनाव के निमित गुमला जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर चैनपुर प्रखंड स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। डीसी एवं एसपी ने प्रखंड के कुकरंजा स्थित बूथ संख्या 135, तबेला स्थित बूथ संख्या 134, बरडीह स्थित बूथ संख्या 133, उरू स्थित बूथ संख्या 131, दरकाना स्थित बूथ संख्या 124, पोटाम बेहरा टोली स्थित बूथ संख्या 125 सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया गया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं। मौके पर उपायुक्त द्वारा मतदान दिवस के दिन मेडिकल किट की व्यवस्था, बूथ में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, आवश्यक व्यवस्था आदि का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ चैनपुर, सीओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन



सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में बुधवार को जिला के सभी सरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ पुस्तकालय संचालन प्रशिक्षण सह नवम और एकादश कक्षा में नामांकन हेतु कार्यशाला आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जेएनवी के प्रभारी प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा और डायट केंद्र चिरी की प्रचार्या अमृता सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वही पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए पुस्तकों का जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में सबों के साथ अपने विचार को साझा किया और वर्तमान समय में पुस्तकालय से विद्यार्थियों के विमुखीकरण को रोकने पर आवश्यक रणनीति बनाने हेतु जोर दिया गया। इस अवसर पर डायट केंद्र चिरी की प्राचार्य अमृता सिन्हा ने सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं से विद्यालयों पुस्तकों का रख रखाव के लिये पुस्तकालय के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। साथ ही जिला पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष रोमा रंजना कुमारी द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पुस्तकालय से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं को ऑनलाइन जानकारी दिया गया। साथ ही नवोदय विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने भी पुस्तकालय का महत्व के बारे में जानकारी दिया। मौके पर रविशंकर कुमार, श्याम बिहारी महतो, विजय बैठा, महबूब आलम, ललिता कुमारी, डी कुमार, टाटा सिन्नी के तरुण कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## डीसी ने की पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग के साथ बैठक, दिये निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। उपायुक्त सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों अपने अधीनस्थ कर्मियों जो 13 नवंबर के दिन जो मतदान कार्य में व्यस्त रहेंगे उनके लिए आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही फॉर्म भरने और आवश्यक दस्तावेज साथ में प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रमोद कुमार दास, रेलवे की ओर से नोडल अफसर गजेंद्र यादव, मीडिया की ओर से नोडल अफसर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, विद्युत विभाग के दीपक खलखो, बीएसएनएल के मनोज पासवान, पोस्ट एवं टेलीग्राम, स्वास्थ्य, ट्रैफिक, जेल समेत अन्य विभागों के नोडल अफसर उपस्थित थे।

## लोहरदगा के पांचों विधानसभा में इंडिया गंठबंधन की होगी जीत : सुखदेव भगत

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में प्रत्याशियों की चयन के लिए प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व से चर्चा करने और स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक में शामिल होने के लिए बुधवार को रांची रवाना हुए। इस दौरान सुखदेव भगत कांग्रेस प्रदेश के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश नेतृत्व से रायसुमारी बैठक कर प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा करेंगे। सांसद ने कहा निश्चित रूप से इंडिया गठबंधन सत्ता में वापसी कर रही है और हम लोहरदगा लोकसभा सीट के पांचों विधानसभा सीट जीत कर राज्य में फिर से सरकार बना रहे है। जिसके लिए लगातार कार्यकर्ताओं से चर्चा की जा रही है। बीजेपी यहां के आदिवासी और मूलवासी से नफरत करती हैं और लोगो का झुकाव इंडिया गठबंधन की ओर है और हम सरकार बनाने जा रहे हैं।

### इफको ने तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी आधारित कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का किया आयोजन



भंडरा। गुरुवार को इफको द्वारा तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी आधारित कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम-उदरंगी प्रखंड भंडरा, लोहरदगा के पंचायत उदरंगी में किया गया। इस कार्यक्रम में कृषकों को कृषि एवं खाद से संबंधित जानकारी इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ शशि भूषण समदर्शी एवं क्षेत्र प्रबंधक चंदन कुमार ने बारी बारी से कृषि संबंधित सभी बातों की जानकारी दी गई। कृषि में प्रयोग होने वाले नवीनतम उर्वरक जैसे तरल नैनो यूरिया, तरल नैनो डीएपी, जैव उर्वरक इत्यादि के गुण, प्रयोग विधि, प्रयोग, मात्रा एवं बोरे वाले यूरिया, डीएपी से होने वाले मृदा एवं वातावरण को नुकसान के बारे में किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को सुष्म पोषक तत्वों से होने वाले कमियो को बताया गया। इसके साथ-साथ किसानों को सागरिका बाल्टी एवं तरल सागरिका के प्रयोग एवं गुणों के बारे में बताया गया सबसे महत्वपूर्ण बात उन्हें तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया उनसे होने वाले फायदे किसानों को बताए गए। इस कृषक गोष्ठी में विभिन्न गांव के कृषक एवं क्षेत्र के थोक एवं खुदरा खाद विक्रेता भी उपस्थित हुए जिसमें भंडरा के थोक खाद्य विक्रेता आनंद कुमार साहू, राजकुमार साहू, जावेद अंसारी एवं बरही के रामधन साहू उपस्थित हुए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## गुमला: राजनीतिक दलों के द्वारा प्रत्याशी घोषित नहीं होने से जनता में है उहाफोह की स्थिति

वर्ष 2019 के चुनाव में गुमला के तीनों विधान सभा सीटों से भाजपा का हो गया था सुपड़ा साफ, प्रत्याशी को लेकर भाजपा में अब भी जारी है उठा पटक की स्थिति

### विधानसभा चुनाव में वोट कटवा उम्मीदवार चुनाव परिणाम को करते हैं प्रभावित





खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। विधान सभा चुनाव 2024 की डुगडुगी बज चुकी है। पहले चरण में गुमला के तीनों विधान सभा क्षेत्रों में मतदान होगा। जिसके लिए 18 अक्टूबर से तीनों विधान सभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया भी आरंभ हो जाएगी। चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस लेनी की बात कही है। लेकिन स्थिति धरातल पर यह है कि अभी तक किसी भी पार्टी ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। जनता के बीच उम्मीदवारों को लेकर उआफोह की स्थिति बनी हुई है। महागठबंधन में तीनों सीटों के लिए प्रत्याशी लगभग तय मानी जा रही है। वहीं भाजपा में प्रत्याशी को लेकर मानो उठा पटक की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। हालांकि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी उम्मीदवार का चयन हो गया है। बैठक से छनकर आयी बातों से चुनाव लड़ने का मनसूबा पाले कुछ नेताओं में हड़कंप मच गया है और पार्टी पर दबाव देने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रभाव डालने का प्रयास किया जा रहा है। जो पार्टी हित में सही नहीं है। गुटबाजी हुई तो पार्टी की नैया मझधार में लटक जाएगी। हालांकि वर्ष 2019 के विधान सभा चुनाव में गुमला के तीनों विधान सभा सीटों से भाजपा का सुपड़ा साफ हो गया था। तीनों ही सीटों पर भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था।

2019 में वे ही उम्मीदवार चुनाव लड़े थे जो अब भी पार्टी टिकट के लिए दावेदारी ठोंक रहे हैं। वर्ष 2019 के विधान सभा चुनाव में गुमला से महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी भूषण तिर्की को 67 हजार 130 मत प्राप्त हुए थे जबकि भाजपा प्रत्याशी मिसिर कुजूर को 59 हजार 537 मत मिले थे। भूषण तिर्की ने 7 हजार 593 मत से मिसिर कुजूर को पटकनी दी थी। वहीं विशुनपुर विधान सभा से जेएमएम प्रत्याशी चमरा लिंडा को 80 हजार 362 मत हासिल हुए थे जबकि भाजपा प्रत्याशी अशोक उरांव को 62 हजार 756 मत मिले थे। चमरा लिंडा ने अशोक उरांव को 17 हजार 606 मत से पटकनी दी थी। वहीं सबसे करारी हार सिसई विधान सभा सीट से भाजपा को हुई थी। जेएमएम प्रत्याशी जिग्गा सुसारन होरो को रिकार्ड 93 हजार 591 मत प्राप्त हुए थे जबकि भाजपा प्रत्याशी दिनेश उरांव को 55 हजार 151 मत ही मिले थे। जिग्गा सुसारन होरो ने दिनेश उरांव को 38 हजार 440 मत से धूल चटाया था। वर्ष 2019 के चुनाव परिणाम के अंतर को देखे तो गुमला विधान सभा सीट पर ही भाजपा कम मतों से हारी थी। लेकिन सिसई व विशुनपुर में हार जीत का अंतराल बड़ा था। वहीं हाल में हुए लोकसभा चुनाव का परिणाम भी देखे तो पूरी तरह हवा महागठबंधन के पक्ष में बही थी। लोकसभा चुनाव में विशुनपुर, लोहरदगा व मांडर से हमेशा बढ़त बनाने वाली भाजपा को इन स्थानों पर भी करारी हार का सामना करना पड़ता था।

यूं कहें कि लोहरदगा लोक सभा के पांचों विधान सभा सीट से भाजपा हार गयी थी। लेकिन लोकसभा व विधान सभा चुनाव के मतदान में काफी अंतर होता है। इसमें कई वोट कटवा प्रत्याशी मैदान में रहते हैं जो चुनाव परिणाम को पूरी तरह प्रभावित कर देते हैं। जिसका नतीजा होता है कि चुनाव परिणाम उम्मीद के विपरीत आती है। गुमला के तीनों विधान सभा सीटों पर इस बार चुनाव परिणाम उम्मीद के विपरीत ही आने की आशंका है। क्योंकि हवा का रूख नित नये खेल खेल रही है। ऐसे में पार्टी उम्मीदवारों का चयन भी हार जीत में बड़ा रोल अदा कर सकती है। उम्मीदवार पर निर्भर ही निर्भर करेगा की वे कैसे मतदाताओं को अपनी ओर खींच सकते हैं। हालांकि अब तक हुए चुनावों में देखा जाए तो जहां विकास हुआ है वहां भी नेता दोबारा अपनी सीट नहीं बचा पाते हैं। जिसका मुख्य कारण चुनावी समीकरण व मतदाताओं का ध्रुवीकरण है। गुमला के तीनों विधान सभा क्षेत्र में कुछ साइलेंट वोटर हैं जो बिना कुछ तामझाम के फतवा के आधार पर मतदान करते हैं। लेकिन परिस्थितियां लोकसभा में इसे बढ़ा बना देती हैं और विधान सभा में छोटी हो जाती है।

जिसके कारण माई समीकरण का खेल विधान सभा में नहीं चल पाता है। हालांकि आज या कल प्रत्याशी घोषित होते ही लोकतंत्र के महापर्व का परवान लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगेगा और चुनावी समीकरण के जोड़ घटाव का खेल भी आरंभ हो जाएगा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण ली सुविधाओं जानकारी

# बांसकरचा स्थित तंबोली चेकनाका का निरीक्षण कर दिये दिशा निर्देश

➲ मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत रंगोली, मतदाता सिग्नेचर, मतदाता जागरूकता शपथ का हुआ आयोजन


मतदान केंद्रो का जायजा लेते डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा गुरुवार को लातेहार,गारू, महुआडांड प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम लातेहार प्रखंड का निरीक्षण कर बूथों पर पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई ,कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी टेबल इत्यादि की व्यवस्था का जायजा लेकर सभी उचित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथों पर (अटत्र्) के तहत मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। केंद्र पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जांच करते हुए केंद्र परिसर की साफ-सफाई कराने का संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निदेशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

इसके अलावे स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बूथ संख्या–244 में राजकीय कृत मध्य विद्यालय, बांसकरचा में रंगोली, वोटर सिग्नेचर कैंपेन कार्यकम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा मतदाता जागरूकता सिग्नेचर पट पर सिग्नेचर कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं को मतदान की महत्ता के प्रति जागरूक किया। मतदाताओं से वार्ता कर उन्होंने अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन में आए बिना अपने मत का उचित प्रयोग करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चेकनाका का किया गया निरीक्षण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बांसकरचा स्थित तंबोली चेकनाका का निरीक्षण के दौरान चेक नाका पर मौजूद दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान से जांच के दौरान की जाने वाली कार्रवाई तथा उसकी संपुष्टि से संबंधित जानकारी लेते हुए वाहन चेकिंग के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का सघनता से जांच करने तथा इस क्रम में सभी आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों व परिचालन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे आई.आर.बी कैम्प महुआडांड का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## बुधबाजार शिव मंदिर व बरेनी गांव में संघ ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव


कार्यक्रम में शामिल संघ के कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड चंदवा के द्वारा बुधवार की रात्रि बारी पंचायत के बरेनी गांव व चंदवा शहर स्थित बुध बाजार प्रांगण में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाल कौशल नाथ शाहदेव एवं बौद्धिक लातेहार जिला संघचालक अनिल ठाकुर ने दिया। बौद्धिक में नागरिक शिष्टाचार एवं हम नागरिकों का राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराया गया। कार्यक्रम में आए स्वयंसेवकों के बीच अंताक्षरी कार्यक्रम किया गया, जिसमें महाराणा प्रताप दल और शिवाजी दल बनाया गया था, साथ ही धार्मिक विषयों पर प्रश्नोत्तरी रमेश प्रसाद के द्वारा सामूहिक गीत एवं एकल गीत एवं बाल स्वयंसेवक आदित्य के द्वारा अमृत वचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पलामू विभाग के पर्यावरण प्रमुख धर्मेंद्र जायसवाल, राजेश चंद्रवंशी, प्रदीप साहू, अमरदीप साहू, महेंद्र प्रसाद साहू, विनोद कुमार गुड्डु, चंद्रभूषण केसरी, अरुण प्रिंस, दीपक भगत, विभूति सिंह एवं सैकड़ो नगर वासी उपस्थित थे।

### ग्रामीण बैंक मैनेजर के द्वारा केसीसी के लिए खाताधारियों को किया जा रहा परेशान

## बैंक मैनेजर पर अभद्र टिप्पणी करने का लगाया आरोप

➲ बैंक मैनेजर ने जनता के मान-सम्मान को पहुंचाया ठेस:बलवंत सिंह


जानकारी देते जिप सदस्य ।


भुक्तभोगी ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित वनांचल ग्रामीण बैंक के मैनेजर के द्वारा केसीसी लोन के लिए खाताधारियों को परेशान करने का मामला सामने आया है। वहीं दिन गुरुवार को बैंक मैनेजर की शिकायत लेकर जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के पास पहुंचे ग्रामीण गफ्फार अंसारी ने बताया कि मेरा खाता ग्रामीण बैंक मनिका में है और मैंने केसीसी लोन के लिए अप्लाई किया था जिसका सिलेक्शन होने के बाद बैंक की प्रक्रिया के लिए जब बैंक मैनेजर से मिला तो उन्होंने आधार कार्ड व पहचान पत्र का फोटो कॉपी मांगा जिसके बाद मुझे चार दिनों के बाद बुलाया गया,जब बैंक पहुंचकर मैनेजर से मिला तो उन्होंने कहा कि पैसा नहीं मिलेगा,कारण पूछने पर मुझसे दस हजार रुपए घूस मांगी गई,तब केसीसी लोन का पैसा देने की बात कही गई घूस नहीं देने पर मुझे कहा गया कि तुम्हारा एरिया हमारे बैंक क्षेत्र से बाहर है। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह ने बताया कि ग्रामीण बैंक में वर्तमान में महिला बैंक मैनेजर कार्यरत हैं और जब इस विषय पर फोन के माध्यम से बैंक मैनेजर से बात किया तो उनका कहना था कि छोटा-छोटा काम के लिए फोन करना आपको शोभा नहीं देता है जिस लाभुक के लिए आप बात कर रहे हैं उनका पंचायत मेरे बैंक क्षेत्र में नहीं आता है साथ ही प्रखंड क्षेत्र में एक स्टेट बैंक और एक ग्रामीण बैंक है जिसमें 15 पंचायत हैं और दोनों बैंकों के लिए पंचायत की संख्या निर्धारित है। वहीं जिप सदस्य ने कहा कि बैंक में एक सूची तैयार कर जो भी पंचायत उसके अंतर्गत आता है उसका लिस्ट जारी किया जाए और उस पर लिखा जाए कि केवल इन्ही पंचायत के खाताधारी को केसीसी हो सकता है ताकि लोग परेशानी से बच सकें। जिप सदस्य ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि लोगों के समस्या के समाधान के लिए होता है और अगर जनता को परेशानी होगी तो जवाब मांगेंगे ही आप जनता के लिए यहां पर हैं इसलिए जनता का काम कीजिए। वहीं जिप सदस्य ने बैंक मैनेजर के ऊपर कई अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है जिस पर नाराजगी जताते हुए जिप सदस्य बलवंत सिंह कहा कि मैनेजर के द्वारा अभद्र टिप्पणी किया जाना जनता के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम है और ऐसे बैंक मैनेजर को मनिका से अभिलंब हटाया जाना चाहिए अगर इन्हें जल्द से जल्द नहीं हटाया गया तो हम लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## बरियातू के पूर्व उप-प्रमुख लापता अनहोनी की आशंका,परिजन परेशान


लापता पूर्व उप प्रमुख मोहन उरांव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बरियातू प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख मोहन उरांव उर्फ गौरी शंकर उरांव 47 वर्ष मंगलवार से लापता है। गौरी शंकर उरांव की पत्नी लक्ष्मी देवी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि मेरे पति गौरीशंकर उराव 14 अक्टूबर को निजी काम से रांची गया था। वही बुधवार को मोटरसाइकिल से अपने घर खुटेरबर लाटू थाना बरियातू वापस आ रहा था। रात्रि 8:30 बजे मैकलुस्कीगंज के एक होटल में राजकुमार उरांव ग्राम झाबर थाना बालूमाथ झाबर के साथ खाना खा रहा था। इसी बीच किसी ब्यक्ति का कॉल आया। गौरी शंकर उरांव खाना छोड़कर बाहर निकाल कर बात करने लगा और बिना राजकुमार को बोले मोटरसाइकिल लेकर चल दिया। उसकी पत्नी रात्रि 11:30 बजे भी कॉल की तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।गौरीशंकर का लास्ट लोकेशन बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया तक मिला। उसके बाद गौरी शंकर उरांव का मोबाइल ऑफ हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका को देखते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी से आवेदन देकर शिकारी गौरी शंकर को सकुशल बरामदी का अनुरोध किया है। इधर घटना की सूचना पाकर फुलसु पंचायत के मुखिया पति अर्जुन उरांव लहेरहंज प्रखंड के जेएमएम अध्यक्ष रामवृक्ष गंझु, हेरहंज प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख विजय उरांव, चिरू पंचायत केपूर्व मुखिया चंद्रदेव उरांव समेत कई आदिवासी नेता बालूमाथ थाना प्रभारी से मिलने पहुचे। थाना प्रभारी के बाहर रहने के कारन बालूमाथ थाना के एस आई मो.शमीम से मिलकर गौरीशंकर उरांव को शीघ्र खोजने का की मांग की। आदिवासी नेताओं ने कहा कि गौरी शंकर उरांव आदिवासी समाज के एक वरिष्ठ नेता है उसकी सकुशल रिहाई की मांग की गई है।

# डाढ़ा मे मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव


शरद पूर्णिमा के मौके पर मौजूद संघ के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ बारियातू व डाढा में मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव। बारियातू प्रखंड मुख्यालय स्थित शांय शाखा व ग्राम डाढा में महावीर मंदिर परिसर में बुधवार रात्रि शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया।सर्व प्रथम भगवा ध्वज लगाकर व भारत माता के चित्र के समीप कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू विभाग संघचालक जानकी नन्दन राणा सह जिला कार्यवाह सत्येन्द्र प्रसाद, राकेश कुमार सिंह व जितेंद्र राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। इसके पश्चात सह जिला कार्यवाह सत्येन्द्र प्रसाद ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया जिसके बोल थे-परम वैभवी भारत होगा,संघ शक्ति का हो विस्तार, गूंज उठे गूंज उठे भारत मां की जय जयकार।। वहीं डाढा ग्राम के कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में पलामू विभाग संघचालक जानकी नन्दन राणा ने शरद पूर्णिमा उत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि। शरद पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। शरद पूर्णिमा के दिन चांदनी रात में चंद्रमा से अमृत की वर्षा होती। आज के दिन खिर बनाकर खुले आसमान में रख प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने का विधान है। महाभारत काल में भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज में गोपियों के संग रास रचाया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयंसेवक हर वर्ष शरद पूर्णिमा के दिन कार्यक्रम आयोजित कर उत्सव मनाते हैं। व अपने संस्कृती, धर्म, राष्ट्र के रक्षा के लिए संकल्प लेते हैं। वहीं बारियातू में जितेंद्र राम ने भी स्वयंसेवकों के बीच शरद पूर्णिमा उत्सव पर प्रकाश डाला। वहीं स्वयंसेवकों ने एक से बढ़कर एक साहसिक खेल का आयोजन किया। मौके पर सोनू कुमार, नितिश कुमार, रघुनंदन ठाकुर, अरविंद प्रसाद, किशोर प्रसाद,कनक सोनी वहीं डाढा में नन्द किशोर सिंह,ज्योति कमल अंजनी, कुंदन सिंह,सरजू सिंह, अशोक सिंह, गुप्तेश्वर पाठक, शौर्य राज, सिद्धार्थ राज,पंकज सिंह, बिनोद साव, अनिकेत सिंह सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चंदवा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव


शरद पूर्णिमा के मौके पर मौजूद संघ कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में बुधवार रात्रि स्थानीय खेल स्टेडियम में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया। मौके पर आरएसएस के झारखंड प्रान्त के बौद्धिक प्रशिक्षण प्रमुख ज्वाला तिवारी मौजूद थे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि हिन्दू पंचांग में आश्विन मास की पूर्णिमा का खास महत्व है। कहा कि हिन्दू समाज वर्षों से इस दिन शरद पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाती आ रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूरे वर्ष में केवल इसी दिन चन्द्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है और अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण रहता है। पृथ्वी पर शीतलता, पोषक, शक्ति एवं शांति रूपी अमृत वर्षा करता है। चन्द्रमा की किरणें विशेष अमृतमयी गुणों से युक्त रहती है, जो कई बीमारियों का नाश करती है। कहा कि वैज्ञानिक भी मानते है कि शरद पूर्णिमा की रात स्वास्थ्य व सकारात्मक परिणाम देने वाली होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश प्रसाद ने किया तो वही खंड कार्यवाह डा अनिल ने शाखा लगाई. मौके पर नरेन्द्र अग्रवाल, राजेश चंद्र पाण्डेय, निर्मल शर्मा, महेन्द्र अग्रवाल, प्रेमशंकर भगत, संदीप कानोडिया, राजू सिंह, रविंद्र प्रशाद, संतोष साहू, राजकुमार पाठक, रमण महतो, मोहिनीश कुमार, नीतीश कुमार, राहुल कुमार, राजन विश्वकर्मा, राकेश सिंह, विष्णु गुप्ता, अजय साहू, विजय साहू, संजू साहू, नारायण गुप्ता, देवेंद्र प्रसाद, जयेश वरु, लाल कौशल नाथ शाहदेव, श्याम करण साहू, रामकरण साहू, सुरेंद्र वैद्य, अजय वैद्य, पप्पू आजाद, अमर लाल, प्रहलाद वर्मा, प्रशांत सिंह, हिमांशु सिंह, हरी सिंघल, मनीष उर्फ चंदो, सचिन, दारा सिंह, अनूप साहनी, जयशंकर, दीपक निषाद समेत बड़ी संख्या में नारी शक्ति व सैकड़ो स्वयं सेवक मौजूद थे।

### बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने किया पदभार ग्रहण


विनोद रवानी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ के नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद डीएसपी विनोद रवानी ने बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बारियातु,बालूमाथ, हेरहंज थाना प्रभारी एवं सर्किल इंस्पेक्टर के साथ बैठक की और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर चर्चा किया। मौके बोलते हुए डीएसपी विनोद रवानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। शांतिपूर्ण व भय मुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराना है। चुनाव में किसी तरह की विधि व्यवस्था में बाधा उत्पन्न ना हो इसके लिए विशेष रूप से कार्य किया जाएगा। आगे कहा, क्षेत्र में अपराध एवं उग्रवाद पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बारियातु थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी केपी सिंह उपस्थित थे ।

### बीएलओ को दी गई आचार संहिता की जानकारी

## विधानसभा चुनाव को लेकर दिया गया दिशा-निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** बीएलओ की बैठक प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीडीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बीडीओ श्री प्रसाद ने विधानसभा चुनाव को लेकर बीएलओ को आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी। बूथ में न्यूनतम सुविधा से संबंधित कई जानकारियां देते आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बतया कि 15 अक्टूबर से आदर्श आचार सहिता लागू हो गई है। सभी लोग आचार सहिता का अनुपालन हो इसका ध्यान रखें। उनके आसपास अथवा केंद्र में किसी राजनीतिक दल की फोटो-बैनर हो तो उसे हटाने की प्रक्रिय पूर्ण कर लें।

बैठक में अनुपस्थित, शिफ्टेड़ और मृत वोटर संबंधित जानकारी पर भी चर्चा की गई। मौके पर बीपीआरओ बालेश्वर उरांव, मीना देवी, विद्या रानी, सुकृता देवी, सुषमा वैद्य, पद्मावती देवी, शशिबाला पाठक, सीताराम समेत कई बीएलओ मौजूद थे।

# छठ महापर्व को लेकर सूर्य नारायण पूजा समिति चाणक्य नगरी की बैठक संपन्न


बैठक में शामिल धर्मप्रेमी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सूर्य नारायण पूजा समिति चाणक्य नगरी लातेहार की बैठक विवाह मंडप (महावीर अखाड़ा) चाणक्य नगरी में की गई, जिसकी अध्यक्षता निर्मल महलका ने की। श्री सूर्यनारायण पूजा समिति की बैठक में पिछले वर्ष की आय व्यय की जानकारी दिया गया साथ हीं इस वर्ष छठ महापर्व के मौके पर विशेष रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था, आकर्षक साज सज्जा, लाईट एवं साउंड का संपूर्ण व्यवस्था एवम भव्य गंगा आरती आयोजन किये जाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में पिछले वर्ष 2023 की कमिटी को ही यथावत रखा गया है। जिसमे सर्वसहमति से मुख्य संरक्षक विधायक बैधनाथ राम, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, महामंत्री अनिल कुमार (पप्पू), कोषाध्यक्ष राजू यादव, उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, गणेश राम, रवि शंकर प्रसाद, विनय प्रसाद मनीष दास, मीडिया प्रभारी आरव राज, तुषार कुमार गुप्ता, मंत्री धीरज कुमार (छोटू), जय शंकर पासवान, सिद्धार्थ कुमार सिंह, शुभम कुमार गुप्ता, बिनोद प्रसाद(छोटू), टिंकू पांडेय, रिषभ राज, कौशल कुमार(बिट्टू), गौतम सिंह, को बनाया गया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में निम्न लोग उपस्थित हुवे जिनमे सुरेंद्र सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, त्रिभुवन पाण्डे, महेंद्र सिंह, शशिभूषण पाण्डे, निर्मल कुमार महलका,रविन्द्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, आशीष टैगोर, विष्णु गुप्ता, निरंजन कुमार सिंह, कन्हाई अग्रवाल, मनीष दास, अनिल कुमार पप्पू, राजेश प्रसाद, राजू यादव, धीरज कुमार, गणेश राम, नवीन कुमार सिंह, मिक्की भास्कर,सुधीर कुमार, विनय प्रसाद, रवि शंकर प्रसाद, गोविंद प्रसाद, बिपिन बिहारी ठाकुर, प्रसांत कुमार प्रिंस, मंटू कुमार, रूपेश लाल गुप्ता, राज मोहन प्रसाद, मनोज कुमार मंत्री,नारायण राम, महेंद्र राम, कुंदन गुप्ता, गोतम प्रसाद गुप्ता, आर्यन राज गुप्ता, कुशल कुमार, अनिमेष कुमार, निशांत राज, चीटू गुप्ता, विकाश कुमार, अंशु कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, सत्यम सिंह,प्रिंस राज, सकेंद्र यादव, चंदन कुमार, विवेक सोनी, सिद्धार्थ सिंह, धर्मेंद्र दास, रूपेश कुमार, जय शंकर पासवान, रणधीर दास, मुकेश कुमार, पंकज कुमार यादव, रितेश महल्का, अखिलेश श्रीवास्तव, आयुष सौंदिक, आकाश गुप्ता, लकी पांडेय, सुनील कुमार गुप्ता, ब्रिज किशोर प्रसाद, संजय पांडे, चंदन यादव, मनोज दास, कौशल किशोर राज, हिमांशु गुप्ता, राहुल कुमार, गणेश राम, विजय कुमार, हर्ष यादव, अंकित गुप्ता, सुमेर कुमार, ओनिक कुमार गुप्ता, महेश राम, मनोज राम, अमर कुमार, राजन प्रसाद, मंजीत प्रसाद, निरंजन कुमार गुप्ता, मंटू सिंह, उमेश सिंह, प्रदीप कुमार राम, रणधीर प्रजापति, बिट्टू बैलून, ठोस कुमार एवम अन्य भक्त शामिल थे।

# प्रधानाध्यापक की पिटाई से दूसरी कक्षा की बच्ची जख्मी, मामला पहुंचा थाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के मोरबे गांव के चिरकुटही टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा कक्षा 2 में पढ़ने वाली 7 वर्षीय बच्ची के साथ किए बेरहमी से पिटाई का मामला थाना पहुंचा। जिसको लेकर लड़की की मां के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ढाई बजे मेरी 7 वर्षीय पुत्री अनु कुमारी पिता करमू उरांव जो प्राथमिक स्कूल चिरकुटही में पढ़ने गई थी। मेरी बच्ची की पढ़ाई थोड़ा कमजोर है जो द्वितीय क्लास की छात्र है। गिनती में कुछ भूल गई जिसके कारण विद्यालय के हेड मास्टर राजेंद्र प्रजापति के द्वारा मेरी बेटी को खजूर की छड़ी से बेरहमी से पीट कर घायल कर दिए हैं। जिस कारण मेरी बेटी रोती हुई घर आई। आने के बाद फोन लगाकर बोली की बेटी को क्यों इतना मारपीट किए हैं तो वह बोले इलाज कर लो। जबकि राजेन्द्र प्रजापति का घर चिरकुट ही के कोदवड़िया में पड़ता है। इसलिए श्रीमान से आग्रह है की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।


अनु के शरीर पर चोट के निशान।

इस संबंध में अनु कुमारी ने बताई की गिनती भूल गए थे जिसके कारण खजूर की छड़ी से हेडमास्टर राजेंद्र सर ने मारा है। इस संबंध में बीईईओ प्रतिमा कुमारी ने कहीं की शिक्षक के द्वारा बच्ची की पिटाई की जानकारी मिली है जो उचित नहीं है। जांच के लिए विद्यालय में सीआरपी को भेजा गया है उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि घायल बच्ची की मां के द्वारा कार्रवाई के लिए थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन के आलोक में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि बच्ची को गिनती गिनाया जा रहा था। लेकिन वह कुछ भी नहीं बोल रही थी। उसके बाद मैंने उसको छड़ी से पीट दिया। मेरे से बहुत बड़ी गलती हो गई है। इधर घायल बच्ची का इलाज रेफरल अस्पताल में डॉ ईश्वर सिंह के द्वारा किया गया।

# खेल को करियर बनाये युवा : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ की मेजबानी में खेले जा रहे 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन डीसी शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल जिसे पहले लोग एक शौक के रूप में देखते थे आज युवाओं के बीच इसे करियर विकल्प के रूप में गंभीरता से लिया जा रहा है। आप लोग सही समय पर खेल को खेल रहे हैं। आप लोग इसे सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि इसे कैरियर के रूप में अपनाने के लिए खेले। सरकार आपको सिर्फ सामान आपूर्ति कर सकता है पर आपका संघ आपको आगे ले जाने में मदद करेगा। झारखंड टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सर्वजीत सिंह ने कहा कि गढ़वा जिला कम समय में टेबल टेनिस में काफी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मैच के दूसरे दिन चैंपियनशिप में महिला वर्ग में ईस्ट सिंहभूम ने गढ़वा को तीन दो से, यूथ अंडर 15 बालक वर्ग में रांची ने गढ़वा को और बालिका अंडर 15 वर्ग आयु वर्ग में ईस्ट सिंहभूम ने रांची को तीन दो से हराकर स्टेट चैंपियन बना। झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सचिव समरजीत सिंह ने कहा कि गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता अच्छी तरह से चल रही है खिलाड़ी अनुशासन का पालन करते हुए खेलें। मौके पर उपाध्यक्ष सैबल गुप्ता, अध्यक्ष मदन केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, कांडी बीडीओ राकेश सहाय, धनंजय सिंह, दीपक, प्रिंस सोनी, मुजीबुद्दीन खान, अजय ठाकुर, अयोध्या ठाकुर, आमोद पांडेय, अभय कुमार दुबे, संजय कुमार सिंह, ललन सोनी, नवनीत शुक्ला, रामाशंकर सिंह, आशुतोष रंजन, अजीत सिन्हा सहित कई लोग शामिल थे। प्रतियोगिता में चिफ रेफरी संदीप साहा, उप चिफ रेफरी किरण बिहारी शुक्ला, अंपायर एलएन मित्रा, गोकुल कुमार, आशीष बनजम, ऋषभ राज, आशुतोष कुमार दुबे, अमल कुमार ठाकुर, आयुषी कुमारी सहित सभी अन्य अंपायर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



खिलाड़ियों के साथ डीसी शेखर जमुआर।

## स्पीड न्यूज

### नौसेना के इंजीनियरिंग ब्रांच के लिये देवगाना के सुशांत का चयन


परिजनों के साथ सुषांत चैबे।

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड के देवगाना गांव निवासी सीताराम चैबे के सुपौत्र सुशांत चैबे का चयन नौसेना के इंजीनियरिंग ब्रांच के लिए हुआ है। नौसेना में सुशांत के चयन पर लोगो में खुशी का लहर है। सुशांत का चयन 2021 में नौसेना में मैट्रिक रिकुरिट के रूप में हुआ था। उसके बाद 3 साल के अथक प्रयास के बाद दूसरे प्रयास में यह मुकाम हासिल किया है। सुशांत अब तीन साल के प्रशिक्षण के लिये 11 नवंबर से महाराष्ट्र के लोनावला में नौसेना के प्रशिक्षण केंद्र में जायेगा। सुशांत का शुरूआती शिक्षा स्थानीय आरके पब्लिक स्कूल से हुआ है। सुशांत शुरूआती स्कूल के दिनों से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्र रहा है। उसके इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का महौल है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-केतार कोलह मुख्य पथ पर एक तेज गति से जा रही ऑटो बाईक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसमे बांसडीह निवासी बाईक चालक दायन्द गुप्ता पिता लालमोहन साह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इस घटना में दयानंद बुरी तरह घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बारे में दयानंद ने बताया कि अपने घर बांसडीह से बाईक से भवनाथपुर ससुराल पत्नी को लेने आ रहा था कि विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही एक हरे रंग का ऑटो साइड से टक्क र मारकर फरार हो गया।

### डायरिया मरीजों से मिले भाजपा नेता



**भवनाथपुर।** भाजपा नेता अनिल चैबे ने गुरुवार को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती डायरिया मरीजों से मिलकर जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने सीएचसी प्रभारी दिनेश सिंह से जानकारी लिया। प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि कैलान के झुरही टोला में स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। मरीजों की स्थिति धीरे धीरे सामान्य हो रही है। इधर चार लोगों की डायरिया से बाहर में इलाज के दौरान हुई मौत के बाद। उनके घाघरा और करमाही के रिश्तेदार लोग दाह संस्कार में शामिल हुए थे। जिसमे घाघरा और करमाही से दो दो लोग डायरिया के चपेट में आए है। कहा कि अपनी चिकित्सक टीम को घाघरा और करमाही ही जांच के लिए भेज दिया गया है।

## झामुमो छोड़कर पांच दर्जन से अधिक लोग भाजपा में शामिल

# मंत्री के भय से क्षेत्र के लोग सच बोलने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहे थे : सत्येन्द्रनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के आवास पर गुरुवार को डंडा और मेराल प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के पांच दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व विधायक ने पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री तिवारी ने कहा कि गढ़वा सहित झारखंड के सभी जगहों पर भाजपा और पीएम मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। यहीं कारण है कि प्रत्येक दिन भारी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि विधायक सह मंत्री ने पांच साल के अपने कार्यकाल में लूट मचाने का काम किए है। मंत्री के भय से क्षेत्र के लोग सच बोलने का हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। मंत्री ने अपने कार्यकाल में क्षेत्रवासियों का अभिव्यक्ति की आजादी को छिन लिया था। प्रशासनिक पावर के बल पर मंत्री गढ़वा के लोगों को हर कदम पर नीचा दिखाने का काम किए है। पिछले पांच वर्ष के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के लोग डर के साए में जीने को विवश हो गए है। आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब लोग खुद को आजाद महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर लगे आदर्श आचार संहिता में प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मंत्री के कठपुतली की तरह काम कर रहे है। वैसे पदाधिकारियों पर सभी भाजपा कार्यकताओं की पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि मंत्री पैसा के बल पर फिर से चुनाव जितने का सपना देख रहे है। इस बार क्षेत्र की जनता पूरी एकजुटता के साथ चुनाव में मंत्री का जमानत जप्त कराने का मूड बना चुकी है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सतेन्द्र चैधरी, शंकर कुमार ठाकुर, राजकुमार चैधरी, छठू चैधरी, अंशु कुमार चैधरी, अर्जुन कुमार चैधरी, जितेंद्र चैधरी, योगेंद्र चैधरी, छोटू चैधरी, संतोष चैधरी, पप्पू चैधरी, अमर सिंह आदि का नाम शामिल हैं।


पार्टी में शामिल लोगों के साथ पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी।

## खबर एक नजर में

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ चला अभियान, 1500 किलो जावा महुआ विनष्ट


बरामद जावा महुआ।

**मझिआंव।** विधानसभा के चुनावी बिगुल बजते ही चुनाव को सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने पुलिस दलबल के साथ अवैध महुआ शराब के खिलाफ बुधवार की देर शाम छापेमारी की। जिसमे में बड़ी सफलता मिली। थाना क्षेत्र के दुबे तहले गांव निवासी सह बीएसपी नेता बिगू राम के घर अवैध महुआ शराब बनाने को लेकर छापामारी की गई। जिसमें लगभग 1500 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट करते हुए लगभग 42 लीटर अवैध देसी महुआ शराब और भारी मात्रा में शराब बनाने वाला उपकरण को जप्त किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दुबेतहले गांव में बिगु राम के यहां छापेमारी की गई और भारी मात्रा में जावा महुआ विनष्ट किया गया। इसके साथ ही तीन प्लास्टिक के गैलन में 42 लीटर अवैध महुआ शराब, प्लास्टिक का 5 ड्रम, अल्युमिनियम का दो बड़ा तसला, शराब बनाने का उपकरण एक, प्लास्टिक का दो टब,शराब ढोने वाला एक रबर ट्यूब, प्लास्टिक का तीन बाल्टी ढक्कन के साथ थाना में जप्त किया गया है। इसके पश्चात केस कांड संख्या 102/24 धारा 274, 275, 292 बीएनएस 2023,8,47 ए एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध कारोबार को पनपने नहीं दूंगा। इस तरह की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।

### 25 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पीपराकोठी थाना पुलिस को गुरूवार को बड़ी कामयाबी मिली है। 25 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी सुनील मुखिया को नाटकीय ढंग से जीवाधारा किशुनपुर के हाई स्कूल के समीप से गिरफ्तार किया गया। कुख्यात अपराधी पीपराकोठी थाना क्षेत्र में दे व बेतिया के अलग अलग थाने के चार मामले में वांटेड था। गिरफ्तार अपराधी पश्चिम चंपारण के सिसवा मंगलपुर का बताया जाता है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार पुलिस 25 हजार के इनामी जिले के टॉप 20 में शामिल उक्त अपराधी को पीपराकोठी थाना में होने की सूचना मिली, जिसको लेकर डीएसपी सदर 2 जीतेश पांडेय के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। वही सूचना के आधार आसपास के थाने को अलर्ट किया गया।

# नदी में नहाने के क्रम में भाई-बहन की मौत


विलाप करते परिजन।

**कांडी।** सोन नदी में नहाने के क्रम में भाई बहन की मौत हो गई। भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के लोहरगड़ा गांव निवासी उपेंद्र चैधरी के 12 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार चैधरी तथा 10 वषीर्या पुत्री खुशबू कुमारी की मौत गुरुवार को सोन नदी में नहाने के क्रम में पानी में डूबने से हो गई। ग्रामीणों के अनुसार भाई-बहन दोनों एक साथ सोन नदी में नहाने गए थे। परंतु नहाने के क्रम में गहरे पानी में जाने के कारण दोनों एक साथ डूब गए। गांव के लोगों का नजर दोनों को डूबते हुए पड़ी, जिसकी सूचना गांव वालों को दी गई। गांव वालों ने भारी मशक्कत से दोनों को बाहर निकाला। उसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी लाया। जहां उपस्थित डॉक्टर शब्द कुमार सिन्हा ने दोनों को जांच कर मृत घोषित कर दिया तथा अग्रिम कार्रवाई के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बच्चों के पिता बाहर प्लांट में मजदूरी करते हैं, मां भी घर पर नहीं थी। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# स्वीप कोषांग के कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक करते पदाधिकारी।

**गढ़वा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कोषांग के कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रवेश कुशवाहा की अध्यक्षता में की गई। जिसमें प्रखंड स्तर एवं विभिन्न विभागीय स्तर पर स्वीप नोडल पदाधिकारी नामित करने की बात कही गई। नोडल पदाधिकारी ने स्वीप कोषांग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर योजना बनाकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने वृहद स्वीप कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिए जिले में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय (सरकारी एवं गैर सरकारी), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग, महिला विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, श्रम विभाग, कृषि मत्स्य एवं पशुपालन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग पर्यटन विभाग, बैंकिंग सेक्टर आदि के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करने एवं इन विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों का वोटर रजिस्ट्रेशन, पोलिंग पार्टिसिपेशन एंड एथिकल वोटिंग से संबंधित गतिविधियां कार्य योजना एवं कैलेंडर बनाकर संचालित किए जाने की बात कही। मौके पर नोडल पदाधिकारी ने कहा कि स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने एवं मतदान के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार एवं जनजागरूकता फैलाने से मतदाता जागरूकता में वृद्धि आएगी तथा वोटिंग परसेंटेज में भी वृद्धि होगी। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए सोशल मीडिया का व्यापक रूप से उपयोग किए जाने की बात कही। इस क्रम में सीईओ व्हाट्सएप चैनल को सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा सब्सक्राइब करने की बात कही। साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे कि फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि में स्वीप के तहत किया गया गतिविधियों को साझा करने की बात कही ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके एवं आमजनों में मतदान की महत्ता की व्यापक जागरूकता बढ़ सके। बैठक में जिले के सभी बीडीओ, सीओ, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार के सारण और सिवान में जहरीली शराब से 35 की मौत

**एजेंसी**



**पटना।** बिहार में सिवान और सारण जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। जिला प्रशासन की तरफ से 35 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। कई लोग अस्पताल में भर्ती हैं। बिहार के पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि सारण-सिवान में जहरीली शराब पीने से अब तक 35 लोगों की मौत हुई है। सीवान में 28 और सारण में 7 लोगों की मौत की होने की सूचना है। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। शराब माफिया के ऊपर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। निर्माण, भंडारण और सप्लाई करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। पटना मद्य निषेध विभाग के सचिव और पुलिस अधीक्षक को भी क्षेत्र में भेजा गया है। इन लोगों को निर्देशित किया गया है कि पूरी समस्याओं को देखें और एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें ताकि सब पर कारगर कार्रवाई की जा सके। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

डीजीपी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पर्व त्योहार के दौरान इस तरीके की घटना हमारे पुलिस -प्रशासन की चूक है। जिन लोगों के कारण यह चूक हो रही है उन्हें चिह्नित कर उचित कार्रवाई की जाएगी। दो अलग-अलग टीमों ने दोनों जिलों में छापेमारी की है।

### मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीवान और सारण जिले में कल जहरीली शराब से हुई मौतों की इस घटना की उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के पश्चात मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि वे घटनास्थल पर जाकर पूरी स्थिति की जानकारी लेकर सभी बिन्दुओं पर सघन जांच करें। मुख्यमंत्री ने एडीजी (प्रोहिबिशन) की पूरी टीम को घटनास्थल पर जाकर उसकी सघन जांच कर इस कांड में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि पूरे घटनाक्रम की अपने स्तर से लगातार मॉनीटरिंग करते रहें और इस घटना के लिए जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# अवैध शराब छापामारी, 20 लीटर देशी महुआ शराब जप्त


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** पुलिस लोगों के बीच अमन, चैन व शांति व्यवस्था स्थापित करने में सक्षम और तत्पर है। लोगों से ससमय और सही सूचना की अपेक्षा है। किसी प्रकार का अवैध कारोबार करने वाले नहीं बचेंगे। उन्हे कड़ी सजा भुगतनी पड़ेगी। उक्त बातें श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने गुरुवार को रमना थाना में पत्रकार वार्ता में कही। पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब व अंग्रेजी शराब जप्ती के पश्चात उन्होंने पत्रकारों को जानकारी दी। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह मौजूद थे। रमना थाना पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम मानदोहर निवासी अशोक राम अवैध रूप से देशी महुआ शराब और अंग्रेजी शराब के कारोबार करता है। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी तथा आवश्यक निर्देश प्राप्त कर अशोक राम के घर पर छापामारी कर करीब 20 लीटर अवैध देशी महुआ शराब, केन बीयर 500 एमएल 5 पीस, केन बीयर 650 एमएल 8 पीस, बैड मंकी 500 एमएल 5 पीस, रॉयल स्टैग 375 एमएल 2 पीस, 8 पीएम 180 एमएल 8 पीस, रॉयल चैलेंज 180 एमएल 10 पीस तथा स्टीरलींग रिजर्व बी7 375 एमएल 2 पीस जब्त करते हुए कारोबारी अशोक राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई के बाद आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध कारोबारियों में हड़कंप है। छापामारी दल में पुअनि सह थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी, पुअनि आलोक कुमार, सअनि कमलेश कुमार, श्रीकांत पासवान, राम पवन राम व लव कुमार दुबे शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### झारखंड की 43...

रांची जिला में तीन विधानसभा क्षेत्र का नामांकन शुरू होगा। जिला प्रशासन ने रांची, हटिया और मांडर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले नामांकन के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। समर्थकों की लगने वाली भारी भीड़ को देखते हुए दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। चुनावी सभा बगैर अनुमति का नहीं हो सकेगा।

कला महोत्सव : सीइओ ने कहा कि विधानसभा चुनाव से जुड़ा दो दिवसीय कला महोत्सव गुरुवार से जयपाल सिंह स्टेडियम में शुरू हो रहा है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को दिन में 11 बजे होगा। महोत्सव में 81 नामचीन कलाकार झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार पर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी।

### झारखंड विधानसभा चुनाव...

**डालटनगंज, बिश्रामपुर एवं छतरपुर में पेंच, कई दावेदार :** इंडिया ब्लॉक के घटक दलों के बीच डाल्टनगंज छतरपुर एवं बिश्रामपुर पेंच प्रत्याशी को लेकर पेज फंसी हुई है। डालटनगंज को लेकर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा, बिश्रामपुर को लेकर कांग्रेस एवं राष्ट्रीय जनता दल. वहीं छतरपुर में प्रत्याशियों की संख्या को लेकर पेंच फांसी हुई है। चर्चा के अनुसार डालटनगंज से केएन त्रिपाठी, बीप्टू पाठक, राजेंद्र सिन्हा, बिश्रामपुर से नरेश सिंह, ददई दुबे, पूर्णिमा पांडेय, बडू दुबे, अमृत शुक्ला समेत कई नाम हैं। छत्तरपुर से ममता भुईयां, विजय राम, चंचला देवी समेत कई नाम हैं. डालटनगंज बिश्रामपुर एवं छतरपुर विधानसभा सीट पर इंडिया ब्लॉक के तरफ से कोई बाहरी व्यक्ति भी चुनाव लड़ सकता है। डाल्टनगंज से झारखंड राजनीति में बड़ा कद रखने वाले के बेटे, बिश्रामपुर से दूसरे दल के एक बड़े नेता, एवं छतरपुर से हाल की दिनों में पार्टी छोड़ने वाले एक बड़े नेता एवं उनके बेटे दौड़ लगा रहे हैं।

### संवैधानिक है नागरिकता ...

कोर्ट के बहुमत के फैसले में कहा गया कि असम में प्रवेश और नागरिकता प्रदान करने के लिए 25 मार्च, 1971 तक की समय सीमा सही है। नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी राज्य में विभिन्न जातीय समूहों की उपस्थिति का मतलब अनुच्छेद 29(1) का उल्लंघन कदापि नहीं है। धारा 6ए उन लोगों से संबंधित है जो संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आते हैं, यानी वे लोग जो 26 जुलाई 1949 के बाद प्रवास कर गए (या फिर से प्रवास किया)।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने फैसले के 94-पृष्ठ पर अपने मत में कहा कि नागरिकता से संबंधित कानून बनाने के लिए संसद की विधायी क्षमता पहली अनुसूची की प्रविष्टि 17 से जुड़ी है, न कि अनुच्छेद 11 से। उन्होंने कहा कि धारा 6ए का विधायी उद्देश्य भारतीय मूल के प्रवासियों की मानवीय जरूरतों और भारतीय राज्यों की आर्थिक तथा सांस्कृतिक जरूरतों पर प्रवास के प्रभाव के बीच संतुलन बनाना है। याचिकाकर्ता यह साबित करने में असफल रहे हैं कि धारा 6ए के प्रावधानों से असमियों की अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए कदम उठाने की क्षमता का उल्लंघन होता है। सीजेआई ने कहा कि धारा 6ए को भारत में प्रवासियों की आमद को कम करने और पहले से ही पलायन कर चुके लोगों से निपटने के उद्देश्य से शामिल किया गया था।

## स्पीड न्यूज

### सलमान खान के फार्म हाउस की जासूसी करने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के फार्म हाउस की जासूसी के मास्टरमाइंड सुख्खा सिंह को नवी मुंबई पुलिस ने गुरुवार को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। पनवेल पुलिस सुख्खा सिंह को मुंबई लाकर पूछताछ करेगी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितिन ठाकरे ने कहा कि हम ट्रांजिट रिमांड हासिल करने की प्रक्रिया में हैं और आगे की जांच करेंगे। पुलिस को शक है कि सुख्खा सिंह ने सलमान खान पर हमले की योजना बनाने और फार्म हाउस की टोह लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### कच्छ में भूकंप के झटके, दहशत

**भुज।** कच्छ जिले के कई क्षेत्रों में गुरुवार तड़के भूकंप के झटके आने से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप का केन्द्र कच्छ जिले के खवडा से 47 किलोमीटर दूर था। सिस्मोलॉजी विभाग के अनुसार रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4 दर्ज की गई है।

### राकांपा एपी नेता की 85 करोड़ की संपत्ति जब्त

**मुंबई।** इडी की टीम ने पुणे में शिवाजीराव भोसले बैंक घोटाला मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एपी) के नेता और जिला परिषद के पूर्व निर्माण अध्यक्ष मंगलदास बांदल की 85 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसके साथ ही पुणे में हनुमंत शंभाजी खेमधरे, सतीश और यतीश जाधव की संपत्ति भी जब्त की गई है।

### कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों का अनशन जारी

**कोलकाता।** सुरक्षा और न्याय की मांग को लेकर चल रहा जूनियर डॉक्टरों का अनशन गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। यह अनशन आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पोस्ट-ग्रेजुएट प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के मामले में न्याय और कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांगों को लेकर किया जा रहा है।

### बंगाल में एक और युवती का शव मिला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में 24 घंटे बाद एक नदी के किनारे से गुरुवार को एक और महिला का सिर कुचला हुआ शव बरामद किया गया। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पड़ोसी झारखंड के सीमावर्ती शहर पुरुलिया जिले के बुर्राबाजार इलाके में आज कुमारी नदी के किनारे से एक महिला (30) का चोटों के निशान और सिर कुचला हुआ शव बरामद किया गया जो रेत के नीचे दबा हुआ था।

### पाकिस्तान में विस्फोट तीन लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद के राजमार्ग पर हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी है जबकि दो अन्य घायल हो गये हैं। यातायात पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह दुर्घटना बुधवार रात को एम1 राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा के पास हुई, जहां एक यात्री वैन में विस्फोट हुआ। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये।

### बहराइच हिंसा में शामिल पांच गिरफ्तार

**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश के बहराइच स्थित महाराजगंज में हुए हत्याकांड में शामिल पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसमें दो लोगों को मुठभेड़ के दौरान पैरों में गोली लगी है। दोनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को महाराजगंज में एक युवक की गोली मार कर हत्या करने के मामले में गुरुवार को बहराइच पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। उनके नाम मोहम्मद फहीन (नामजद), मोहम्मद तालीम उर्फ सबलू, मोहम्मद सरफराज (नामजद), अब्दुल हमीद (नामजद) और मोहम्मद अफजल हैं।

# पार्टियों की रिपोर्ट कार्ड में झामुमो का सबसे बेहतर प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

▶▶ झारखंड गठन के बाद से झामुमो ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार किया




**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में जीत को ले कर सभी दल पूरी तैयारी में लग गये हैं। सभी इस प्रयास में हैं कि वे ज्यादा से ज्यादा सीटों पर लड़े और जीत हासिल करे। फिर चाहे वह झामुमो हो, भाजपा हो, कांग्रेस हो या फिर आजसू और जदयू। सब इसी प्रयास में जुट गये हैं। झारखंड में मुख्य मुकाबला झामुमो और भाजपा के बीच माना जा रहा है। झारखंड गठन के बाद से सभी दलों के प्रदर्शन की बात करें तो झामुमो ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार किया। हालांकि वोट परसेंटेज में जरूर उतार चढ़ाव हुए हैं लेकिन सीटों के मामले में झामुमो खुद को बेहतर साबित करता आया है।

**2005 में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी रही :** झारखंड गठन के बाद 2005 में पहली बार विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव में भाजपा 63 सीटों पर लड़ी, 30 सीटें हासिल की और सबसे बड़ी पार्टी बनी। उसका मत 23.57 प्रतिशत रहा। वहीं झामुमो 49 सीट पर लड़ कर 17 सीट जीतने में कामयाब रही। इनका वोटिंग परसेंटेज 14.29 प्रतिशत रहा। तीसरे नंबर पर कांग्रेस रही जिसने 41 सीटों पर चुनाव लड़ा और 12 प्रतिशत वोट के साथ सिर्फ 9 सीट ही जीत सकी। 2005 में आजसू पार्टी ने 40 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये और सिर्फ 2 पर ही जीत सकी।

**2009 में झामुमो ने भाजपा की बराबरी की :** 2009 के विधानसभा चुनाव भाजपा और झामुमो दोनों ने 18-18 सीटें हासिल की। भाजपा ने 67 सीटों पर लड़ कर 18 सीटें ला सकी। झामुमो इस चुनाव में 78 सीटों पर चुनाव लड़ा था। हालांकि वोट परसेंटेज की बात करें तो इसमें भाजपा, झामुमो से काफी बेहतर रही, बीजेपी को 20.18 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि झामुमो को 15.20 फीसदी मत मिले थे। दूसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी। कांग्रेस ने 61 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे जिसमें 14 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इन्होंने 16.16 प्रतिशत वोट हासिल किया था। आजसू पार्टी ने 54 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये थे लेकिन सिर्फ पांच पर ही जीत हासिल कर सकी।

**2014 में भाजपा-आसजू को मिला फायदा :** 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और आजसू ने गठबंधन किया और दोनों ने मिलकर 42 सीटें हासिल की। झारखंड में ये पहली बार था कि किसी गठबंधन ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था। इस चुनाव में भाजपा ने 72 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और 31.8 फीसदी वोट के साथ 37 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। वहीं आजसू पार्टी 8 सीटों पर लड़ी और 3.74 फीसदी वोट के साथ पांच पर उन्होंने जीत हासिल की। झामुमो ने इस चुनाव में 79 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे लेकिन 19 उम्मीदवार ही जीत हासिल कर सके। पार्टी को 20.78 फीसदी वोट मिले। वहीं कांग्रेस ने 62 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए और 10.64 फीसदी वोट के साथ 6 उम्मीदवार जीत हासिल करने में सफल रहे।

### 2019 में 30 सीट लाकर झामुमो सबसे बड़ी पार्टी बनीं थी

2019 के चुनाव में झामुमो, कांग्रेस और राजद ने गठबंधन किया और शानदार जीत हासिल की। इस चुनाव में महागठबंधन को 47 सीटें मिलीं। खास बात रही है कि इस चुनाव में झामुमो ने अपना सबसे बेहतर प्रदर्शन किया और 43 में से 30 सीटें जीतने में कामयाब रही। पार्टी ने 18.98 फीसदी वोट हासिल किये।. 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने 31 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे जिसमें 16 ने जीत हासिल की। इन्हें 14.07 प्रतिशत वोट मिले। सहयोगी दल राजद ने 7 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए लेकिन सिर्फ एक ही सीट जीत सकी। वहीं भाजपा ने 79 सीटों पर प्रत्याशी दिये और 25 सीट लाकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी। भाजपा को 33.83 प्रतिशत वोट मिले। इस चुनाव में आजसू पार्टी ने भी अपने दम पर चुनाव लड़ा और 53 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये लेकिन सिर्फ दो उम्मीदवार ही जीत हासिल कर सके। आजसू को 8.22 प्रतिशत वोट मिले।




# हमास चीफ सिनवार मारा गया

## सेंट्रल गाजा में इजराइली हमले में हमास के तीन सदस्य भी ढेर

एजेंसी



**तेलअवीव।** इजरायल के हवाई हमले में हमास चीफ याह्या सिनवार मारा गया। इजराइली मीडिया ने सेना के सीनियर अधिकारियों के हवाले से बताया कि सिनवार की मौत हो गई है। सेंट्रल गाजा में बुधवार को इजराइली हमले में हमास के 3 सदस्य मारे गए। इनमें से एक के याह्या सिनवार होने की खबरें हैं। इजराइली सेना ने भी कहा कि उन्हें एक इमारत में हमास के 3 लड़ाके होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एक रूटीन ऑपरेशन में उस पर स्ट्राइक की गई थी। मरने वालों के शव को देखा गया तो उनमें एक याह्या सिनवार का था। उसकी मौत की जांच के लिए डीएनए टेस्ट किया जा रहा है। सिनवार के शव की फोटोज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई हैं। इससे पहले भी सिनवार को मारने के लिए इजराइल ने कई कोशिशें की थी। हालांकि उसे नाकामयाबी ही हाथ लगी। उसकी मौत को लेकर पहले भी दावे होते रहे हैं। 23 सितंबर को भी सिनवार की मौत का दावा किया गया था। सोशल मीडिया पर लोग शव के दांत और उसकी घड़ी की तुलना कर दावा कर रहे हैं कि मारा गया शख्स सिनवार ही है। सोशल मीडिया पर लोग शव के दांत और उसकी घड़ी की तुलना कर दावा कर रहे हैं कि मारा गया शख्स सिनवार ही है। हमास का पूर्व चीफ इस्माइल हानियेह 31 जुलाई को ईरान में मारा गया था। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स ने उसकी मौत की पुष्टि की थी। आइआरजी ने बताया था कि तेहरान में हानियेह के ठिकाने पर रात 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4 बजे) मिसाइल से हमला किया गया था। इसमें हानियेह और उसके एक बॉडीगार्ड की मौत हो गई। हमास की टॉप लीडरशिप में सिनवार ही बचा था इजराइल पर पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमले के तीन अहम किरदार थे। इनमें पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानियेह, मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ के अलावा गाजा में हमास का लीडर याह्या सिनवार शामिल था। 31 जुलाई को ईरान में हानियेह की मौत के बाद सिनवार ही संगठन का नया चीफ बना था। वहीं हमास के मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ की 13 जुलाई को ही एक हवाई हमले में मौत हो गई थी, जिसकी पुष्टि 1 अगस्त को हुई थी। ऐसे में अब हमास की टॉप लीडरशिप में सिर्फ सिनवार ही बचा था। लिहाजा इजराइल का पूरा ध्यान इस वक्त सिनवार को ढूंढकर उसे मारने पर लगा हुआ था।

रिफ्यूजी कैंप में जन्मा, 22 साल जेल में रहा सिनवार नए हमास चीफ का पूरा नाम याह्या इब्राहिम हसन सिनवार है। उसका जन्म गाजा पट्टी के दक्षिणी इलाके में स्थित खान यूनिस के शरणार्थी कैंप में हुआ था। याह्या के मां-बाप अश्केलॉन के थे। 1948 में इजराइल की स्थापना हुई और हजारों फिलिस्तीनियों को उनके पुश्तैनी घरों से निकाला गया, तो याह्या के माता-पिता भी शरणार्थी बन गए थे। दो इजरायली सैनिकों और चार फिलिस्तीनियों का अपहरण और उनकी हत्या करने के आरोप में सिनवार को 1989 में गिरफ्तार किया गया था। उस वक्त याह्या की उम्र 19 साल थी। मुकदमा चला। बाद में उसे चार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गईं। हालांकि, 2011 में इजराइली सैनिक गिलाद शालिट के बदले में 1000 से ज्यादा कैदियों की अदला-बदली के दौरान सिनवार को भी रिहा कर दिया गया था। तब तक सिनवार करीब 22 साल जेल में बिता चुका था। खान यूनिस का कसाई कहलाता है सिनवार सिनवार को निर्मम हत्याएं करने के लिए जाना जाता है। सिनवार ने इजराइल के लिए जासूसी करने के शक में एक शख्स को उसके भाई के हाथों ही जिंदा दफन करवा दिया था।



### निकिता पोरवाल बनीं फेमिना मिस इंडिया

**मुंबई। मध्य प्रदेश की निकिता पोरवाल को फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 का ताज पहनाया गया है और वह मिस वर्ल्ड सौंदर्य प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। पोरवाल मध्य प्रदेश के उज्जैन में पली बढ़ी हैं। उन्हें बुधवार को आयोजित, सितारों से सजे कार्यक्रम में विजेता घोषित किया गया। दादरा एवं नगर हवेली की रेखा पांडे और गुजरात की आयुषी ढोलकिया को क्रमशः पहली और दूसरी रनर-अप घोषित किया गया। कार्यक्रम में 30 राज्यों की विजेताओं ने भाग लिया, जो मिस इंडिया के ताज के लिए फैशन, प्रतिभा और व्यक्तित्व आधारित कई दौर की प्रतिस्पर्धा से गुजरीं।**



पंचकूला में नायब सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

# सैनी बने हरियाणा के 11वें मुख्यमंत्री

एजेंसी

**प्रधानमंत्री की मौजूदगी में राज्यपाल ने दिलायी शपथ अनिल विज समेत 11 कैबिनेट और दो राज्यमंत्रियों ली शपथ**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लाडवा के विधायक नायब सैनी को 15वीं विधानसभा के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल ने 11 कैबिनेट और दो राज्यमंत्रियों को भी शपथ दिलाई।

पंचकूला के दशहरा मैदान में गुरुवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई कई राज्यों के मुख्यमंत्री और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। राज्यपाल दत्तात्रेय ने सबसे पहले नायब सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद प्रोटोकॉल के अनुसार नंबर दो पर अंबाला छावनी के विधायक अनिल विज ने बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ ग्रहण ली। इसके बाद तीसरे नंबर पर इसराना के विधायक कृष्ण लाल पंवार, चौथे नंबर पर बादशाहपुर के विधायक राव नरबीर सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। राज्यपाल ने पांचवें नंबर पर पानीपत ग्रामीण के विधायक महीपाल ढांडा, छठे नंबर पर फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल, सातवें नंबर पर गोहाना के विधायक डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, आठवें नंबर पर रादौर के विधायक श्याम सिंह राणा, नौवें नंबर पर बरवाला के विधायक रणबीर गंगवा, दसवें नंबर पर नरवाना से विधायक कृष्ण कुमार बेदी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद 11वें नंबर पर तोशाम से विधायक श्रुति चौधरी, 12वें नंबर पर अटेली से विधायक एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह राव, 13वें नंबर पर तिगांव हलके से विधायक राजेश नागर को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा 14वें नंबर पर पलवल के विधायक गौरव गौतम को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के पद पर शपथ दिलाई गई।

# भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था

## 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर : एसएंडपी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने हालांकि कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी ने कहा कि अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है।

**भारत की भूमिक अहम रहेगी :** एसएंडपी ने कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक जीडीपी की औसत वृद्धि दर 4.06 प्रतिशत रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह दर 1.59 प्रतिशत रहेगी। साल 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में लगभग 65 प्रतिशत का योगदान देंगे। इस वृद्धि में मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा। इनमें चीन, भारत, वियतनाम और फिलिपीन शामिल हैं।

### विश्व में सबसे तेज वृद्धि दर रहेगी : मूडीज




**नयी दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने गुरुवार को कहा कि भारत वर्ष 2024 में 7.2 प्रतिशत और वर्ष 2025 में 6.6 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। देश में अगले दशक में भी इसी तरह की उच्च वृद्धि दर बने रहने की संभावना है। मूडीज ने यह भी कहा कि भारत ने अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तेजी से बढ़ाई है लेकिन इसकी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती आबादी से कार्बन-बहुलता वाले उत्पादों की मांग बढ़ेगी। इसके अलावा परिवारों की आय बढ़ने से वाहन जैसे ईंधन-बहुल उत्पादों की मांग भी बढ़ेगी। मूडीज ने कार्बन बदलाव- भारत शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आबादी और औद्योगीकरण बढ़ने के साथ भारत की ऊर्जा जरूरतें भी बढ़ेंगी। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) के उत्सर्जन में भारत की हिस्सेदारी 2019 में 6.7 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2022 में 7.5 प्रतिशत हो गई।

### रेलवे : 60 दिन पहले खुलेगी रिजर्वेशन विंडो

**नयी दिल्ली ।** रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे के टिकट बुकिंग नियमों में बड़ा बदलाव किया है। रेलवे ने एक आधिकारिक आदेश में कहा है कि 1 नवंबर, 2024 से टिकटों के एडवांस आरक्षण की समय सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन कर दी गई है। इसमें यात्रा की तिथि को शामिल नहीं किया गया है।

रेलवे ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। टिकटों के एडवांस आरक्षण की अवधि में कमी का असर 31 अक्टूबर 2024 से पहले की गई बुकिंग पर भी नहीं पड़ेगा। 120 दिनों के एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) के तहत 31 अक्टूबर तक की सभी बुकिंग बरकरार रहेगी। नया नियम 1 नवंबर से होने वाली बुकिंग पर ही लागू होगा। रेलवे ने कहा कि एडवांस आरक्षण के लिए समय सीमा में कमी के बावजूद 60 दिनों के एआरपी से अधिक बुकिंग रद्द करने की अनुमति दी जाएगी।

